सुप्रभात
रांची, मंगलवार
27.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 342



12 2047 तक देश होगा सिकल सेल एनिमियामुक्त : डॉ मांडविया

### न्यूज डायरी

**विदेश से लौटते ही मोदी ने मणिपुर पर चर्चा की**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका, मिस्र की राजकीय यात्रा से लौटने के बाद पीएम मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों के बैठक में मणिपुर हिंसा की जानकारी ली। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण, हरदीप सिंह पुरी समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

**10 लाख का इनामी अरविंद भुइयां धराया**

**मेदिनीनगर।** झारखंड-बिहार सीमा पर मौजूद माओवादियों का एक टॉप कमांडर अरविंद भुइयां उर्फ मुखिया को बिहार से आये सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार कर लिया है। 10 लाख के इनामी अरविंद की निशानदेही पर पुलिस एवं सुरक्षाबलों ने एके 47 समेत आधुनिक हथियार बरामद किया है।

**श्रावण महीने में नहीं चलेगी वीआइपीगिरी**

**देवघर।** अगले माह के पहले सप्ताह से देवघर का विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू हो रहा है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख 3 जुलाई को दुम्मा बॉर्डर पर मेले का उद्घाटन करेंगे। इसे लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बाबा मंदिर की विधि और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस बार भी बाबा के दरबार में किसी को भी वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलेगा।

**इटकी में बिजली के झटके से हाथी की मौत**

**रांची।** बिजली के करंट से हाथी की एक हाथी की मौत हो गयी। यह हादसा इटकी प्रखंड के कुली गांव के पानफड़ा टोली के जंगल किनारे हुई। करंट लगने से घटनास्थल पर जंगली हाथी की मौत हो गयी। खबर मिलते ही घटनास्थल पर वन विभाग और पुलिस की टीम पहुंच गयी।

**डायन बिसाही में महिला की हत्या, 10 गिरफ्तार**

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के नगर चडरी टोली में डायन बिसाही के शक में महिला की हत्या मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिसई पुलिस ने सभी नामजद अभियुक्तों निरंजन उरांव उर्फ रंजन (24), मनोज उरांव (25), जीशु उरांव (19), अघनु उरांव (25), भैरो उरांव (28), शनि उरांव (26), बुधु उरांव (25), संदीप उरांव (19), सुकरो देवी (52) और लालमुनी देवी (20) को जेल भेज दिया।

**सबसे अधिक रेवेन्यू दे कर भी झारखंड पिछड़ा : सीएम**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्याप्त खनिज संपदा होने के बावजूद राज्य में विस्थापन की स्थिति है। झारखंड की खनिज संपदा से देश को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है, फिर भी हमारा राज्य पिछड़े राज्यों की श्रेणी में गिना जाता है। हमारी सरकार खनिज संपदाओं के अतिरिक्त कई ऐसे क्षेत्रों पर बेहतर कार्य योजना तैयार करते हुए रोजगार का साधन बढ़ाने का कार्य कर रही है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

**कैबिनेट : पिछड़ा आयोग को निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने का जिम्मा**

# राज्य के 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों के लिए 4069 पद सृजित

- अब नामकुम में अब बनेगा अपोलो अस्पताल, 2.75 एकड़ की मंजूरी
- अजीम प्रेमजी मेडिकल कॉलेज को डेढ़ सौ एकड़ मिली जमीन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में 4069 पद सृजित किये गये, जिसमें बहाली की जायेगी। इसके तहत 1890 लिपिक और 2079 कर्मी होंगे। इसके अलावा प्रधानाध्यापक के भी पद होंगे। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई सोमवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने झारखंड राज्य दिव्यांग अधिकार नियमावली 2023 को बनाने की भी स्वीकृति दी है।

बैठक में राज्य पिछड़ा आयोग के गठन की स्वीकृति दी गयी। नगर निकाय चुनाव के कराने के पहले ओबीसी आरक्षण के लिए पूरे राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने पर निर्णय हुआ। राज्य पिछड़ा आयोग को ही इसकी जिम्मेवारी दी गयी। आयोग पूरे राज्य में सर्वे करके सरकार को रिपोर्ट देगी जिसके आधार पर ही निकाय चुनाव कराये जायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

**श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के मास्टर प्लान में संशोधन**



मंत्रिपरिषद ने रांची मास्टर प्लान 2037 में संशोधन किया है और एचईसी के कुटे के मौजा लाबेद में कुल रकबा 24.59 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित स्थल से गुजरने वाली रांची मास्टर प्लान 2037 के सड़क की चौड़ाई 60 फीट के स्थान को परिवर्तित कर दिया है। इस मौजा में श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के भवन के जमीन दी जायेगी। पूर्व में या स्थल सड़क, स्पोर्ट्स कंपलेक्स पाक इत्यादि के लिए प्रस्तावित था। इसे अब बदलकर गवर्नमेंट या सेमी गवर्नमेंट ऑफिस के निर्माण के लिए दिया जायेगा।

**पिछड़ा आयोग के गठन को भी मिली मंजूरी**

मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य पिछड़ा आयोग के गठन की स्वीकृति दी गई। इस बैठक में ही नगर निकाय चुनाव के कराने के पहले ओबीसी आरक्षण के लिए पूरे राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने पर निर्णय हुआ। राज्य पिछड़ा आयोग को ही इसकी जिम्मेवारी दी गई। आयोग पूरे राज्य में सर्वे करके सरकार को रिपोर्ट देगी जिसके आधार पर ही निकाय चुनाव कराये जायेंगे।

**अपोलो अस्पताल के लिए डोरंडा के घाघरा में दी गयी जमीन**

रांची नगर निगम ने डोरंडा के घाघरा में दिये गये 2.83 एकड़ भूमि के आवंटन को रद्द करते हुए नामकुम अंचल के कल्याणपुर मौजा में 2.75 एकड़ जमीन अपोलो अस्पताल बनाने के लिए लीज पर देने की मंजूरी दी है। ये जमीन 99 वर्षों के लिए अपोलो अस्पताल को मिलेगी। इसके लिए 12.52 करोड़ रुपए लिये जायेंगे। लीज समाप्ति के बाद उस वक्त के बाजार मूल्य से 10 फीसदी राशि लेकर फिर से लीज का नवीकरण किया जायेगा। डोरंडा के घाघरा में अस्पताल निर्माण के लिए रास्ता नहीं मिलने की वजह से अपोलो प्रबंधन ने राज्य सरकार से दूसरी जगह जमीन आवंटित करने का आग्रह किया था।

# रांची-पटना तैयार, आज से दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

**पीएम मोदी पांच ट्रेनों का करेंगे ऑनलाइन शुभारंभ**



- झारखंड को मिलेगी आज पहली वंदे भारत ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड और बिहार के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन की मंगलवार से की शुरुआत होने जा रही है। रांची-पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन मंगलवार को पीएम मोदी ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर करेंगे। इसके बाद रांची रेलवे स्टेशन से ट्रेन पटना के लिए रवाना हो जायेगी।

उद्धघाटन समारोह से पहले रांची रेलवे स्टेशन पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंगलवार को पीएम पांच वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे। इनमें हटिया-पटना, रानी कमलापति- जबलपुर, खजुराहो-भोपाल-इंदौर, मडगांव-मुंबई, धारवाड़-बेंगलुरू शामिल हैं। इस मौके पर समारोह में स्टेशन पर झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। मंडल डीआरएम ने दोनों से भेंट कर उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा है।

**रांची में तैयारी पूरी :** रांची रेलवे स्टेशन के सीपीआरओ ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9:45 बजे पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत ट्रेन को रवाना करेंगे। इसको लेकर सोमवार को रेलवे एवं जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन सहित कई विधायक और सांसद भी अतिथि के रूप में मौजूद होंगे। उदघाटन की पूर्व संध्या पर रांची रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई के काम में तेजी देखी गयी। इसके अलावा वॉल पेंटिंग भी की गयी है ताकि स्टेशन ज्यादा से ज्यादा खूबसूरत दिख सके।

**सुरक्षा भी कड़ी :** वहीं रांची रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर भी अधिकारी मुस्तैद दिखे। रेलवे सुरक्षा बल के साथ-साथ जिला पुलिस बल को भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। ट्रेन को लो कर लोगों में भी काफी उत्साह है। उद्घाटन के बाद 28 जून से वंदे भारत का सप्ताह में 6 दिन पटना रांची रूट पर परिचालन किया जायेगा। रांची से पटना के लिए अभी से ही ट्रेन की सभी सीटें बुक हो चुकी हैं। वंदे भारत ट्रेन मेक इन इंडिया के तहत तैयार की गयी है।

# मिली रिमांड, इडी अब वीरेंद्र के तीनों मददगारों से पांच दिन करेगी पूछताछ

**सदर सीओ को बुलाकर इडी ने दस्तावेज खंगाले, आज होगी हामिद से पूछताछ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में गिरफ्तार नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता एवं राम प्रकाश भाटिया से अब पांच दिन तक इडी पूछताछ करेगी। सोमवार को विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पूछताछ के लिए छह दिन की ईडी रिमांड पर लेने का आवेदन दिया। उन्हें पांच पांच दिन की रिमांड मिली। वहीं सोमवार को इडी ने सदर सीओ अमित भगत को चेशायर होम के जमीन दस्तावेज के साथ अपने जोनल कार्यालय बुलाया। चेशायर होम रोड के चार एकड़ 83 डिसिमिल जमीन के दस्तावेज के साथ पहुंचे, जिसकी इडी ने जांच पड़ताल की। वहीं केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अंसारी से इडी 27 को पूछताछ करेगी।

(शेष पेज 11 पर)

**मित्तल, ताराचंद और भाटिया की पेशी**



कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील शिव कुमार काका ने पक्ष रखते हुए कहा कि वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को खपाने में इन तीनों में सहायता की है। पूछताछ के बाद कई और जानकारी सामने आयेगी। छह दिन की ईडी रिमांड पर देने का अनुरोध किया। अदालत ने पांच दिन की ईडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति प्रदान की। तीनों आरोपी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है। ईडी टीम तीनों को मंगलवार की सुबह जेल से अपने साथ पूछताछ के लिए ले जायेगी। पूछताछ की अवधि पूरी होने के बाद एक जुलाई को अदालत में तीनों आरोपियों के पेश किया जायेगा।

# पंकज मिश्रा के करीबी बजरंगी यादव का माइंस व क्रशर सील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/साहिबगंज।** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी बजरंगी प्रसाद यादव के स्टोन क्रशर व माइंस को सील कर दिया है। इस बाबत सदर एसडीओ राहुल जी आनंद जी ने जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी को खान एवं खनिज विकास एवं विनियम 1957 की घारा 04(1) एवं 1ए एवं उक्त अधिनियम की घारा 21ए 21 (6) तथा झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 04 एंव 54 झारखंड मिनरल्स (प्रीवेंशन आफ इंलिगल माईनिंग ) ट्रांसपोर्टंस एंड स्टोरेज रूल्स 2017 के नियम 7 एंव 9 तथा भारतीय दंड संहिता की घारा 379, 175, 414 के अन्तर्गत प्राथमिकी भी दर्ज करायी है।

(शेष पेज 11 पर)

**पाक को राजनाथ की दो टूक**

# पीओके भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा

एजेंसी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पाकिस्तान से दो टूक शब्दों में कहा कि पीओके भारत का हिस्सा था, है और आगे भी रहेग। रक्षा मंत्री सोमवार को जम्मू में नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को पीओके में ज्यादा कुछ करने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में जो जुल्म ढाया जा रहा है, उसी से मांग उठेगी कि हमको भारत में मिलना है। हमारी संसद में पीओके को लेकर एक सर्व सम्मत प्रस्ताव पारित है। पीओके भारत का हिस्सा था, है और आगे भी रहेगा।



**पीओके हमारा है :** राजनाथ सिंह ने कहा कि पीओके के लोग देख रहे हैं कि भारत के जम्मू-कश्मीर में रह रहे लोग अमन और चैन की जिंदगी बिता रहे हैं। जबकि, पीओके में पाकिस्तान सरकार लोगों पर जुल्म पर जुल्म और नाइंसाफी करती है। इससे वहां के लोगों को तकलीफ है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, पीओके पर सिर्फ गैर कानूनी कब्जा कर लेने से पाकिस्तान का अधिकार नहीं बन जाता। पीओके भारत का हिस्सा है और इसे लेकर संसद में तीन प्रस्ताव पारित हो चुके हैं। राजनाथ ने कहा कि आपने भी कई बार देखा होगा, पीओके के लोग पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हैं।

**अग्रवाल बंधु हत्याकांड में तीनों दोषी करार**

**रांची।** लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को मुख्य आरोपी लोकेश चौधरी समेत अन्य आरोपी सुनील कुमार उर्फ सुनील सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार तिवारी को दोषी करार दिया। वहीं रविशंकर लाल को मामले में बरी कर दिया। कोर्ट ने 30 जून को सजा के बिंदुओं पर सुनवाई करने का एलान किया। गौरतलब हो कि लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर हत्या कर दी थी। अरगोड़ा थाना के प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

# भाजपा के इशारे पर काम कर रहा राजभवन : स्पीकर

**झारखंड राजभवन की कार्यशैली पर सियासत**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबिंद्रनाथ महतो ने राजभवन के काम-काज पर बड़ा सवाल उठाया है। स्पीकर ने आरोप लगाया है कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। ये आरोप स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने सरना कोड और 1932 के खतियान को लेकर लगाया है। जेएमएम के एक कार्यक्रम में स्पीकर ने सीधे तौर पर राजभवन के काम-काज पर सवाल उठाया। उसके बाद उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट भी किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि विधान सभा मे विशेष सत्र बुलाकर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधान सभा से पारित कर राजभवन को भेजा। लेकिन राजभवन से बिल को लौटाया गया। 1932 का खतियान को विधान सभा से पारित कर राजभवन को भेजा, जो वो भी लौटा दिया गया।

(शेष पेज 11 पर)

**राजभवन पर झामुमो और भाजपा आमने-सामने**



विधानसभाध्यक्ष से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने राजभवन पर सवाल खड़ा करते हुए भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था। इसके तुरंत बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने जिस तरह से झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर पार्टी नेता बयान दिया है और उसके बाद ट्विटर के माध्यम से इसे सार्वजनिक की है उससे कहीं ना कहीं राजभवन और राज्य सरकार के बीच की दूरी बढ़ाने का काम किया है। इधर, भाजपा, झामुमो के द्वारा लगाए जा रहे आरोप को खारिज करती रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा का मानना है कि राज्यपाल एक संवैधानिक अधिकार संपन्न पद है जो राज्य का दौरा कर जमीनी सच्चाई जान सकते हैं। मगर इस दौरान जब हकीकत सामने आता है तो इनकी नाराजगी बढ़ने लगती है। बहरहाल आरोप प्रत्यारोप के बीच एक बार फिर राजभवन की कार्यशैली पर सियासत जारी है।



# पूरे झारखंड में छाया मॉनसून सिमडेगा में सर्वाधिक बारिश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब मानसून पूरी तरह से दस्तक दे चुका है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक राजधानी रांची सहित आसपास के जिलों में जमकर बारिश हुई। रांची में सुबह से ही बादल छाए थे और रुक-रुककर बारिश होती रही। रांची के अधिकांश इलाकों में ठंडी हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने से लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली है। मौसम विभाग ने पहले ही कहा था कि 25-27 जून तक पूरे झारखंड में मानसून छा जाएगा। झारखंड में अभी तक औसत 54.4 मिमी बारिश हुई है, जबकि 149.8 मिमी बारिश होनी चाहिए थी। पिछले साल पूरे वर्षात में 817.6 मिमी बारिश हुई थी।

झारखंड में पिछले 10 वर्षों में बारिश

| वर्ष | मिमी में | | |
|---|---|---|---|
| 2013 - | 844.9 | 2018- | 785 |
| 2014- | 930.3 | 2019- | 858.9 |
| 2015- | 941.9 | 2020- | 902.4 |
| 2016- | 1101.8 | 2021 - | 1041.5 |
| 2017- | 988.1 | 2023- अबतक 54.4मिमी | |
| | | 2022- | 817.6 |

**बीते 24 घंटे में कहां कितनी बारिश हुई :** पिछले 24 घंटे में झारखंड में सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। जबकि कहीं-कहीं भारी बारिश भी दर्ज की गई। राज्य में मॉनसून की सक्रियता सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा 122.6 मिमी सिमडेगा में दर्ज की गई। वहीं सबसे अधिक तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज का रहा। सबसे कम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया।

## अफसर अली और फैयाज पर एफआइआर के लिए इडी ने सरकार को लिखा पत्र

# जमीन घोटाला मामले में शहर के एक डीएसपी पर भी गिर सकती है गाज !

- जमीन घोटाला में अफसु खान ने परिचितों के नाम पर बनाया था जाली दस्तावेज
- महिलाओं के नाम पर बने थे फर्जी वोटर कार्ड
- सीआई भानु पर पहले ही दर्ज हो चुकी है प्राथमिकी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चेशायर होम रोड की जमीन चार एकड़ 83 डिसिमिल जमीन के मामले में शहर के एक डीएसपी पर भी गाज गिर सकती है। इडी को सूचना मिली कि उक्त डीएसपी के द्वारा जमीन दलालों से 20 लाख कैश लेकर उक्त जमीन की बाउंड्री करायी गयी है। इधर, इडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री मामले में अफसर अली उर्फ अफसू खान और फैयाज खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा है। राज्य सरकार के निर्देश पर रांची पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इडी ने जांच में मिले तथ्यों को पीएमएलए की धारा-66(2) के तहत राज्य सरकार के साथ साझा किया है। इसी मामले में इडी द्वारा साझा की गयी सूचना के आलोक में राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है।

**परिचित महिलाओं को बनाया था अपना ग्राहक :** पूछताछ के दौरान अफसर अली ने यह स्वीकार किया है कि उसके घर से मिले सभी दस्तावेज जालसाजी कर तैयार किये गये हैं। इसके घर से जिन लोगों के वोटर आइडी, आधार और पैन मिले हैं उसमें विभिन्न समुदाय के लोगों के नाम शामिल हैं। ऐसे लोगों में अमीरुद्दीन अंसारी, जमील अंसारी, खुर्शीद आलम, सुबोध कुमार सोरेंग, शैलेष टोप्पो, मनीष टोप्पो, रिजवान अंसारी, परवेज अली, समीरा परवीन, विद्या डुंगडुंग, निशा रानी, पवित्र मोहन, राजीव राय, सुनीता कुमारी, नूर सबा, राहेला रूही, सालेहा परवीन, रूमी तबस्सुम, रईस खान, सबीहा परवीन सहित अन्य शामिल है।

**13 अप्रैल को हुई थी छापेमारी :** इडी की ओर से राज्य सरकार को भेजे गये पत्र में कहा गया कि दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद- बिक्री के मामले में 13 अप्रैल 2023 को सरकारी अधिकारियों और जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी। इस दौरान दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में सरगना के रूप में चिन्हित किये गये अफसर अली उर्फ अफसू खान के घर से 35 सेल डीड मिले थे। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड जब्त किये गये थे।

## डेढ़ लाख में बिका बादशाह



**रांची। 29 जून को बकरीद है। राजधानी रांची में बकरा बाजार डॉक्टर फत्तेउल्लाह रोड के समीप सजने लगा है। बाजार में 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक के बकरे उपलब्ध हैं। सबसे ज्यादा मांग 20 हजार से लेकर 30 हजार तक के बकरे की है। बकरे की साइज के हिसाब से उसकी कीमत तय की जा रही है।**

## खबर एक नजर में

### अरगोड़ा में दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोरी

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक फ्लैट का ताला तोड़कर दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अशोक नगर रोड नंबर 5 में सोमवार को 11 से 12 बजे के बीच घटना को अंजाम दिया गया है। गृहस्वामी बैजनाथ पांडे के घर से लाखों के जेवरात और 20 हजार नगद लेकर चोर फरार हो गए। बैजनाथ पांडे 11 बजे वह अपनी पत्नी के साथ बेटी के स्कूल गुरुनानक गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद अरगोड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज अपराधियों की पहचान में जुट गई है।

### लूट-छिनतई मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने दर्जनों घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक अवैध देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, दो मोबाइल, एक स्कूटी सहित फर्जी आधार कार्ड बरामद की गई है। इन गिरोह के द्वारा विगत 2 वर्षों से अलग अलग इलाकों में दर्जनों छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया है। गिरोह मॉर्निंग वॉक पर जाने वाली महिलाओं पर ज्यादा नजर रखता था और मौका मिलते ही चैन छिनतई कर फरार हो जाया करते थे। गिरोह के द्वारा अक्सर बैंक के बाहर वैसे लोगों की पहचान कर छिनतई करते थे जो बैंक से बड़ी रकम निकाल कर जा रहे होते थे। हाल ही के दिनों में बीएयू के कर्मचारी से चार लाख की छिनतई हुई थी। इस घटना को भी इन्हीं अपराधियो के द्वारा अंजाम दिया गया था।

### इंटरमीडिएट शिक्षक संघ ने किया विरोध प्रदर्शन



**रांची।** इंटरमीडिएट शिक्षक संघ की ओर से झारखंड के 62 कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद होने के कारण सभी महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट शिक्षक संघ की ओर से सोमवार को काला रिबन लगाकर विरोध किया। संघ के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि सरकार से इंटरमीडिएट शिक्षक संघ आग्रह करता है कि जल्द से जल्द एक नोटिस निकाल जाए और एडमिशन चालू किया जाए और अगर सरकार नहीं सुनती है तो इंटरमीडिएट शिक्षक संघ पूरे राज्य के कॉलेजों में तालाबंदी करेगा।

### 20 पेटी नकली शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रांची।** उत्पाद विभाग ने रांची के नगड़ी में छापेमारी कर करीब 20 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग ने छापेमारी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में ये बातें भी सामने आई है कि बड़े ब्रांड की लेबलिंग कर नकली शराब बेचे जा रहे थे। तकरीबन 20 पेटी विदेशी शराब का बाजार मूल्य लगभग 1.5 लाख बताया जा रहा है। इसके साथ ही देशी शराब भी बरामद किये गए हैं। इनसे पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने मनाया अपना 43वां स्थापना दिवस समारोह

# राज्यपाल ने छात्रों को बेसिक कोर्स के अलावा ई-बुक व इंटरनेट से अधिक ज्ञान हासिल करने और प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने की दी सलाह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने सोमवार को 43वां स्थापना दिवस मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ठ अतिथि कृषि मंत्री बादल, कांके विधायक समरी लाल एवं कुलपति डॉ ओएन सिंह ने परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर राज्यपाल ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से हाल में किये गये एमओयू को काफी सकारात्मक पहल बताया और अन्य संस्थानों से नये विषय और शोध को साझा करने एवं आपसी सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को बढ़िया शोध विकसित करने और पूरे विश्वास के साथ कृषि तकनीकी को किसानों तक हस्तांतरण की बात कही। छात्रों को बेसिक कोर्स के अलावा ई बुक एवं इन्टरनेट से अधिक ज्ञान हासिल करने और प्रशासनिक सेवा की तैयारी को कहा। राज्यपाल ने कहा कि संस्थानों में संसाधनों का विकास एक प्रक्रिया है। संसाधनों का समाज हित में अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के नाम से स्थापित बीएयू का राज्य के कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने वयोवृद्ध प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सदा सम्मान देने और कुलपति की पहल की सराहना की। इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में राज्य एवं केंद्र सरकार के मध्य बेहतर सेतु बन कर मेरा हरसंभव सहयोग होगा।

**राज्य में पशुपालन एवं फिशरीज क्षेत्र में काफी संभावनाएं : बादल**
बतौर विशिष्ठ अतिथि कृषि मंत्री बादल ने कुलपति डॉ ओएन सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय द्वारा विगत तीन वर्षों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों को सराहा। कहा कि राज्य में पशुपालन एवं फिशरीज क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं में तकनीकी मार्गदर्शन के लिए वेटनरी यूनिवर्सिटी एवं फिशरीज यूनिवर्सिटी की स्थापना की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरकार को हरसंभव सहयोग कर रही है। सरकार ने विवि परिसर में अब्दुल कलाम के नाम से वृहद् ऑडिटोरियम स्थापना की भी स्वीकृति दे दी है। मौके पर कांके विधायक समरी लाल ने हाल के वर्षों में बीएयू द्वारा देश-विदेश में कांके क्षेत्र का नाम रौशन करने पर प्रसन्नता जतायी।

कुलपति डॉ ओएन सिंह ने विगत तीन वर्षों में बीएयू की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

## 3 जुलाई को 60:40 नाय चलतो महासंगोष्ठी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने सोमवार को आंदोलन की रूप की जानकारी दी। मौके पर जेएसएसयू प्रमुख देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि राज्य सरकार 60:40 नाय चलतो को नजर अंदाज करते हुए बाहरियों को सरकारी नौकरी देने के उद्देश्य से लगातार विज्ञापन जारी कर रही है, जो झारखंडियों के लिए दुर्भाग्य है। ऐसे में 60-40 हक मार नीति को वापस करने को लेकर आंदोलन का मूल्यांकन और आगे की रणनीति बनाने को लेकर रांची में महासंगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पांचों प्रमंडल के 24 जिलों के आंदोलनकारी नेतृत्वकर्ता शामिल होंगे।

## घर में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा पांच आरोपी गिरफ्तार व सोना-चांदी जब्त

**रांची।** रांची पुलिस की टीम ने राजधानी में सक्रिय चोर गिरोह का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह गिरोह रामगढ़ जिला से संचालित है। रात में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी वापस अपने घर रामगढ़ लौट जाते हैं। गिरफ्तार आरोपियों में बच्च पासी, बबलू गोस्वामी उर्फ बबलू गुलगुलिया, कुमेश महतो उर्फ उमेश महतो उर्फ अक्षय कुमार, बढ़न साव और बधि सिंह पासी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी के सोने के जेवरात, चांदी के जेवरात समेत अन्य कई सामान मिले है।



## स्पीड न्यूज

### बिजली करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत, सड़क जाम



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर के बारा ग्राम निवासी पप्पू भुईयां पिता स्व० पन्नू भुइयां की मौत बिजली करंट तार की चपेट में आने से रविवार की दोपहर हो गई। मृतक पप्पू प्रखंड के सहरसवा गांव के जन वितरण प्रणाली के डीलर रामस्वरूप साव घर एफसीआई का राशन उतारने के क्रम में इनके घर के सामने लटक रहे हाई वोल्टेज बिजली तार के संपर्क में आ गया। मालूम हो कि पप्पू एफसीआई छतरपुर गोदाम में मजदूर का काम करता था। हर महीने गरीबों को मिलने वाला राशन गोदाम से गाड़ी पर लोड कर डीलरों के घर पहुंचाने का कार्य करता था। घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने शव को सड़क के बीचो-बीच रखकर सड़क जाम कर दी जिससे आवागमन घंटों बाधित रहा। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ मुदस्सर नजर मंजूरी एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ साथ छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार तथा सब इंस्पेक्टर रमेश चंद हजाम अपने दल बल के साथ स्थल पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा ठेकेदार एवं डीलर पर भी नारों के माध्यम से रोष दिखाई। सीओ ने सरकारी प्रावधानों के अनुरूप लाभ दिलाने के आश्वासन के साथ समझा-बुझाकर आवागमन सामान्य किया।

### विधायक पुष्पा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान



**पाटन पलामू।** 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के तहत सोमवार को पाटन मंडल के पाटन बाजार पांडेपुरा के साथ साथ किशुनपुर बाजार में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। महा जनसंपर्क अभियान में लोगों से मिलते हुए और देश की येशस्वी प्रधानमंत्री जी के द्वारा जनहित में चलाए जाने वाले गरीब कल्याण योजना के बारे में जानकारी बताया गया। महा जनसंपर्क अभियान में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक तिवारी, भाजपा पाटन मंडल महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, महामंत्री शांति पांडेय, मंडल भाजपा उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह जेलेंद्र यादव, राधेश्याम मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्ष पाटन अभिषेक कुमार सिंह, भाजपा पाटन मंडल कोषाध्यक्ष बबल प्रसाद, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गौतम सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी, भाजपा मंडल कार्यसमिति सदस्य पारस सिंह, मिथिलेश सिंह, भाजपा नेत्री सुजाता सिंह, नीलम कुमारी, नीलमा झा, उमेश सिंह, राजू कलाकार, मुकेश ठाकुर, प्रमोद गिरी, महेश कश्यप, रिकी प्रसाद समेत कई पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

### पिता की पुण्यस्मृति में मंदिर निर्माण के लिए दिया भूमि



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के बासडीह पंचायत अंतर्गत सुकरी गांव में कामता प्रसाद ने अपने पिता स्व. रामवृक्ष साव की पुण्य स्मृति में ब्रह्मास्थान के पास मंदिर निर्माण के लिए 15 डिसमिल जमीन दान दिया है। इसके अलावे उन्होंने अपने दिवंगत पिता की मूर्ति स्थापित कर चबूतरा निर्माण के लिए एक कठा जमीन दान दिया है। ग्रामीणों के सहयोग से चबूतरा का निर्माण किया जायेगा। इसे लेकर ब्रह्मस्थान पर पूजा अर्चना की गई। मौके पर कामता प्रसाद के अलावे बासडीह पंचायत के उपमुखिया पति मुन्ना चौधरी, लाल बहादुर चौरसिया, गोबिंद चौरसिया, सुरेश महतो, ललन चौरसिया, मंगरू भुइया, बीरबल महतो, धनेश चौरसिया, बिश्राम महतो, सुनील चौरसिया, बृन्दा महतो एवं रामजी राम समेत लोग उपस्थित थे।

### सांसद व विधायक चैन की नींद सो रहे हैं और जनता समस्याओं से जूझ रही है: बिट्टू




**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि मिशन 2024 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कांग्रेस कई तरह की गतिविधियां संचालित किया है। जिले के सभी प्रखंडों में पार्टी एवं प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सक्रिय हैं। जिलाध्यक्ष पाठक ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों से आम जनता त्रस्त है। सत्ता हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता से किए गए वादों को नही पूरा किया। भाजपा के नेता सत्ता के भूखे हैं। जनसेवा के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा के सांसद बीडी राम एवं स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया चैन की नींद सो रहे हैं और जनता समस्याओं से जूझ रही है। भाजपा के जनविरोधी नीतियों और कार्यों से जनता में आक्रोश है। कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में महिला संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है। मंगलवार को महिला कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक आहूत किया गया है। स्थानीय परिसदन के सभागार में दोपहर दो बजे से बैठक शुरू होगी। मुख्य अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह भाग लेंगी। प्रेस कांफ्रेंस में जितेंद्र कमलापुरी, पिंटू सिंह, सुनील चौहान मौजूद थे।

### आईआईआईटी और युवा सदन ने किया सीएसआर सेल गठित

**मेदिनीनगर।** आईआईआईटी रांची और युवा सदन के बीच बैठक में सीएसआर कॉन्क्लेव कराने की सहमति हुई। 14- 15 जुलाई को दो दिवसीय सीएसआर कॉन्क्लेव होना सुनिश्चित हुआ। मौके पर आईआईआईटी रांची के डायरेक्टर प्रो. विष्णु प्रिय ने कहा कि ये कॉन्क्लेव सीएसआर के क्षेत्र में आपार संभावना को तलासने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। युवा सदन के अध्यक्ष आकाश पाण्डेय और डायरेक्टर कृशानु आनंद ने कहा कि सीएसआर कॉन्क्लेव में कंपनीज और नॉन प्रॉफिट संस्था दोनो सम्मलित हो सकते है। उन्होंने बताया की लगभग 20 कंपनियों ने अपने आने की सहमति दे दी है और लगभग 100 से ज्यादा गैर लाभकारी संगठन सम्मिलित होंगे जो राज्य और देश के अलग अलग हिस्सों से होंगे। सीएसआर सेल के संरक्षक जितेंद्र मिश्रा ने बताया की सीएसआर कॉन्क्लेव में झारखंड और बाहर के एनजीओ और सामाजिक संस्था दोनो रजिस्टर करे सकते है। रजिस्ट्रेशन लिंक युवा सदन और आईआईआईटी रांची के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया सामूहिक विरोध



**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने सामूहिक रूप से काला बिल्ला लगाकर सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध किया। विदित हो कि झारखंड में नई शिक्षा नीति के आलोक में झारखंड के 62 अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई रोक दी गई है। अभी झारखंड में मौजूदा आलम यह है कि लाखों की संख्या में ग्रामीण एवं शहरी परिवेश के बच्चे इधर-उधर नामांकन की तलाश में भटक रहे हैं। उनका सुध लेने वाला पूरे झारखंड में न कोई अधिकारी है न कोई मंत्री। अगर मौजूदा सत्र में नामांकन शुरू नहीं की जाती है तो पूरे राज्य भर के लगभग लाखों विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित रह जाएंगे एंव 5000 की संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारीगण अपने 20,000 परिवार के सदस्य सहित बेरोजगार हो जाएंगे। संघ के कमलेश पांडेय ने कहा झारखंड के +2 विद्यालयों में लगभग 11 विषयों के शिक्षक नहीं है और निजी इंटरमीडिएट कॉलेज का शुल्क काफी अधिक होता है।

## इमरजेंसी के दौरान नैतिकता और कानून को ताक पर रख दी गई यातनाएं : सांसद बीडीराम

आपातकाल विरोध दिवस को भाजपा ने किया प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन

आपातकाल के काला इतिहास को जन सिसक जाति है आज की पीढ़ी, विधायक आलोक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेलिब्रेशन हॉल में आपातकाल विरोध दिवस को भाजपा द्वारा प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन कर इमरजेंसी के दौरान जेल गए रवि शंकर पांडेय, प्रो सिद्धेश्वर प्रसाद, अरुण कुमार प्रसाद, अशोक सिंह, प्रमोद बिहारी शुक्ला और दामोदर सिंह को अंग- वस्त्र, शॉल, माला देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित विजयानंद सरस्वती, हरिवंश प्रभात, दूदया नंद पाठक, राजनाथ तिवारी, रामधनी पांडेय, बलराम तिवारी, विजय नारायण पांडे, प्रो सुभाष चंद्र मिश्र, श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, अखिलेश्वर प्रसाद एवं शिवनाथ अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान नैतिकता और कानून को ताक में रखकर लोगों को यातनाएं देने का कार्य किया गया जिसे कहीं से भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। देश बदल रहा है प्रधानमंत्री मोदी जी की कार्यकुशलता एवं विश्वसनीयता देश दुनिया में बढ़ रही है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि आपातकाल के समय की सरकार में लोगों के साथ जिस प्रकार का दुर्व्यवहार किया इसे जानकर बहुत ही पीड़ा होती है। आंदोलनों को जिस तरह दमनकारी व्यवस्था से कुचला गया लोगों की आवाज दबाई गई। सम्मेलन को श्याम नारायण दुबे, विनय जयसवाल, रवि शंकर पांडेय आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विभाकर नारायण पांडेया, अविनाश वर्मा विजय ओझा बिपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडेय अजय तिवारी शिव कुमार मिश्रा छोटू सिन्हा सुनील तिवारी संजय कुमार नंदलाल गुप्ता सीटू गुप्ता रूपा सिंह सुनीता सिंह रीना किशोर सुमन देवी गायत्री देवी, विजय नारायण पांडेय, अविनाश कुमार वर्मा, दुर्गा जोहरी, अजय कुमार तिवारी, शिक्षाविद प्रोफेसर एस सी मिश्रा, विजय ओझा, महामंत्री सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री पहुंचे पलामू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री रामशंकर शिंदे पहुंचे पलामू। महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर किया जनसंपर्क। उन्होंने परिसदन में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि देश आजादी के बाद पहला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए हैं। जिनका 9 वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल साबित हो रहा है। 9 वर्ष में भारत विश्व के मानचित्र पर मजबूती के साथ स्थापित होने में सफल हुआ है। इतना ही नहीं भारत विश्व का पांचवा अर्थव्यवस्था वाला देश बना गया है। इससे देशवासी अपने आप को काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। पूरे विश्व में भारत डिजिटल के क्षेत्र में पहला देश बना गया है। यह मोदी सरकार का ही दिन है जिससे भारतवासी डिजिटल के माध्यम से अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार को समावेसी की सरकार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश के हर एक वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। जब पूरा विश्व कोरोना संक्रमण काल से जूझ रहा था। उस समय गरीब, किसान, मजदूरों को रोजी रोटी की चिंता हो गई थी। उस विकट परिस्थिति में पीएम ने गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री वितरण पूरे देश में किया गया।

## हम मिलकर ऐसा वातावरण बनायें कि बच्चे नियमित स्कूल जायें : उपायुक्त

### जिला स्तरीय 'स्कूल रूआर-2023 बैठक'

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के योजना अनुसार स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में जिला स्तरीय 'स्कूल रूआर-2023 बैठक' का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पलामू आंजनेयुलु डोड्डे ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त पलामू के साथ पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, पलामू डी.ई.ओ., पलामू डी.एस.ई., विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि रामचन्द्र यादव, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, पांकी विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता व पाटन विधायक प्रतिनिधि अरूण दूबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने किया। जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे ने कहा कि शिक्षा, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है और 'स्कूल रूआर-2023' एक महत्त्वाकांक्षी अभियान है। इसे सामूहिक सहभागिता से सफल बनाना है। हमारे पास बेस्ट शिक्षक हैं तो परिणाम भी बेस्ट होना चाहिए। हम मिलकर ऐसा वातावरण बनायें कि बच्चे नियमित स्कूल जायें। पी.पी.टी.के माध्यम से ए.पी.ओ. अशोक कुमार रजक ने स्कूल रूआर-2023 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय स्तर पर इसे 15 जुलाई तक चलाया जायेगा। वहीं ए.पी.ओ. जान मुथू ने शिशुपंजी के अद्यतीकरण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इसे सफल बनाने में ए.डी.पी.ओ.उदय कुमार सिंह, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, हरेंद्र तिवारी, बी.ई.ई.ओ बलराम पाठक, जीतवाहन सिंह, महेंद्र प्रजापति, रामानंद सिन्हा, शिक्षा कर्मी शादाब हुसैन, राजीव चौबे, मुकेश कुमार सिन्हा, वीरेन्द्र तिवारी, रामसरेख पाण्डेय, विजय कुमार शुक्ल, जावेद अंसारी व विनोद तिवारी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## पीएम मोदी देश ही नहीं विदेश में भी बढ़ाया देश का मान : डॉ मेहता

न्यू प्राथमिक विद्यालय फुलापाखा के प्राचार्य विनोद प्रजापति ने भाजपा का थामा दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मनातू पलामू।** प्रखंड के चक पंचायत निवासी विनोद प्रजापति न्यू प्राथमिक विद्यालय फुला पाखा के प्रधानाचार्य ने नीलांबर पीतम्बरपुर में विधायक आवास पर अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के अलख जगाने के साथ-साथ समाज के राजनीतिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य भाजपा का दामन थामा। वही मौके पर पांकी विस क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने भाजपा का टोपी, अंग वस्त्र, पट्टा, गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया। विधायक मेहता ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा किए गए कार्यों का आज देश ही नहीं विदेशों में भी भारत का मान समान बढ़ा है। इसे देखते हुए सभी सभी वर्ग के लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। मौके पर विनोद प्रजापति, बुधन भारती, विजय यादव, छोटू यादव, भोला यादव, संतोष यादव, अजय सिंह, संतोष सिंह, अजय सिंह, संतोष प्रजापति, गोपाल, रमेश भारती, श्रवण यादव, रमेश पासवान, अजय यादव समेत कई लोगों नाम शामिल है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू एवं बीपीएम सोब्या कुमारी से बात की तो उन्होंने बताया कि इस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वातार्लाप' का आयोजन 27 जून को

### डाल्टनगंज टाउन हॉल में कार्यक्रम होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा पलामू जिला प्रशासन के सहयोग से आज सुबह 10 बजे से जिले के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति भवन में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वातार्लाप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी पीआईबी, रांची के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय एवं गौरव पुष्कर ने दी। वे सोमवार को सूचना भवन में पत्रकारों से मुखातिब थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय, रांची अखिल कुमार मिश्रा, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट सुदेश कुमार, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला और जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ट अधिकारीगण की मौजूदगी रहेंगी। मीडिया और सरकार संबंधी सरोकार से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाषा (पीटीआई) के वरिष्ठ पत्रकार इंदुकांत दीक्षित, खबर मंत्र के ब्यूरो चीफ उदय चौहान की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा जिला के गणमाम्य लोग तथा वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी रहेगी। केंद्र सरकार के नौ वर्षों के सफल कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जा रही इस कार्यशाला में जिन योजनाओ का लाभ आम जनों तक पहुंचा है, उसके बारे में उनके लाभुको द्वारा विचार भी रखे जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डाल्टनगंज की जिला सूचना जन संपर्क मीडिया ईकाई ने भी आग्रह किया कि वातार्लाप में आप सभी अवश्य पधारें। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पीआईबी के ओंकार नाथ पाण्डेय ने कहा कि वातार्लाप कार्यशाला में डाल्टनगंज जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार हिस्सा लेकर इस प्रभावी बनाए और लाभ भी ले। इस कार्यक्रम में जिले में चल रही सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, पीएम आवास, आयुष्मान योजना, आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

पीआईबी रांची के गौरव पुष्कर ने वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को आमजनों तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका पर विमर्श किया जाएगा।

### हुसैनाबाद : ससुराल में युवक ने लगाया फांसी



**हुसैनाबाद,पलामू।** शहर के जपला धारहारा,में एक युवक अपने ससुराल आया था सोमवार को सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रंजीत चौधरी 24 वर्ष, पिता सुदर्शन चौधरी, ग्राम कालबन, थाना-शेरघाटी, जिला गया, बिहार के निवासी बताए जा रहे है जो जपला धरहरा हुसैनाबाद वार्ड 06 के निवासी हरि चौधरी के घर अपने ससुराल पत्नी के पास आये थे। अब इस बीच पति पत्नी में क्या ऐसा मामला हुआ कि वह सोमवार फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पंहुच के शव को अपने कब्जे में लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले के जांच में जुट गई। हालांकि मृतक के घर वाले या अन्य कोई समाचार लिखे जाने तक लिखित शिकायत दर्ज नही किया हैं। थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि पुलिस प्रथम दृष्टि में तथ्य के आधार मानते हुए आगे की करवाई कर रही हैं।

### पिकअप-बाइक की सीधी टक्कर, युवक की मौत

**हुसैनाबाद,पलामू।** थाना क्षेत्र के जपला पथरा मुख्य सड़क के लंगरकोट गांव के समीप पिकअप एवं बाइक की सीधी टक्कर हो गयी, जिसमे बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक पर सवार दोनो लडको गम्भीर चोट आई थी। ग्रामीणों एवं आस पास के मदद से सभी घायलो को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से स्थिति गम्भीर देखते हुए एक युवक विशाल सिंह को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया था। जहां पर इलाज के क्रम में विशाल सिंह की मौत हो गयी। इधर घटना के बाद पुलिस ने पिकअप वैन को थाना में जब्त कर लिया है एवं शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया हैं। इधर मृतक विशाल व शिवम कुमार सिंह दोनो थाना क्षेत्र के उपरिकला पंचायत के भैरवपुर गांव के निवासी हैं। जिनकी मौत की खबर मिलते ही घर मे एवं गांव में चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया ।

### निगम क्षेत्र में वृहद स्तर पर चलाया जाये पौधारोपण अभियान : नवीन तिवारी





मेदिनीनगर। पौधे लगाने का समय अर्थात बारिश का मौसम आ गया है। शहर समेत आसपास के गांवों में पौधा लगाकर कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए वृहद स्तर पर पहल करने की जरुरत है। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने कही। तिवारी ने कहा पौधारोपण को लेकर सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, नगर निगम के निर्वतमान मेयर,डिप्टी मेयर,सभी सामाजिक कार्यकर्ता तथा शहर के सक्षम गणमान्यों को आगे आकर पहल करने की आवश्यकता है। तिवारी ने आम लोगों से भी पौधारोपण करने की अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष की गर्मी में नगरनिगम कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी। कई नया क्षेत्र ड्राई जोन में तब्दील हो गया था। ऐसे परिस्थितियों में भी अगर हम चेतना जागृत नहीं किए तो आनेवाले दिनों में और भयावह तस्वीर सामने आएगा। तिवारी ने कहा कि सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों को साथ मिलकर वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाना चाहिए।

## टीएसपीसी के एरिया कमांडर समेत दो गिरफ्तार

छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के ट्रैक्टर व बाइक में आग लगाने की घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन

देसी कट्टा, मोबाइल, नक्सली पर्चा पुलिस ने किया बरामद

इन नक्सलियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में शांति का माहौल कायम होगा- एसडीपीओ ऋषभ गर्ग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के खुटीसोत नदी के पास छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइड पर 16 जून को प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के लोगों द्वारा ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल में आग लगा दी गई थी। जिस कारण आसपास के क्षेत्रों में भय का माहौल कायम था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के कार्यालय में सदर एसडीपीओ सह आईपीएस ऋषभ गर्ग ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 16 जून को खूंटीसोत नदी के पास पुल बना रही कम्पनी के एक ट्रॅक्टर, मोटरसाइकिल को टीएसपीसी नक्सली संगठन के द्वारा लेवी वसूलने के कारण आग जनित घटना को अंजाम दिया गया था। एवं मुन्सी व अन्य मजदूरों को एक रूम में बंद कर दिया गया था। इस मामले में मुंशी मदन प्रजापति के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी किया गया। उन्होंने बताया कि तकनीकी सहयोग एवं गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी संगठन के सक्रिय सदस्य मिथिलेश यादव पिता ब्रह्मदेव यादव ग्राम सतन टोला थाना पाटन को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद इसकी निशानदेही पर संगठन के एरिया कमांडर शंभू सिंह उर्फ वीरेंद्र जी तथा सक्रिय सदस्य सत्येंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों के पास से एक देसी कट्टा, गोली का खोखा, दो डायरी तीन फोन, संगठन का पर्चा बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए बताया कि एरिया कमांडर बूटन मांझी उर्फ गौतम जी, मिथलेश यादव ,विकास, सत्येंद्र एवं अन्य लोगों के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने को कहा गया था। शंभू सिंह पूर्व में कई कांड में जेल जा चुका है। रेहरा थाना, नवा बाजार थाना क्षेत्र में लेवी वसूलने एवं धमकाने के मामले में जेल जा चुका है।

## टीपीसी के सब जोनल कमांडर दीपक रजवार ने किया आत्मसमर्पण



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा उग्रवादियों के उन्मूलन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही साथ उग्रवादियों को समाज के मुख्यधारा से जुड़ कर काम करने के लिए जिला पुलिस द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति स्थापित कर नक्सलियों को समर्पण करने को कहा जा रहा है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा एवं सदर एसडीपीओ सह आईपीएस ऋषभ गर्ग के प्रयास से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के सब जोनल कमांडर दीपक रजवार पिता तपेश्वर रजवार ग्राम चौवाचटान थाना हुसैनाबाद ने पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। इसके संबंध में गर्ग ने बताया कि रजवार के विरुध छतरपुर, बिश्रामपुर, बरवाडीह, हरिहरगंज, हुसैनाबाद एवं शहर थाना क्षेत्र में कई नक्सली कांड दर्ज है। इसके विरुध 17 सीएल एक्ट, पुलिस बल का हथियार छीनने, जानलेवा हमला करने, लेवी वसूलने समेत कई कांड पलामू जिला के विभिन्न थानों में दर्ज है। इस मौके पर बिश्रामपुर एसडीपीओ सुजीत कुमार मौजूद थे।

## सतबरवा : घर-घर संदेश कार्यक्रम के तहत प्रदेश उपाध्यक्ष किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने भाजपा के द्वारा चलाया जा रहा देशव्यापी महा जनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 89 व 90 के मतदाताओं से घर घर जाकर जनसंपर्क किया तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नौ साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों से अवगत कराया। चेरो ने बताया कि मोदी जी का नौ साल का कार्यकाल बेमिसाल है।

इस दरमियान गरीबों के लिए एलपीजी गैस कनेक्शन, पीएम आवास योजना, किसान समृद्धि योजना जैसे अनेकों कार्य किए गए हैं जिससे देश के अंतिम वर्ग के लोगों को भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मोदी जी के नेतृत्व में देश आर्थिक, मानसिक के अलावा राजनीतिक रूप से भी सशक्त हुआ है जिसके कारण पूरे दुनिया में भारत का मान सम्मान तेजी गति से बढ़ा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा गरीबों के लिए किए गए कार्यों को जनसंपर्क के माध्यम से देश के हर एक घर घर तक पहुंचाया जा रहा है ताकि 2024 में पुनः नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार बनाई जा सके। चेरो ने समर्थन के लिए दिए गए मिस कॉल नंबर पर मिस कॉल करने का आग्रह ग्रामीणों से किया। इस मौके पर सोशल मीडिया के मुकेश कुमार, दामोदर मेहता, मनोज सिंह, रामू भुइयां, संजय भुइयां, नगीना भुइयां समेत कई महिलाएं भी उपस्थित थे।

## गरीब विद्यार्थियों के कल्याणार्थ प्रधानाध्यापक को सौंपी राशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर।** शिक्षाविद स्वर्गीय रमा बल्लभ तिवारी की पत्नी विमला देवी का प्रथम पुण्यतिथि सोमवार को हाई स्कूल रोड स्थित आवास पर मनाया गया। मुख्य अतिथि पेंशनर संघ के अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने गरीब विद्यार्थियों के कल्याण के लिए परिवार की ओर से उपलब्ध गए 10 हजार की राशि प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक को सौंपा। उन्होंने कहा कि कहा कि उच्च विद्यालय लेस्लीगंज में शिक्षा ग्रहण के दौरान गुरु मां की कृपा भी हमेशा बनी रहती थी। विशेषकर गरीब बच्चों के शुल्क माफी को लेकर वे शिक्षाविद एवं पति रमा बल्लभ तिवारी से हमेशा प्रयासरत रहती थी। यह उनके जीवन शैली का एक भाग था। प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षाविद के रूप में स्वर्गीय रमा बल्लभ तिवारी का व्यक्तित्व के पीछे गुरु मां की कृपा हमेशा रही। पुत्र शिक्षक सुशील तिवारी ने कहा कि मां विमला देवी का चयन शिक्षक के रूप में हुआ था लेकिन उन्होंने उसे त्याग करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपने पति के साथ हाथ बढ़ाया। श्रद्धा सुमन कार्यक्रम को पेंशनर समाज के रघुनाथ राम, राम प्यारी पासवान, मो अलीमुद्दीन अली, राजेंद्र दुबे, विजय प्रकाश, विशाल कुमार गुप्ता, दिलीप प्रसाद, अजय कुमार, सत्यदेव दुबे, तेज नाथ मिस्त्री, विक्रमादित्य दुबे, मनोज सोनी, सतीश तिवारी, अजीत तिवारी आदि उपस्थित थे।

### विमला देवी की मनी प्रथम पुण्यतिथि



# जमशेदपुर पूर्व सीट पर वापसी के लिए सक्रिय हुए रघुवर दास

पूर्ववर्ती सरकार की उल्लेखनीय योजनाओं का स्थल दौरा किया पूर्व सीएम ने

कहा, वर्तमान झारखंड सरकार को विकास योजनाओं में कोई रुचि नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मोहरदा जलापूर्ति योजना का अवलोकन करते पूर्व सीएम रघुवर दास।



बिरसानगर पीएम आवास योजना का निरीक्षण करते दास।

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व सीएम एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने विगत नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत झारखंड में डबल इंजन की सरकार द्वारा जमशेदपुर में किये गये उल्लेखनीय कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोमवार को जिन स्थलों का निरीक्षण किया उनमें मणीपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, प्रधानमंत्री आवास योजना, मोहरदा जलापूर्ति योजना, जमशेदपुर महिला महाविद्यालय एवं प्रोफेशनल विश्व विद्यालय शामिल है। इस स्थल दौरा के बाद उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं से राज्य सरकार को कोई मतलब नहीं है। योजना स्थल दौरा के क्रम में लोगों ने मोहरदा जलापूर्ति योजना से की जाने वाली जलापूर्ति की शिकायत करते हुए बताया कि उनके घरों में दूषित पानी आपूर्ति की जाती है तथा पानी में कीड़े मकोड़े पाये जाते हैं। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा टाटा स्टील यू. आई. एस. एल. (जुस्को) के अधिकारियों से जब सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभाग को जो प्रस्ताव भेजे गये हैं। उनकी परिस्वीकृति के बाद लोगों को प्रदूषित जल से निजात मिल सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना से यहां बन रहे दस हजार आवास निर्माण की गति को नाकाफी बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस गति से आवास निर्माण चल रहा है, उससे दो-तीन वर्ष में योजना पूरा होगा या नहीं, उसमें भी संदेह है। उन्होंने सरकार से इस योजना में तेजी लाने का आग्रह किया है। दास ने जमशेदपुर विश्वविद्यालय का भी दौरा किया।

इस दौरा के बाद उन्होंने कहा कि महिला विश्व विद्यालय भवन का उद्घाटन के बाद भी नये विश्व विद्यालय भवन में पढ़ाई शुरू नहीं होना सरकार की शिक्षा के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। यहां प्रशासनिक भवन एवं 11 छात्रावास बनना है। अभी तक नौ छात्रावास का निर्माण नहीं होने की वजह से नये भवन में विश्व विद्यालय स्थानांतरण नहीं हो पाया है। दास ने कोल्हान के नव निर्मित प्रोफेशनल विश्व विद्यालय भवन को देख कर कहा कि इसे देख राज्य सरकार की सोच पर दुख होता है। कोल्हान के बच्चों एवं बच्चियों के कौशल विकास के लिए इस भवन का निर्माण किया गया था, लेकिन सरकार की उदासीनता ने इसे खंड़हर बना दिया। दास के मुख्यमंत्री काल में जमशेदपुर में स्थापित मणीपाल टाटा मेडिकल कॉलेज का दौरा भी पूर्व मुख्यमंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज को देखकर उन्हें काफी खुशी हुई। इस दौरे में पूर्व मुख्यमंत्री के साथ भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, महामंत्री राकेश सिंह, संजीव सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

## पीपुल्स अकादमी के छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस यानि इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग अब्यूस एन्ड इलिसिट ट्रैफिकिंग के मौके पर सोमवार को न्यू बाराद्वारी स्थित उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी विद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों को स्कूल के प्राचार्य चंद्रदीप पांडे ने नशे के दुष्परिणाम बताए। साथ ही नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल,राँची

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ......../......../2023

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन कोटेशन संख्या–02/2023–24 जो पी० आर० संख्या– 300250 (Minor Irrigation)23-24*D के द्वारा प्रकाशित है, की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरण | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 23.06.2023 at 9AM |
| 2. | Last Date/Time for submission of Bids | 28.06.2023 at 5PM |
| 3. | Date of opening | 01.07.2023 at 12PM |

कोटेशन सूचना की शेष भाग एवं शर्तें पूर्ववत् रहेगें।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,राँची

PR 300884 Minor Irrigation(23-24).D


# अगला चुनाव भी जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से लड़ूंगा : सरयू राय

## पूर्व सीएम रघुवर दास पर प्रहार, सीएम बनते ही भूल गये थे क्षेत्र से किए वादे

मालिकाना हक, मोहरदा जलापूर्ति योजना और नगर निगम होंगे चुनावी मुद्दे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** पूर्व मंत्री और वर्तमान में जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वे विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तो जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से ही लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने इसके लिए तीन मुद्दे भी तय कर लिए हैं। सरयू राय ने पूर्व सीएम और क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुवर दास को कोसा कि वे जब सत्ता में आये तो जनता को किए गए मालिकाना हक समेत अन्य वायदे भूल गए बल्कि हमेशा एंटी टाटा एटीट्यूट वाले रघुवर सीएम बनते ही टाटा के पैरोकार बन गए। मोहरदा जलापूर्ति योजना उदाहरण है तो विश्व बैंक के सहयोग से जुस्को को बनानी थी किन्तु उसके लिए तत्कालीन मंत्री रहते रघुवर ने एनओसी तक नहीं दिया और झारखंड सरकार के खजाने से जलापूर्ति योजना बनवा कर फिर जुस्को को ही संचालित करने के लिए सौंप दिया। सरयू राय ने कहा कि अगला चुनाव तो हर हाल में मैं जमशेदपुर पूर्व से ही लड़ूंगा। यह विधानसभा क्षेत्र में छोड़ कर नहीं जा रहा। अगले चुनाव में मेरे लिए तीन मुददे होंगे- मोहरदा जलापूर्ति योजना, 86 बस्तियों को मालिकाना हक दिलवाना और बस्ती क्षेत्रों के लिए नगर निगम की स्थापना। विधायक सरयू राय ने यह भी कहा है कि बहुचर्चित टाटा लीज समझौता नये सिरे से करने का वक्त आ गया है। रिव्यू करने का समय आ गया है। यह समझौता 1995 और 2005 में हुआ। अब 2025 से रिन्यू होगा। जब 2005 में नवीकरण हो रहा था तो झारखंड के अधिकारियों ने कई संचिकाओं में लीज उल्लंघन पर टिप्पणी की थी। 2005 में किये गए समझौता में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। मेरे अनुसार समझौते के दो ही बिंदू हैं। एक तो कि उन्हें कंपनी चलानी और कंपनी संयंत्र का एरिया है उसका लीज होना है। बाकी पांच भागों में औद्योगिक, सिविल,जन सुविधाओं की बात है। खेल-कूद और पार्क के लिए वैकेंट लैंड रखा गया था। इसके लिए पांच शिड्यूल बनाये गए। एक बिंदू था कि सब लीज की बात है जो 1985 में घुमा-फिरा कर डाली गई। अब टाटा स्टील जमीन की लीजधारी हो गई तो सब लीजी अब टाटा के नहीं बल्कि सरकार के सब लीजी होंगे। सब लीजधारियों के पास काफी जमीन है। सरयू राय ने वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता को टीवीसी चैनल के लिए दिए एक साक्षात्कार में उक्त बातें कहीं।

## स्पीड न्यूज

### निजी खर्च से विधायक ने कॉलेज में 9 लड़कियों का कराया दाखिला



**जमशेदपुर।** मानवता का परिचय देते हुए जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी लगातार जरूरतमंद बच्चे बच्चियां जो पढ़ना चाहते हैं उनके लिए हर संभव सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी को लेकर आज उन्होंने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पूर्वी घोड़ाबंधा पंचायत की 4 हुरलुग पंचायत के गुरुरबासा के 3 और मनपिटा 2 लड़कियों सरस्वती महतो,लक्ष्मीरानी महतो, अष्टमी महतो, कविता महतो, प्रीति गगराई, पायल सोरेन, शिबानी लोहार,चंदा समात और अष्टमी महतो को लेकर 9 लड़कियों का दाखिला टिनप्लेट यूनियन महिला इंटर महाविद्यालय में अपने निजी खर्च से खुद वहां पहुंच कर करवाया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि इन लड़कियों को मिलाकर अब तक 17 लड़कियों का दाखिला करवा चुका हूं। लड़कियां यदि पढ़ेंगी तो वे अपना समुचित विकास करने में सक्षम रहेंगी। जो भी बच्चे बच्चियां पढ़ना चाहते हैं जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है वह मुझसे संपर्क करें मैं हर संभव सहायता करूंगा क्योंकि शिक्षा सभी के भविष्य के लिए एक अहम भूमिका निभाती है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के रजत प्रसाद, सुनील गोराई और यूनियन कमेटी के सदस्य भी उपस्थित थे।

### जमशेदपुर के कलाकार असीम पोद्दार की पेंटिंग देख भावुक हुए रतन टाटा



जमशेदपुर। अपने कला से जमशेदपुर व देशभर में अपनी पहचान बनाने वाले मानगो में रहनेवाले अंतराष्ट्रीय कलाकार असीम पोद्दार की पेंटिंग देशभर में ऐसे वायरल हुई कि भारतीय औद्योगिक जगत के दिग्गज उद्योगपति,टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा ने खुद इस पेंटिंग को देख सोमवार को मुम्बई कोलाबा स्थित अपने घर पर असीम को बुलाया और इस पेंटिंग को उन्होंने लिया। पेंटिंग देख भावुक हुए रतन टाटा ने काफी देर पेंटिंग को निराहा और असीम की कला की जमकर तारीफ की और कहा कि जमशेदपुर के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नही है। असीम पोद्दार ने बताया कि रतन टाटा से मिलना व उनके चरण को छूना उनके लिए एक सपना था जो आज पूरा हुआ । रतन टाटा अपने सरल स्वाभाव के धनी है उन्होंने मुझे जो प्यार व सम्मान दिया साथ ही मेरी हौसला अफजाई की। जिसका मैं सदा ऋणी रहूंगा।

# टाटा ब्लूस्कोप स्टील के ड्यूराशाइन को मिला 'ब्रांड ऑफ द ईयर 2023' पुरस्कार

जमशेदपुर/मुंबई। ड्यूराशाइन को उपभोक्ताओं द्वारा सर्वसम्मति से 'ब्रांड ऑफ द ईयर 2023' चुना गया है। मार्क्समैन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए एक उपभोक्ता सर्वेक्षण पर आधारित शोध के माध्यम से यह चुनाव किया गया है। पूरे भारत में कलर कोटेड स्टील शीट उत्पाद और समाधान पेश करने वाला ड्यूराशाइन टाटा ब्लूस्कोप स्टील का रिटेल क्षेत्र में एक अग्रणी ब्रांड है। इस ब्रांड ने उत्पाद विकास और ग्राहक सेवा के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया है। पिछले से 15 से ज्यादा सालों से यह ब्रांड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और ग्राहक केंद्रित, अभिनव समाधान पेश करना जारी रखा है। 5000 से ज्यादा टचप्वाइंट बना कर चैनल भागीदारों के व्यापक नेटवर्क के साथ इस ब्रांड ने अपने सेगमेंट में अग्रणी स्थान कायम रखा है। पुरस्कार प्राप्त करने पर, टाटा ब्लूस्कोप स्टील के प्रबंध निदेशक, अनूप कुमार त्रिवेदी ने कहा, ड्यूराशाइन हमारा प्रमुख ब्रांड है और इसने एक दशक से अधिक समय से कलर कोटेड स्टील में श्रेणी में अग्रणी के रूप में अपना स्थान कायम रखा है। यह पुरस्कार उपभोक्ताओं की इस ब्रांड के प्रति निष्ठा का प्रमाण है। हमारे लिए यह बहुत ही खुशी और गर्व का क्षण है, नए उत्पाद की पेशकश हो, चैनल विकास हो या ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना हो, इस तरह के पुरस्कार हमें सभी स्तरों पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।' ड्यूराशाइन टाटा ब्लूस्कोप स्टील का प्रमुख रिटेल ब्रांड है जो छत और दीवारों के लिए समाधानों के रूप में कलर कोटेड स्टील उत्पाद प्रदान करता है। यह ब्रांड रोल फॉर्म में कलर कोटेड स्टील में छत और दीवार में इस्तेमाल की जाने वाली शीट, स्ट्रक्चरल उत्पाद और सहायक उपकरण बनाता और बेचता है। ड्यूराशाइन आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए छतों के खूबसूरत, आकर्षक और टिकाऊ समाधान प्रदान करता है। 2008 में लॉन्च किए गए इस ब्रांड ने कई पुरस्कार जीते हैं और यह इस सेगमेंट में यह सबसे पसंदीदा विकल्प है।

## छह बच्चो ने प्राप्त किया ब्लैक बेल्ट

**जमशेदपुर।** झारखंड मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर द्वारा टेल्को रिक्रेशन क्लब में कोच सुनील प्रसाद के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चो में से 6 बच्चो ने पास की ब्लैक बेल्ट की परीक्षा, सेवानिर्वित्त डी आई जी राजीव रंजन और संस्था के चेयरमैन दिनेश कुमार उपस्थित थे, उन्होंने बच्चो को मोमेंटो, सर्टिफिकेट, ब्लैक बेल्ट, संस्था द्वारा तैयार प्रमाण पत्र और अन्य चीजे दे कर किया सम्मानित, शिवानी रे, श्रुति दास, रुद्रांश जायसवाल, हर्षिता, एम. वानिश्री, आशिता चौधरी ने ब्लैक बेल्ट पा कर कोच सुनील प्रसाद और संस्था का आभार प्रकट किया।

## काला बिल्ला लगा कर काम कर रहे सूबे के 62 अंगीभूत कॉलेजों के शिक्षक एवं कर्मचारी



**जमशेदपुर।** सोमवार को झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर मोर्चा के द्वारा प्रदेश स्तरीय पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड के सभी 62 अंगीभूत महाविद्यालय में झारखंड सरकार के द्वारा इस वर्ष 2023 में नामांकन बंद कर दिया गया है जिसके कारण 62 अंगीभूत महाविद्यालय के लगभग 5000 शिक्षक और कर्मचारी बेरोजगार हो गए है। जबकि इंटर प्रभाग में कार्य करने वाले सभी शिक्षक और कर्मचारी लंबे समय से अल्प वेतन में अपनी सेवा देते आ रहे हैं लेकिन सरकार के अचानक बंद करने के निर्णय से लगभग 5000 शिक्षक और कर्मचारी और उनके परिवार के समक्ष बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए जब तक झारखंड के सभी 62 अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों का समायोजन राज्य सरकार नहीं करती है तब तक सभी शिक्षक और कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर सेवा को जारी रखेंगे।

# सीएम से मिली विधायक सबिता महतो

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**चांडिल।** ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने सोमवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में विधायक ने चांडिल डैम के विस्थापितों के पुनर्वास में हो रही विसंगति, अनुदान निधि व चांडिल डैम का जल स्तर 180 मीटर से नीचे रखने का मांग किया। विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा चांडिल बांध प्रक्षेत्र में कुल 116 गांव पूर्णत प्रभावित हुए हैं परंतु वर्तमान में जल संसाधन विभाग द्वारा आर एल 183 मीटर तक के प्रभावित गांवों को पूर्णत पुनर्वास सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है ऐसी स्थिति में जनहित में आर एल 180 मीटर तक ही जल भंडारण करने को कहा है। 43 गांवों के विस्थापितों का पुनर्वास की दिशा में पहल की जा रही है जबकि कुल 116 गांव को पूर्ण पुनर्वास की दिशा में पहल होनी चाहिए। विधायक ने मुख्यमंत्री से स्वर्णरेखा परियोजना अंतर्गत चांडिल बांध निर्माण से हुए 116 गांव के सभी विस्थापितों के पुनर्वास हेतु तथा उनके अनुदान राशि को विमुक्त करने एवं चांडिल बांध के जलस्तर को आरएल 180 मीटर से नीचे रखने का मांग किया।

# आरएसबी ग्लोबल हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक्सल, मोटर व कंट्रोलर बनायेगी

टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड और महिंद्रा एंड महिंद्रा को करेगी आपूर्ति

कंपनी अपने टर्नओवर का बड़ा हिस्सा आरएंडडी पर कर रही है खर्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते एसके बेहरा। साथ में दाहिनी ओर साकेत बेहरा व बाईं ओर जया सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** करीब 3 हजार करोड़ रुपये सलाना कारोबार वाले आरएसबी ग्लोबल के वाइस चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर एसके बहरा ने आज कहा कि कंपनी टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड और महिंद्रा एंड महिंद्रा के लिए हाइड्रोजन से चलने वाले मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए एक्सेल, मोटर एवं कंट्रोलर डेवलप कर रही है। इस दिशा में कंपनी बड़ा निवेश कर रही है ताकि अगले 12- 14 महीनों में नई पीढ़ी के इन वाहनों के लिए महत्वपूर्ण कल -पुर्जों की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इसके लिए टेक्नोलॉजी का विकास पुणे स्थित आई डिजाइन सेंटर में हो रहा है। एसके बेहरा आज सालाना पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ निदेशक साकेत बेहरा, एचआर हेड सुश्री जया सिंह भी मौजूद थीं। श्री बेहरा ने कहा कि भारत सरकार 2040 तक भारतीय परिवहन उद्योग में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को जीरो एमिशन टारगेट के तहत हाइड्रोजन एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल को प्रमोट कर रही है। हमें इस बात की खुशी है कि उद्योग जगत भारत सरकार के इस महत्वकांक्षी योजना के साथ कदमताल कर रहा है। वर्तमान में दुपहिया एवं हल्के वाणिज्यिक वाहनों में बैटरी चालित इंजन का इस्तेमाल शुरू हुआ है और बाजार में इस पर जबरदस्त रिस्पांस दिया है। दुपहिया वाहनों के बाजार में बहुत से नया स्टार्टअप कंपनी अपने प्रोडक्ट लेकर आई हैं और वे सेल्स के मामले में ब्रांडेड कंपनियों को भी पीछे छोड़ रही हैं। इसी तरह तीन पहिया एवं हल्के वाणिज्यिक वाहनों यानी एलसीवी में और कारों में बैटरी चालित मोटरों का तेजी से इस्तेमाल हुआ है। कारों के बाजार में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में टाटा मोटर्स देश में नंबर वन कंपनी बन गई है टाटा मोटर्स हर माह 5000 से अधिक टियागो व नैक्सन कारों का इलेक्ट्रिक मॉडल बेच रही है । यह ट्रीमेंडस रिस्पॉन्स है। ऐसे में इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन चालित वाहनों के लिए कल- पुर्जों की आपूर्ति एवं उनके विकास पर आरएसबी ग्लोबल विशेष रुप से ध्यान दे रहा है। हम अपने कुल टर्नओवर का एक बड़ा हिस्सा आरएंडी पर खर्च कर रहे हैं। आरएसबी ग्लोबल ने हाल में ही इजराइल की एक कंपनी के साथ इलेक्ट्रिक मोटर बनाने का लिए करार किया है। इलेक्ट्रिक मोटर पुणे स्थित प्लांट में बनेगा क्योंकि वहां तकनीकी रुप से दक्ष मैन पावर और इंजीनियर उपलब्ध हैं। एक सवाल के जवाब में बेहरा ने कहा कि देशभर में आर एस बी के 13 प्लांट है जिसमें से पांच प्लांट जमशेदपुर में अवस्थित है जो कमर्शियल वाहनों के लिए कल पुर्जों की आपूर्ति करते हैं। कंपनी अपने प्लांट में 80% कार्य बल स्थानीय लोगों को रखा है ताकि क्षेत्र के लोगों का जीवन स्तर उन्नत हो सके। आरएसबी ग्लोबल ने लोकल इंजीनियरों को दक्ष बनाने के लिए एनआईटी जमशेदपुर के साथ इनोवेशन सेंटर खोलने के लिए एमओयू किया है क्योंकि हमारा मानना है कि अब पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट का काम भी जरूरी है।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL
URBAN DIVISION, RANCHI

Very Short e-Quotation No. 06/2023-24

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer/departmental registered contractor having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying and fitting 33 KV VCB with 33 KV C.T. & P.T. and renovation of Electric Sub-Station (33/11 KV – 1 No.) with its all components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 03.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 04.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

Address for Communication
Office of the Executive Engineer,Drinking Water & Sanitation Mechanical Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia, Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR300934 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



Office of the Chief Electoral Officer
Cabinet (Election) Department, Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834002

e-Tender Notice No. 01/Ele. Misc.-22-25/2018/1827 Ranchi/Dated: 22/06/2023

Re e-Tender Notice

This Tender Notice is issued by Chief Electoral Officer, Jharkhand, Ranchi for inviting proposals from experienced and reputed authorized organizations for "for disposal of e-waste-obsolete IT Equipment/ Electronic items mentioned in the Annexure-I from registered Recycler/ preprocessors of E-waste registered with State Pollution Control Board on "AS IS WHERE IS" basis" in the Cabinet (Election) Department, Sector-2, Dhurwa, Ranchi.

The time schedule for various activities following from the issue of this Tender Notice shall be as follows:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication:- | 26.06.2023 |
| 2. | Last Date for Submission of Tender:- | 06.07.2023 (03:00 PM) |
| 3. | Date of opening of Technical bid:- | 10.07.2023 (03:00 PM) |
| 4. | Date of opening of Financial bid:- | 12.07.2023 (03:00 PM) |
| 5. | Address for communication/submission of the Tender:- | Office of the Chief Electoral Officer, Cabinet (Election) Department, Near Gayatri Mandir, Sector-II, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand.Phone: 0651-2440077 |
| 6. | All terms, conditions and other features of this RFP is available on the CEO, Jharkhand's Website https://jharkhandtenders.gov.in and http://www.ceo.jharkhand.gov.in | |

PR.NO.300883 Election(23-24):D (K. Ravi Kumar) Chief Electoral Officer, Jharkhand



झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना
(शुद्धि पत्र)

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या – (तेनुघाट) 03/2023-24 (प्रथम आमंत्रण) दिनांक – 13.06.2023 जिसका PR No. – 300034 है में अपरिहार्य कारणवश अंशिक संशोधन किया जाता है जो निम्न प्रकार है:–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work:- Re-Location of Defunct Tube well in 125/115 mm dia with. 60.0 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by DTH (F.D.S/K. P.O./copco) RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform under D.W.&S. Division, Tenughat for the Year 20 23-24. | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न० की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| | TEN/PET/SR-1 | 21 अदद | 17.61652 | 0.38000 | 5000.00 | 2 माह |
| | TEN/TEN/SR-2 | 33 अदद | 27.68310 | 0.58000 | 5000.00 | 2 माह |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | | 28.06.2023 समय 02.00 बजे अपराहन् से | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | | 05.07.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | |
| 4 | पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद/पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, तेनुघाट में परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि की मूल प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय पढ़ा जाय। | | | 06.07.2023 समय 03.00 बजे अपराहन् तक | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | | | 07.07.2023 समय 04:00 बजे अपराहन् | | |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, तेनुघाट।

PR 300922 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार

प्रेस विज्ञप्ति

मेसर्स शिव सागर कन्स्ट्रक्शन, ग्राम–पीपरडीह, पो0–लमरीकला, थाना–कांडी, जिला–गढ़वा, संवेदक को सूचित किया जाता है कि बार–बार प्रेस विज्ञप्ति वं अन्य माध्यमों से सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नही किया गया है। जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार का पत्रांक 72 दिनांक 19.07.202022 के आलोक में जिला योजना अनाबद्ध निधि योजनान्तर्गत किये गये कार्य का एकरारनामा के शर्तो के तहत एकरारनामा को विखण्डन करने, जमानत की राशि जब्त करने, अन्य दण्डात्मक कार्रवाई करने एवं कालीसूची में डालने हेतु विधिवत कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। अतः एकरारनामा के विखण्डन एवं निबंधन को कालीसूची में डालने की कार्रवाई करने के पूर्व आपके द्वारा किये गये कार्यो का अद्यतन अंतिम मापी निम्न सूची के अनुसार दर्ज तिथि को संबंधित कनीय अभियंता द्वारा ली जायेगी। उक्त तिथि को आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त प्राधिकृत प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगें। अगर उपस्थित नही रहते हैं तो भी अंतिम मापी ले ली जायेगी जो आपको मान्य होगा एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

| क्र0 | योजना का नाम | संवेदक का नाम | कार्यपूर्ण करने की तिथि | अंतिम मापी की तिथि | मापी करने वाले अभियंताओं का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखंड महुआडांड के ग्राम परही नावाटोली में पी0डब्लू0डी0 रोड से नावाटोली तक पथ निर्माण। | मेसर्स शिव सागर कन्स्ट्रक्शन | 14.05.18 | 28.06.2023 | श्री बिनकोश खेस्स कनीय अभियंता। श्री जनेश्वर राम, सहायक अभियंता |

एकरारनामा के समय दिये गये पते पर भी इसकी एक प्रति भेजी जा रही है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.300857 REO(23-24):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग
(2nd Call)
PR No.293313 Road (22-23)#D

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–374/2023–24 दिनांक :– 23.06.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | जोन्हा–जोन्हा फॉल–सीता फॉल पथ (कि0मी0 0.00 से 7.40) (कुल लम्बाई 7.40 कि0मी0) के राईडिंग क्वालिटि में सुधार (Improvement of Riding Quality)मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 514.78962 लाख (रूपये पाँच करोड़ चौदह लाख अठहत्तर हजार नौ सौ बासठ) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 5.15 लाख (रूपये पाँच लाख पन्द्रह हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 2 (दो) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.06.2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 05.07.2023 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे TenderOnline Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन (UCAN)निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।

PR 300874 Road(23-24)D

# गिरता मानसिक सेहत

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार' वर्तमान में दुनिया का हर आठवां व्यक्ति किसी न किसी रूप में मानसिक विकार से ग्रसित है। इस संस्था का यह भी कहना है कि कोरोना महामारी ने लोगों की मानसिक सेहत पर बुरा असर डाला है। इस महामारी के कारण लोगों के अवसाद और चिंता जैसी स्थितियों की दर में 25 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। जहां तक भारत का सवाल है तो 140 करोड़ की आबादी वाले इस मुल्क में मानसिक अस्वस्थता को लेकर जागरूकता का अभाव परिवार, समाज से लेकर सरकारी स्तर पर साफ नजर आता है। हर सात भारतीयों में से एक मानसिक रोगी है। भारत में अंदाजन 20 करोड़ लोगों को मानसिक इलाज की दरकार है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि यह संख्या कोरोना महामारी से पहले की है, अब यह तादाद बढ़ गई होगी। जब मानसिक स्वास्थ्य वाले मुद्दे पर चर्चा होती है तो उसका एक अहम बिंदु बच्चे व किशोर वर्ग भी हैं। अगर इन्हीं की मानसिक सेहत सही नहीं है तो उसका असर आगे चलकर परिवार, समाज व राष्ट्र पर पड़ता है। नवीनतम सर्वेक्षणों बताते हैं कि 10-19 आयु वर्ग के किशारों के बीच सात में से एक से अधिक किशोर मानसिक विकार के साथ जीने को अभिशप्त है। यूनिसेफ की ' द स्टेटआफ द वल्डर्स चिल्ड्रन रिपोर्ट 2021' के अनुसार कोविड-19 के कारण बड़ी संख्या में बच्चों और किशोरों की एक बड़ी आबादी का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ गया है। जिसका प्रभाव आगामी कई सालों तक रहेगा। इस रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी से पहले भी 21वीं सदी बच्चों और युवाओं के लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। विशेषकर विकासशील देशों की हालत तो खराब है ही विकसित देशों में भी यह समस्या बड़ी हो रही है।

# ड्रोन से आंतक

जम्मू एयरफोर्स स्टेशन के टेक्निकल एरिया में ड्रोन के जरिये हुए दो धमाकों ने सेना व सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ा दी है। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठान पर अपनी किस्म का यह पहला ड्रोन हमला है, जिसमें ड्रोन को आईईडी बम के रूप में इस्तेमाल किया गया है। इस हमले में नीचे उड़ने वाले उन ड्रोन का इस्तेमाल किया गया जो राडार की पकड़ में नहीं आते। जाहिरा बात है कि इनका संचालन सीमा पार से किया जा रहा होगा। निस्संदेह, अपने किस्म के पहले आतंकी हमले ने सेना व वायुसेना की चिंता बढ़ा दी है। यह हमला हवाई अड्डे के टेक्निकल एरिया में हुआ है जो इस मायने में महत्वपूर्ण होता है कि वहां सभी एयरक्राफ्ट, हेलिकॉप्टर व पुर्जे व हार्डवेयर रखे होते हैं। जम्मू हवाई अड्डा एक घरेलू हवाई अड्डा है जो भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करीब 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वायुसेना की महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्तियों में शामिल इस हवाई अड्डे से रसद सामग्री आपूर्ति संचालन, आपदा में मदद व घायलों को राहत का कार्य किया जाता है जो सर्दियों में सैन्य गतिविधियों के संचालन का केंद्र होता है। सियाचिन ग्लेशियर के लिये रसद व मदद का काम यहीं से संचालित होता है। कारगिल युद्ध में भी इसकी निर्णायक भूमिका रही है। हमले में पाक की धरती से हमलावरों को मदद मिलने से इनकार नहीं किया जा सकता। आशंका है कि दोनों ड्रोन सीमापार से संचालित किये जा रहे थे। वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच किलो आईईडी बरामद की है। पूरे प्रकरण में देश की सुरक्षा से लगे मिशनरियों के लिये एक चिंताजनक स्थिति पैदा हो गयी है।

# देश की जनसंख्या वृद्धि और उसके कारक

**भारत** सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। इस दिन प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस का जन्म दिवस है, जिन्हे हम स्वतंत्रता के बाद आर्थिक नियोजन और सांख्यिकीय विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जानते है। भारत की आबादी प्रथम जनगणना (1871-72) के अनुसार 23 करोड़ थी जो अब 135 करोड़से ज्यादा हो गई है हम विश्व मे आबादी केआधार पर अभी दूसरे स्थान पर है और संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 2027 तक दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश बन जाएंगे।

इस वृद्धि कि अहम वजह मृत्यु दर मे आई कमी का होना और जन्म दर मे कोई कमी का ना होना हैभारत की मृत्यु दर (प्रति हजार जनसंख्या पर मौतों की संख्या)जो 1901-1921 मे 40 से ज्यादा थी अब7के करीब है इसी तरह से प्रजनन दर(प्रति महिला पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या) जो 1960 मे 6 के करीब थी वो अब 2.2 के लगभग है अगर ये दर 2.1 से कम (जिसे हम प्रतिस्थापन स्तर भी कहते है)हो जाए तो आबादी घटने लगती हैआज हमारे देश मे 28 मे से 17 राज्य प्रतिस्थापन स्तर पर पहुँच चुके है भारत इस बिन्दु के बहुत करीब पहुँचने वाला है मुख्य राज्य जो प्रतिस्थापन स्तर से दूर हैं उस श्रृंखला मे बिहार(3.4),उत्तर प्रदेश (2.7),झारखंड (2.6),राजस्थान (2.4),मध्य प्रदेश(2.3), छत्तीसगढ़ (2.2) और असम (2.2) जैसे राज्य है मगर हमारी जनसंख्या मे वृद्धि अभी बढ़ती रहेगी और 2048 मे अपने ऊंचाई मे रहेगी जो 1.6 अरब है और उसके बाद घटने लगेगी और 2100 मे हमारे देश की जनसंख्या 1 अरब और प्रजनन दर 1.3 हो जाएगी जो विश्व मे हमे सबसे आबादी वाला देश बना देगी। विश्लेषण हमें ये भी बताता है कि 2100 मे हम दुनिया के तीसरे बड़े अर्थवयवस्था वाले देश होंगे।

भारत मे 1901 से लेकर 1921 तक 20 वर्षों मे जनसंख्या वृद्धि की धीमी स्तर रही। इस दौरान सूखा, प्लेग, मलेरिया और इंफ्लुएंजा की वजह से काफी मौतेहुइ। इस समय भारत मे जन्म के साथ-साथ मृत्यु दर भी ज्यादा होती थी इसलिए जनसंख्या मे वृद्धि ना के बराबरहुई। वर्ष 1921 की जनगणना मे भारत के जनसंख्या कम हुई थी इसलिए इस वर्ष को हम ग्रेट-डिवाइड वर्ष के रूप में भी जानते है।





**- डॉ अबसार अहमद**

> 2011 जनगणना के अनुसार साक्षरतादर हिन्दू मे 63.1,मुस्लिम मे 57.28,जैन मे 86.43, क्रिश्चियन मे 74.35,सिख मे 67.5 और बौद्ध मे 71.84 है` पुरुष और महिला के साक्षरता दर मे भी हम काफी अंतर देख सकते है राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष कीसाक्षरता दर 82 प्रतिशत है वही महिला मे 66 प्रतिशत है। 1921 से 1981 तक 60 साल मे 45 करोड़ लोग बढ़ गए और आबादी 25 करोड़ से 68 करोड़ हो गयी।

फिर 1921 से 1981 तक 60 साल मे 45 करोड़ लोग बढ़ गए और आबादी 25 करोड़ से 68 करोड़ हो गयी। इस दौरान जनसंख्या में लगातार वृद्धि का मुख्य कारण मृत्यु दर मे गिरावट आना थाजो 48 से 15 हो गया। जिसकी मूल वजह चिकित्सा प्रणाली मे सुधार रहा। इसके परिणामस्वरूप सलाना औसत प्राकृतिक विकास दरइन 60 वर्षों के दौरान1 से 2.5 प्रतिशत हो गई थी `इसे हम द्वितीय अवस्था कह सकते है, जिसमे उच्च जन्म-दर एवं गिरती मृत्यु-दर और तीव्र जनसंख्या वृद्धि होती है। इसी वर्षों के दौरान ही 1951 से 1981 के वर्ष को हम जनसंख्या विस्फोट वर्ष भी कहते हैं। यह तीव्र जनसंख्या वृद्धि का काल था जब जनसंख्या पिछले 50 वर्षों के दौरान जो लगभग 12 करोड़ बढ़ी थी की तुलना में 30 वर्षों मे 32.5 करोड़ की वृद्धि हुई थी।

1981-2001 चरण के दौरान, जनसंख्या वृद्धि की एक निश्चित गिरावट की प्रवृत्ति दृश्यमानरही । 20 वर्षों के दौरान कुल जनसंख्या में 34.37 करोड़ की वृद्धि हुई। परंतुऔसत वार्षिक वृद्धि दर निश्चित रूप से घटकर 1.93 प्रतिशत ही रह गई थीहालांकि, जनसंख्या विस्फोट की प्रवृत्ति अभी भी जारी रहीइसे हम तृतीय अवस्था से जोड़ सकते है जिसमे कम होती जन्म-दर और न्यून मृत्यु-दर होता है। चतुर्थ अवस्था मे निम्न जन्म और मृत्यु-दर और धीमी जनसंख्या वृद्धि होती है। भारत मे आज मृत्यु-दर 7 के करीब है और जन्म दर 18 के करीब पहुँच गई है और जनसंख्या बढ़ने की रफ्तार मे कमी आई है। पंचम अवस्था मे जन्म और मृत्यु दर लगभग बराबर हो जाती है जिसके परिणाम स्वरूप जनसंख्या वृद्धि शून्य के बराबर होती है। इस वयवस्था मे आने के लिए भारत को लगभग 25 वर्ष और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी

पिछले 50 वर्षों में जनसंख्या में इस जबरदस्त वृद्धि के लिए जिम्मेदार मुख्य कारक चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के कारण मृत्यु दर में गिरावट है लेकिन जन्म दर में कोई गिरावट नहीं हुई। हमारे देश मे जनसंख्या की वृद्धि 1960 से 2000 के दशक मे सबसे ज्यादा हुई है इस दौरान साल की जनसंख्या वृद्धि दर 2 प्रतिशत से ज्यादा थी जो अब 1.5 प्रतिशत के लगभग हो गई है भारत मे जो आबादी इतनी बढ़ी है उसकी खास वजह जनसंख्या गति है जो 70-80 के दशक मे हुई थी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य के चौथे सर्वेक्षण(2015-16) के अनुसार देश के ग्रामीण क्षेत्र मे प्रजनन दर 2.41 थी और शहरी क्षेत्र मे 1.75 थी इसी तरह शिक्षा का भी प्रजनन दर पर प्रभावपड़ता है, जो महिला पढ़ी लिखी नहीं है उसके ज्यादा बच्चे होते है चाहे वो किसी भी समाज से हो सर्वेक्षण के अनुसार अनपढ़ महिला मे प्रजनन दर 3 है जो की बरहवी पास महिला मे 1.7 हैअगर हम जाति के अनुसारसाक्षरता दर देखे तो अनुसूचित जाति और जनजाति मे 66% और 59% है जो राष्ट्रीय अस्तरपर 74%है इसी तरह से धर्म के आधार पर भी साक्षरता दर अलग-अलग है,2011 जनगणना के अनुसार साक्षरतादर हिन्दू मे 63.1,मुस्लिम मे 57.28,जैन मे 86.43, क्रिश्चियन मे 74.35,सिख मे 67.5 और बौद्ध मे 71.84 है` पुरुष और महिला के साक्षरता दर मे भी हम काफी अंतर देख सकते है राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष कीसाक्षरता दर 82 प्रतिशत है वही महिला मे 66 प्रतिशत है।

वहां प्रजनन दर कम होती है`भारत मेप्राथमिक छात्रों की राष्ट्रिय स्तर पर औसत ड्रॉपआउट दर 4.13 प्रतिशत है जबकि उच्च प्राथमिक में यह 4.03 प्रतिशत और माध्यमिक स्तर पर 17.06 प्रतिशत है। हमारा भारत जल्द ही जनसांख्यिकीय संक्रमण की पांचवी अवस्था मे आ जाएगोयधपी पांचवी अवस्था का अपना अलग ही दोष है,जिसमे वृद्ध लोगों की आबादी बढ़ेगी जिसके वजह से आश्रित लोगों की संख्या बढ़ जाएगी,जिस के लिए सरकार को तत्पर रहना पड़ेगा।

## खास बात

### हाईब्रिड कार

**जापानी** वाहन कंपनी सुजूकी और टोयोटा के बीच वैश्विक गठजोड़ के तहत पहली बार संयुक्त तौर पर डिजाइन की गई हाइब्रिड कार भारतीय बाजार में उतरने के लिए तैयार है।

यह हाइबिड कार एसयूवी सेगमेंट में आएगी, जो भारत के वाहन बाजार में तेजी से विकास कर रहा है। देश की प्रमुख कार विनिमार्ता कंपनी मारुति भी इस सेगमेंट में पैठ बनाने की को?शिश कर रही है क्योंकि एसयूवी खंड में उसकी मौजूदगी कम होने से बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आ रही है। मारुति सुजूकी के कार्यकारी निदेशक (बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, यह मझोले आकार की एसयूवी होगी। इसका इंजन माइल्ड हाइब्रिड होगा जिसे सुजूकी द्वारा विकसित किया गया है और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड को टोयोटा द्वारा विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि सुजूकी द्वारा विकसित मॉडल का उत्पादन मध्य अगस्त तक शुरू हो जाएगा।

इस एसयूवी को मुख्य रूप से भारत में बिक्री के लिए विकसित किया गया है लेकिन इसे अफ्रीका जैसे बाजारों में निर्यात भी किया जा सकता है। इस एसयूवी के टोयोटा संस्करण का नाम अर्बन क्रूजर हाइराइडर होगा जिसे 1 जुलाई को पेश किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि मारुति विटारा नाम से जल्द ही इस एसयूवी को बाजार में उतारेगी।

यह एसयूवी मारुति सुजूकी के लिए अहम होगी क्योंकि यह सीधे तौर पर हुंडई की क्रेटा और किया सेल्टॉस को टक्कर देगी। मझोले आकार की एसयूवी काफी लोकप्रिय है और वाहन कंपनियों की बिक्री बढ़ाने में इसका अहम योगदान है। भारतीय बाजार के लिए किफायती हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन विकसित करने के लिए टोयोटा और सुजूकी ने 2017 में पहली बार गठजोड़ किया था।

इसके तहत टोयोटा ने अपनी हाइब्रिड प्रौद्योगिकी सुजूकी को देने के लिए सहमति जताई थी। टोयोटा के अध्यक्ष अकोई टोयोटा ने कहा, टोयोटा और सुजूकी अपनी दक्षता का लाभ उठाकर भारतीय ग्राहकों को व्यापक विकल्प मुहैया करा रही हैं और हमें उम्मीद है कि इससे कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। इस साझेदारी के तहत हम कारोबार के अवसर तलाशते रहेंगे।

# जीवन का राह

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**दुख** क फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं। तो क्या अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?

यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे। हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए?

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### इनसानियत का तकाजा

**कोरोना** की दूसरी भयावह लहर इनसानों को बुरी तरह से लील रही है। कहीं लापरवाही से ऑक्सीजन आपूर्ति रुक रही है, कहीं अस्पताल वाले पैसे जमा न कराने पर शवों को नहीं दे रहे हैं। ऐसे विकट व विषम समय में गिरावट का प्रमाण देते हैं। चंद लोगों की वजह से न केवल मानवता शर्मसार हो रही है अब भी नकली दवा का काम जारी है।

**–हेमा हरि, जमशेदपुर**

### आपातकाल की टीस

**आपातकाल** भारतीय लोकतंत्र के लिए एक स्याह पन्ना है, देश के हर नागरिक के लिए एक खारी अनुभव है।लेकिन,आपातकाल के खिलाफ बुलंद हुई आवाज भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है,उम्मीद की रोशनी है। लोकतंत्र पर हुए कुठाराघात के खिलाफ संघर्ष का परचम लहरानेवाले हर योद्धा को नमन। आपातकाल देश का काला अध्याय है।

**–रमेश पुरोहित, हजारीबाग**

वैदिक सनातन संस्कृति संस्कार और उसकी दिव्य संवेदनाओं के सबल संरक्षक परमाराध्य ब्रह्मलीन गुरूदेव भगवन अनन्त श्री विभूषित पूज्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज की तृतीय पुण्य स्मृति पर उनकी मोक्षदा अनुग्रहशील और कल्याणी दिव्य सत्ता को सादर प्रणामाञ्जलि !

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

पीएसयू भारत की शान हुआ करते थे मगर, आज ये सरकार की प्राथमिकता नहीं हैं। देश के पीएसयू में रोजगार, 2014 में 16.9 लाख से कम हो कर 2022 में मात्र 14.6 लाख रह गए हैं। क्या एक प्रगतिशील देश में रोजगार घटते हैं?

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**





**भोपाल** में आज प्रधानमंत्री श्री मोदी जी देश भर के कार्यकर्ता मित्रों से संवाद करेंगे। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की को मजबूत बनाने वाले भाजपा के सभी समर्पित व ऊजार्वान कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक संवाद से जरूर जुड़ें– **अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# मृग मरीचिका के सामन है रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

**अजय शुक्ला**

## सामयिक

**रक्षा** मंत्रालय ने जब 108 रक्षा उपकरणों की दूसरी 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची' जारी की तो इसमें 'आत्मनिर्भर भारत' प्रमुखता से नजर आया। 101 वस्तुओं की पहली सूची गत अगस्त में जारी की गई थी। यानी अब 209 ऐसी वस्तुएं हैं जिन्हें अनिवार्य तौर पर भारतीय कंपनियों से खरीदना होगा। सन 2025 तक यह तादाद हर वर्ष बढ़ने है। सरसरी तौर पर यह स्वदेशीकरण की सराहनीय पहल लगती है।

बहरहाल, इसे लेकर कई सवाल हैं। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार रक्षा कंपनियों के पास यह क्षमता है कि वे उल्लिखित सूचियों में से कम से कम दो तिहाई बना सकें। एक मुख्य कार्याधिकारी कहते हैं कि दोनों सूचियों को मिला दिया जाए तो लगभग वही वस्तुएं हैं जिनका उत्पादन शुरू होने वाला है।

आयात पर इस रोक के असर के आकलन के लिए पहले उन 69 वस्तुओं पर नजर डालते हैं जिनके आयात पर एक जनवरी 2021 को रोक लगाई गई थी। इसके चलते सेना ट्रैक्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड और पहिये वाली तोपें, पिनाका श्रेणी के मल्टी बैरल्ड रॉकेट लॉन्चर, स्नाइपर राइफल्स और बुलेटप्रूफ जैकेट और हेल्मेट के लिए भारतीय आपूर्तिकताओं पर निर्भर हो गई। नौसेना को कई श्रेणियों में स्वदेशी युद्धपोतों की आवश्यकता है मसलन मिसाइल डेस्ट्रॉयर, अगली पीढ़ी के मिसाइल क्षमता संपन्न पोत, पनडुब्बी रोधी पोत, तटीय गश्ती पोत और सोनार सिस्टम तथा हथियार। वायु सेना को भारत में विकसित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों, हल्के परिवहन विमान और उपकरणों को हवा से गिराने के लिए पैराशूट आपूर्ति तंत्र की आवश्यकता होगी। लार्सन ऐंड टुब्रो ने 100 सेल्फ प्रोपेल्ड तोपें सेना को सौंप दी हैं और पुणे के निकट उसकी निर्माण क्षमता भविष्य के आदेशों की प्रतीक्षा में खाली पड़ी है। पहिये वाली तोप के मामले में आयुध निमार्णी बोर्ड को अपनी स्वदेशी 155 मिलीमीटर धनुष हॉवित्जर पर पूरा भरोसा है जबकि डीआरडीओ अपनी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। पिनाका रॉकेट लॉन्चर बन रहा है और सेना से अगले आदेशों की प्रतीक्षा है। कुल 41 नौसैनिक युद्धपोत और पनडुब्बियां निमार्णाधीन हैं उनमें से 39 भारत में निमार्णाधीन हैं। 103 तेजस विमानों का ऑर्डर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड को दिया जा चुका है और उसे स्वदेशी हल्के लड़ाकू और उपयोगिता वाले हेलीकॉप्टरों तथा एचटीटी-40 प्रशिक्षण विमानों के लिए और आदेश मिलने का अनुमान है।

स्वदेशी की परिभाषा आसान बनाने के लिए ही रक्षा मंत्रालय की नीति के अनुसार तकनीक हस्तांतरण और 50 फीसदी स्वदेशी सामग्री वाले प्लेटफॉर्म को आत्मनिर्भर उत्पाद माना जा रहा है। फ्रांस के नेवल ग्रुप से तकनीक हस्तांतरण के तहत पहले ही मझगांव डॉक लिमिटेड स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बना रहा है।

हल्के हेलीकॉप्टरों के स्वदेशी निर्माण में भी कठिनाई नहीं है। अगली पीढ़ी के लड़ाकू जलपोत (गार्डन रीच शिपबिल्डर्स), हथियारबंद वाहन, टैंकरोधी गाइडेड मिसाइल और मध्यम रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (डीआरडीओ), युद्धपोत बनाने लायक स्टील (भारतीय इस्पात प्राधिकरण) तथा अन्य सूचीबद्ध सामग्री भी बन रही है। भविष्य की प्रणालियों की बात करें तो दिसंबर 2025 तक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल, ऐंटी मटीरियल राइफल्स और 1,000 अश्व शक्ति के टैंक इंजन को भी आत्मनिर्भरता के दायरे में लाना है। डीआरडीओ (निर्भय क्रूज मिसाइल) और किर्लोस्कर समूह (टैंक इंजन) इन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

# मजबूत हुए भारत-अमेरिका संबंध

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

## सामयिक

**मोदी** की अमेरिका की राजकीय यात्रा से यह तथ्य एक बार फिर प्रमाणित हुआ। यहां नरेन्द्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। न्यूयॉर्क से लेकर वाशिंगटन और व्हाइट हाउस तक मोदी-मोदी की गूंज हुई। अमेरिका से साथ मजबूत रिश्तों की शुरूआत नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में हो चुकी थी। उस समय बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे। उन्होंने कतिपय भारतीय सांसदों की मोदी को वीजा न देने की अपील वाली चिट्ठी रद्दी की टोकरी में फेंक दी थी।

उन्होंने स्वयं नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया। मोदी के लिए अमेरिका में रेड कार्पेट बिछाई गई। बराक भी भारत आए और इस तरह सामरिक व व्यापारिक साझेदारी आगे बढ़ी। बराक के जिन चुनिंदा विश्व नेताओं से अति घनिष्ठ संबंध थे, उनमें नरेन्द्र मोदी शीर्ष पर रहे हैं। बराक की यह परम्परा उनके उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रम्प ने भी आगे बढ़ाई। उनके कार्यकाल में भी दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए।

मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर एक मेगा सौदे की घोषणा की। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी तैनाती हिंद महासागर, चीनी सीमा के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। अमेरिका और भारत के बीच जेट इंजन के सह-उत्पादन पर भी समझौता हुआ है। दोनों देशों ने भारत में एफ 414 जेट इंजन का साझा उत्पादन करने के जनरल इलेक्ट्रिक के प्रस्ताव का स्वागत किया। जीई और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक समझौते पर करार किया है। यह भारत में एफ 414 इंजन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे अमेरिकी जेट इंजन प्रौद्योगिकी का पहले से कहीं अधिक हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) हो सकेगा।

कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र स्थापित करेगी, जिस पर कुल 2.75 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसको लेकर भी दोनों देशों की बीच समझौता हुआ है। अमेरिका बेंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। भारत लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सिएटल में एक मिशन स्थापित करेगा। भारत की राजधानी में अमेरिका का दूतावास दुनिया के सबसे बड़े अमेरिकी राजनयिक मिशनों में से एक है। यह दूतावास मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में चार वाणिज्य दूतावासों की गतिविधियों का समन्वय करता है। मोदी पहली बार राजकीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। इस यात्रा के लिए खुद अमेरिकी राष्ट्रपति मेहमान नेता को आमंत्रित करते हैं। अमेरिकी राजकीय यात्रा को सबसे उच्च स्तर का दर्ज मिला है।

राजकीय यात्रा पर आने वाले मेहमान का अमेरिकी राष्ट्रपति खुद स्वागत करते हैं। राजकीय यात्रा पर जाने वाले नेता अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला के साथ डिनर करते हैं। इस यात्रा पर आयोजित होने वाले डिनर कार्यक्रम को 'स्टेट डिनर' कहा जाता है। मोदी ने एप्लाइड मैटेरियल्स के प्रेसिडेंट और सीईओ गैरी ई डिकर्सन से मुलाकात की और उनकी कंपनी को भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत करने और प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और उन्नत पैकेजिंग क्षमताओं को विकसित करने में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया।मोदी और डिकर्सन ने कुशल कार्यबल बनाने के लिए भारत में शैक्षणिक संस्थानों के साथ एप्लाइड मैटेरियल्स के सहयोग की क्षमता पर चर्चा की।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### यातायात पुलिस ने 25 हजार जुर्माना वसूला

**भुरकुंडा(रामगढ़)।** रामगढ यातायात पुलिस ने भुरकुंडा ओपी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस हेलमेट सहित वाहनो के कागजातों की जांच की। अभियान मे पुलिस ने ऑफ लाइन 11 दोपहिया वाहनो से ग्यारह हजार और ऑन लाइन 13 वाहनो से 13,750 रुपए जुर्माना वाहन चालको से वसूला। अभियान में एसआई प्रभात कुमार दास, मोकिम अंसारी, सिद्धेश्वर मुर्मू, रोमन मुर्मू मे शामिल थें।

### कटकमदाग थाना मे बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक

**कटकमदाग।** थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। वही बैठक की अध्यक्षता कटकमदाग अंचल अधिकारी शशि भूषण सिह ने किया। साथ ही साथ लौगो से शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाने की अपील वही कटकमदाग थाना धनंजय कुमार प्रजापति ने कहा कि बकरीद त्यौहार में आपसी सहयोग के साथ सांप्रदायिक सौहार्दपूर्ण के साथ मनाने की अपील साथ ही साथ सभी जनप्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की जरूरत ।वही पुलिस प्रशासन के द्वारा निर्धारित समय से मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल रहेंगे तैनात शांति व्यवस्था कायम को लेकर। वही मौके पर उपस्थित। कटकमदाग अंचल निरीक्षक दिलीप कुमार गुप्ता जे के लकडा पूणिर्मा कुमारी कटकमदाग मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता राजू यादव मो खुशिद अख्तर नूरी मो जमाल धीरज कुमार मो युसुफ सहादत हुसैन सुमन तिवारी धानेश्वर पासवान मौजूद थे।

### अफवाह फैलाने वाले लोगो की खैर नही : थाना प्रभारी अमित कुमार

**दारू।** बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया । बैठक की अध्यक्षता दारू अंचलाधिकारी नीतू कुमारी तथा संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया । बैठक में सभी समाज के सामाजसेवी , बुद्धिजीवी गण , और जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित लोगो से बकरीद को शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। किसी भी तरह की धार्मिक उत्पात और उत्पात फैलाने वाले लोगो पर पैनी नजर रखी जायेगी। प्रतिबंधित मांस पर प्रतिबंद पूर्व की भांति लगी हुई रहेगी। अगर किन्ही को इसकी सूचना मिलती है तो गुप्त रूप से थाने को सूचित करें। प्रशाशन वैसे लोगो पर कार्यवाही करेगी। इसके साथ साथ अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गयी। आईएसएम मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, मुखिया भोला तुरी, राजेश कुमार, जाकिर हुसैन, सुलेमान मियां, मो सरफराज, दिलीप मियां,मो जैनुल, मुख्तार मियां,सुमन कुमार, शिबू कुमार पासवान, अख्तर हुसैन, परमेश्वर महतो महादेव तुरी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

### नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान पर कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद थाना प्रभारी एवं विद्यालय प्रबंध समिति के लोग

**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में सोमवार को नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजरप्पा थाना के तत्वाधान में थाना प्रभारी हरिनन्दन सिंह द्वारा नशा मुक्ति पर अपने विचारों को रखते हुए समाज के लोगों को नशा से दूर रहने एवं नशा मुक्त बालक ,व्यक्ति, समाज बनाने की बातें कहीं। सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सनीता गुप्ता, रजरप्पा थाना हरिनन्दन सिंह एवं शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता द्वारा दिया गया। मंच का संचालन बीएड के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीएड के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, सजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर तथा डीएलएड के व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचंद प्रसाद तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक कुमारी शिखा द्वारा किया गया।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय



कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, आवास, पेंशन, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प सभा का आयोजन

**विष्णुगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान के आलोक मे संकल्प सभा का आयोजन किया गया। आयोजन बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी ने लोगों को नशा मुक्त प्रखंड -जिला बनाने का संकल्प दिलाया। कहा की राष्ट्र की शक्ति युवा है, इनका देश और समाज के विकास मे महत्वपूर्ण योगदान है लेकिन बिडंबना यह है की नई युवा पीढ़ी नशे की चपटे मे है। बीड़ीओ ने संकल्प सभा के दौरान कहा की इस मुहीम से समाज के सभी युवा शक्ति जुडें और गुटखा खैनी शराब गांजा आदि के प्रयोग से खुद वो दूसरे को दूरी बनाने का संकल्प लें वो दिलवायें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी ,सीओ रामबालक कुमार, मनरेगा बीपीओ राज मोहन वर्मा, अभियंता नीरज कुमार, अभियंता विपिन कुमार व अन्य शामिल थें।

# एक करोड़ के अवैध लोहे से भरा ट्रेलर पकड़ाया,चालक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडू।** मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार को गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ की ओर से एक ट्रेलर लोहा लोड कर के बोकारो से रामगढ़ होते हुए के बाहर जा रही है। सूचना के आधार पर रात्रि गश्ती में शामिल अनिल हेम्ब्रम के साथ सशस्त्र बल द्वारा लगभग 5:00 बजे वाहन चेकिंग के क्रम में ट्रेलर संख्या यूपी 79 एटी 0167 रामगढ़ की ओर से आता देख थाना गेट के समीप उस गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो गाड़ी के चालक के द्वारा गाड़ी को भगाने का प्रयास किया गया। जिसे गश्ती दल के द्वारा पीछा कर मांडू ब्लॉक के समीप 100 मीटर आगे गाड़ी को रोका गया। तो चालक और उप चालक वाहन को छोड़कर भागने लगे। जिसे गश्ती दल ने पीछा किया और पकड़ कर चालक बृजेश कुमार पे0 गया प्रसाद साकिन दिबियापुर थाना दिबियापुर जिला औरैया उत्तर प्रदेश व उप चालक संदीप कुमार पे0 छोटेलाल कठेरिया साकिन दिबियापुर थाना दिबियापुर जिला औरैया उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। साथ ही ट्रेलर गाड़ी यू पी 79 एटी 0167 के मालिक और राहुल ट्रांसपोर्ट के मालिक व वनांचल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक एवं अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध थाना में कांड संख्या 136 / 2023 दिनांक 25 /6/ 2023 धारा 414 / 34 भादवी दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

#### थाना प्रभारी ने कहा

मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने इस संबंध में बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रेलर जिसमें लोहा लगा बोकारो की ओर से रामगढ़ होते हुए बाहर के राज्यों में भेजा जा रहा है गुप्त सूचना के आधार पर मांडू थाना के समीप चेकिंग लगाया गया। वाहन को देख जब गश्ती दल ने रोकने की कोशिश किया तो चालक वाहन को भगाने लगा जिसे मांडू ब्लॉक के पास पीछा कर पकड़ा गया थाना प्रभारी ने बताया की वाहन को रोकने के बाद कागजातों की मांग की गई जिसे वाहन चालक ने दूसरा दूसरा कागज दिखाने लगा सही कागज नहीं दिखाया उसके बाद कार्रवाई की गई।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है कि मांडू के नए थाना प्रभारी के आए हुए लगभग 3 महीना हुआ है। उन्होंने कोयला, लोहा सहित अन्य अवैध कारोबार पर नकेल कस रखा है।

### एक वृद्ध का शव नदी में तैरता मिला

महिला के एक पुत्र व चार बेटियां समेत तीन पोते भी है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिष्णुगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अलपिटो की महिला पार्वती देवी पती किशुन यादव उम्र लगभग 60 वर्ष का शव बुकना जंगल के समीप खेड़ोहिया नदी मे सोमवार को तैरता मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला का दिमागी हालत बहुत अच्छा नहीं था, वह दो-तीन दिन पूर्व ही घर से निकली थी देर रात घर वापस नहीं आने पर काफी खोजबीन खोजबीन की गई। परिजनों ने व्हाट्सएप ग्रुप में लापता होने का खबर वायरल किया। वहीं परिजनों द्वारा अपने अस्तर से सभी रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की थी,लेकिन सोमवार को महिला का नदी मे तैरता हुआ शव मिला। सनसनीखेज की खबर जंगल गए लोगों द्वारा बगोदर पुलिस को दी गई मामला विष्णुगढ़ थाना के होने के कारण बगोदर पुलिस द्वारा बिष्णुगढ़ पुलिस को सूचना दी गइ। जिसके बाद बिष्णुगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले अंतर परीक्षण के लिए हजारीबाग सदर भेज अग्रेतर कार्यवाई मे जुट गई है। महिला के एक पुत्र व चार बेटियां समेत तीन पोते भी है।

## नशामुक्ति दिवस पर नशामुक्त भारत निर्माण का लिया संकल्प

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के संत रॉबर्ट स्कूल समेत विभिन्न विद्यालयों में सोमवार को नशामुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। जिला बाल सरंक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद के नेतृत्व में संत रॉबर्ट हाई स्कूल सिंदूर में शिक्षक मनोज कुमार, फादर अलविनस खाखा सहित अन्य ने बच्चों को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। मौके पर नशापान के दुष्प्रभावों को बताया। तंबाकू, धूम्रपान, शराब आदि नशीले पदार्थों से होनेवाले शरीरिक नुकसान को विस्तार से बताया गया। शिक्षक मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 1987 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नशा निवारण दिवस मनाने का संकल्प पारित हुआ। कहा नशा युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के जरिए इससे दूर रहना न सिर्फ स्वयं बल्कि समाज के लिए श्रेयस्कर है। नशा रोकने की जिम्मेवारी सभी नागरिकों की है। यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो स्थिति भयावह हो जाएगी। संत रॉबर्ट स्कूल के अलावा संत कोलंबा कॉलेज, इंटर साइंस कॉलेज, विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज, बीडी जायसवाल कॉलेज झुमरा, जिला प्लस टू हाई स्कूल, अन्नदा हाई स्कूल, बालक मध्य विद्यालय कोर्रा, हिन्दू प्लस टू हाई स्कूल और केबी स्कूल में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एनसीसी, एनएसएस और छात्रों की अहम भूमिका रही।



नशामुक्त भारत निर्माण का लिया संकल्प

## जगरनाथ धाम सिलवार में वज्रपात से झुलसे ने मांगी मदद

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारू।** सदर थाना क्षेत्र के जगरनाथधाम सिलवार में रथ मेला के दिन हुए वज्रपात में दो लोगो की मौत हो गई थी जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस घटना में घायल हरली पंचायत के पेटो निवासी भोला राणा भी शामिल है जिसके पीठ अभी भी काफी जला हुआ है और उसे अच्छी इलाज ढंग से इलाज की जरूरत है। इस बारे भोला ने बताया कि वज्रपात के बाद वह बेहोश हो गया था उसे सबकी मदद से इलाज के लिए शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में भर्ती किया गया जहाँ 23 जून तक उसका इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई पर अब भी उसकी तबियत ठीक नही है। वज्रपात के कारण उसका पैर ठीक से काम नही कर पा रहा है और वह लंगड़ाते हुए चल रहा है। भोला की आर्थिक स्तिथि ठीक नही है और गरीबी के कारण वह अपना इलाज ठीक से नही करा पा रहा है। इस बारे में उसने सदर अंचलाधिकारी राजेश कुमार को आवेदन देने की बात कही है जिसमे सरकारी नियमानुसार उसे वज्रपात में हुए घायल ब्यक्ति को मिलने वाला मुआबजा देने की मांग की है ताकि वह अपना इलाज ठीक से करवा सके।

## विष्णुगढ़ प्रखंड को मिले 9 नए पंचायत सचिव

**विष्णुगढ़।** प्रखंड मे पंचायत सचिव की कमियों के साथ लोगों की परेशानियों से अब मिलेगानिजात। हाल हीं मे झारखण्ड के पंचायतो मे खाली पड़े पंचायत सचिव पद की रिक्ति को पूरा करने वो पंचायत के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए नियुक्ति का लिस्ट जारी हुवा था। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड को नौ नए पंचायत सचिव मिल गए है। ज्ञात हो की प्रखंड मे पंचायत सचिवों की कमी के वजह से एक पंचायत सचिव को दो से तीन पंचायतों का कार्य संभालना पड़ता था। जीसके कारण जहां पंचायत सचिवों को परेशानी होती थी तों वहीं ग्रामीणों को भी अपने कार्यों के लिए दिन और समय का इंतजार करना पड़ता था। जिससे अब बहुत हद तक लोगों को निजात मिलने की आस है। प्रखंड मे पूर्व से कुल 9 पंचायत सचिव द्वारा प्रखंड के 24 पंचायतों के कार्य को संभालते थे लेकिन अब नौ नए पंचायत सचिव के आने से अब पंचायत सचिवालय समेत प्रखंड का कार्य भी आसान होगा। सोमवार को योगदान देने वालों मे हर्षिता सदा, उषा कुमारी, प्रीति कुमारी, बसंत कुमार शामिल है। बाकी बचे 5 पंचायत सचिव जिन्हे योगदान देना है उनमें रंजीत कुमार, दीपक दास, स्नेहा मेहता, प्रियंका कुमारी का नाम शामिल है।

### सदर थाना में रखी शांति समिति की बैठक

**हजारीबाग।** बकरीद पर्व को मध्य नजर रखते हुए सीईओ राजेश कुमार सदर थाना प्रभारी अमित कुमार बड़ा बाजार थाना प्रभारी घनश्याम कुमार लोहसिंहा थाना प्रभारी और अंचल इंस्पेक्टर नलिन मरांडी समेत सद्भावना मंच के सदस्य और कुछ वार्ड पार्षद समेत कुछ लोगों ने अपने अपने एरिया के हो रही परेशानी को लेकर बातें उठाएं जहां निवारण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने की बात भी कही गई और यदि उपद्रवियों के द्वारा यदि किसी तरह का अफवाह फैलाया जाता है तब उस पर कार्रवाई करने की बात भी कही गई।

### फरार पांच अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपका

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना अंतर्गत मार-पीट,जालसाजी व हत्या जैसे विभिन्न मामलों में कई वर्षों से फरार कुल पांच अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपका कर तामिला किया गया। (1) नवीन कुमार पे0-स्व0 रामकिशोर नारायण, सा0-हरिबाबू कॉलोनी,थाना/कोर्रा, जालसाजी का मामला। (2) सोनल प्रियदर्शिनी पिता-अनिल रॉय,सा०-हेठ टोला जालसाजी का मामला। (3)विकाश राम उर्फ विक्की पे0-सुरेश राम, सा०-हेठ टोला हत्या का मामला। (4) रोबर्ट जोजो पे0-मासिहस जोजो,सा0-हेठ टोला, हत्या का मामला। (5)राजीव कुमार पे0-कल्याणचंद्र प्रसाद,सा०-बाबुगांव, थाना-कोर्रा मार-पीट का मामला।

## आनंद साई दरबार का 13वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

### हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, व्यवस्थित रूप से किया प्रसाद ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थिति आनंद साई दरबार का 13वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे से पूर्व साई बाबा की विधिवत पूजा अर्चना व आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान पुजारी राजेश कुमार पांडे ने अमित कुमार सिन्हा सपत्नीक विभा सिन्हा के हाथो पूजन एवं आरती का अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न करवाया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया।

हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, किया प्रसाद ग्रहण



आनंद साई दरबार के 13 वें स्थापना दिवस समारोह के शुभ अवसर पर सोमवार को आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा व्यवस्थित रूप से लोगों के बीच भंडारे का वितरण किया गया। वहीं, श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

**ये हुए शामिल**

आनंद साई दरबार के 13वें स्थापना दिवस समारोह के मौके पर आयोजित भंडारे में अरूण कुमार सिन्हा, तिलकराज मंगलम,रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, डॉ शरद जैन,डॉ दिलीप कुमार, प्रो संजय सिंह, नंदकिशोर गुप्ता,राजीव जायसवाल, कीर्ति गौरव, अजीत जायसवाल, विनोद साव, राजेश साव,गुरूद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, मनजी साहनी, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, अरुण कुमार राय, निलेश गुप्ता, विनोद सिन्हा ,सुबोध सिन्हा, मनोज सिन्हा,संतोष सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, सतीश सिन्हा, सन्नी सिन्हा, जेपी सिंह, मनोज मंडल,आनंद प्रताप सिंह, राजीव रंजन, रंजन फौजी,रविंद्र शर्मा, अंकित सिन्हा, मोनू सिन्हा , अशोक कुमार, गोलू कुमार, कौशल सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष सिंह, जीतू अग्रवाल, संजय दांगी, बसंत कुमार, कैलाश चंद्र साह, नितिन बक्शी, निलेश गुप्ता, अरुण कुमार राय उर्फ गनौरी, आयुष कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद, रोहित वर्मा, शैलेंद्र ठाकुर, राजेश कुमार, सुमन पाठक,विनीता सिंह,मल्लिका दत्ता, अदिती सिंह,मनीषा, नीलम, ज्योति, अंजली,पूनम, शीतल, अजय कुमार, उत्तम कुमार, नवनीत कुमार, सलमान दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## एक नजर में

### बाल श्रम से मुक्त कराऐ गये 6 बाल मजदूर

**बड़कागांव।** हजारीबाग जन सेवा परिषद द्वारा चिन्हित बड़कागाँव प्रखण्ड से विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में काम कर रहे बाल मजदूरों को मुक्त कराने के लिए बड़कागांव प्रखण्ड विकास पदाधिकरी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी बिनोद कुमार तिर्की के अगुवाई में धावा दल जिसमें बड़कागांव के सब इंस्पेक्टर रितेश कुमार एवं पुलिस दल, पंचायती राज विभाग के प्रखण्ड समन्वयक आशीष कुमार पासवान, जन सेवा परिषद से सी.एस.डब्ल्यू एवं चाईलाईन टीम लीडर रंजीत कुमार चौबे, गुलेश्वर कुमार, मेघनाथ महतो, प्रमिला देवी एवं अन्य लोग शामिल थे। गठित टीम के द्वारा बड़कागांव विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापामारी कर 6 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। तत्पश्चात थाने में मामले का जी.डी. दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए सभी बाल मजदूरों बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जन सेवा परिषद हजारीबाग कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउण्डेशन के साथ मिलकर बाल मजदूरी के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। एवं हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों से बाल मजदूरों को चिन्हित करके उन्हे बाल श्रम से मुक्त कराया जा रहा है।

### कुजू कुंदरियाबांध में पांच दिवसीय महायज्ञ में प्रवचन सुनकर श्रद्धालु हुए मोहित

**कुजू।** कुजू कुंदरियाबांध में पांच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण कर फल्लाधिवास के साथ पूजा प्रारंभ हुआ। वहीं रविवार की रात्रि वृंदावन



से आयी विदुषी लाडली शरण व महंत सीताराम शरण के द्वारा प्रवचन व भजन का कार्यक्रम किया गया। विदुषी लाडली शरण के द्वारा राम चरित्र मानस सहित ग्रंथों की स्लोको को श्रद्धालु दीर्घा के समक्ष प्रवचन की। वहीं, महंत सीताराम शरण और उनके सहयोगियो के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा को झूमने पर मजबूर कर दिया। इधर सोमवार को यज्ञाचार्य ने यजमानों को कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराये। वहीं, यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

### सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो रही है : राजन ओम



**बरही।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौरियाकरमा में प्रतिभा सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका माधवी कुमारी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित सभी अभिभावकों को तिलक लगाकर व पुष्प देकर स्वागत किया गया। इस समारोह में मेधावी छात्रों को मैडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा में उत्तीर्ण करने वाले सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ पुष्प और कलम देकर विदा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अभिभावकों व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चियों ने स्वागत गीत और विदाई गीत की भी प्रस्तुति दी। मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा किसी के मोहताज नही होती है, उसे मात्र अवसर की तलाश होती है।कहा कि सरकारी विद्यालय में पढ़कर भी बच्चे अपने मंजिल को हासिल कर रहे है। शिक्षकों की मेहनत से बच्चे अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाकर आईएएस, आईपीएस, इंजीनियर, डॉक्टर भी बन रहे है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की बात कही। वहीं अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई की व्यवस्था है।जिसमे सरकार द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यर्थियों को पढ़ाई जाती है। इसके लिए उन्होंने सभी शिक्षकों की बहुत प्रशंसा की। बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना हेतु मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, उप मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार, प्रधानाध्यापिका माधवी कुमारी, शिक्षक संजय विश्वकर्मा, प्रतिमा कुमारी, संजीत कुमार रवि, विनोद प्रसाद, अध्यक्ष संजय मेहता सहित सभी अभिभावकों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चे, शिक्षक, प्रबंधन समिति के सदस्य व दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

### विधायक ने किया जीहू इटखोरी पथ का सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत दिन रविवार को एनएच 33 जिहु मोड़ से इटखोरी तक जाने वाली पीडब्ल्यूडी की पक्की सड़क की लगभग दस किलोमीटर तक मरमतती एवं सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास बरही विधायक श्उमाशंकर अकेला यादव ने नारियल फोड़कर किया ।मरम्मती कार्य सिद्धार्था कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है, सभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कार्यकताओं से कहा कि झारखंड सरकार की उपलब्धियों को आप जनता तक पहुंचाने का काम करें। झारखंड सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जिसका लाभ यहां को लोगों को दिलाना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव कांग्रेस प्रखंडअध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, बंदर बेला पंचायत के मुखिया विजय मेहता , सूरजपुरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, सूरजपुरा पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास विधायक द्वारा मनोनीत सभी विभागों के प्रतिनिधि , विजय रविदास, रामचंद्र मेहता, मोहम्मद लतीफ मियां, संतोष यादव, अशोक राणा , राजकुमार दास, भुनेश्वर प्रसाद मेहता , दीपक देव, परमेश्वर प्रसाद मेहता,, पंकज कुमार संजय मेहता रितनाथ मेहता प्रभु मेहता कैलाश यादव, राजेश मेहता, संजय मेहता, महेश राणा, मुकेश कुमार मेहता इत्यादि सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जितेंद्र कुमार गुप्ता ने झारखंड रांची से लेह लद्दाख तक बाइक राइडिंग कर किया नाम रौशन

**केरेडारी।** झारखंड रांची राजधानी हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कंडाबेर निवासी नाम जितेन्द्र कुमार गुप्ता उम्र 26 वर्ष पिता तिलक साव बड़े भाई अर्जुन गुप्ता के सहयोग से रांची से बाईक राइडिंग कर के हाईएस्ट मोटरेबल इन द वर्ल्ड पहुंचकर खिताब अपना नाम कर लिया है। यह जगह उमलिंगला के नाम से जानें जाते हैं। जो अपना भारत देश के लेह लद्दाख में है। वहीं रांची से 12 जून 2023 को रांची राजधानी से शुरूवात कर हजारीबाग होते हुवे बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, लेह लद्दाख, बाइक राइडिंग कर के दूरी तय किया। अब वही लेह लद्दाख से आपसी के दरमियान कानपुर होते हुए रांची पहुंचेगा। यह सफर 15 दिन की यात्रा हैं। रांची से लेह लद्दाख और लेह लद्दाख से रांची की दुरी आना - जाना 6500 किलोमीटर हैं। जिसमें बड़े भाई अर्जुन गुप्ता का बड़ा सहयोग रहा। उसी के सहयोग से यह दूरी तय कर देश के साथ साथ अपने राज्य जिला प्रखंड और गांव का नाम रौशन किया। वहीं 2 से 3 दिनों में रांची राजधानी पहुंच जाएगा। जिससे गांव और जिला के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है जितेंद्र कुमार गुप्ता को आने का इंतजार कर रहे हैं। बता दें जितेंद्र कुमार गुप्ता एक साधारण परिवार है जो कि रांची में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। उसने फोन के माध्यम से बताया की मैं एक मेडिकल स्टूडेंट हूं और मुझे सोशल मीडिया से जुड़े रहना और ट्रैवलिंग करना बहुत अच्छा लगता है बीते पिछले वर्ष भी रांची से खारदुंगला जगह के नाम हैं। लगभग 18000 फिट की ऊंचाई में है। दोस्तों के साथ बाईक राइडिंग दुरी तय किया था। हमने इस वर्ष भी वीडियो में देखा की लेह लद्दाख उससे भी ऊंचाई पर है। इतनी ऊंचाई पर ऑक्सीजन कम रहने के कारण पेड़ पौधे सही से नहीं ग्रोथ कर पाते हैं।

स्पीड न्यूज

## मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत

**ठाकुरगांव।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली गांव में विगत 12 जून को जमीन विवाद में हुए मारपीट में गंभीर रूप से घायल एक ग्रामीण की मौत सोमवार की देर शाम इलाज के क्रम में रिम्स में हो गई। जानकारी के अनुसार काटमकुली निवासी अशोक साहुएबलराम साहु तथा दिनेश साहु को जमीन विवाद में दूसरे पक्ष के आरोपियों द्वारा हरवे हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। परिजनों द्वारा तीनो घायलों को बेहतर इलाज के लिये रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के क्रम में अशोक साहु 45 वर्ष की मृत्यु सोमवार की देर शाम हो गई। घटना को लेकर ग्रामीणों में प्रशासन के उदासीन रवैया को लेकर आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के चीत्कार से गांव में माहौल गमगीन है।

## अनगड़ा : अवैध बालू लदा हाईवा जब्त

**अनगड़ा ।** मजिस्ट्रेट के साथ विशेष छापामारी अभियान में निकले खनन विभाग के अधिकारी और सुरक्षावलों ने रविवार की रात मे बालु का अवैध परिवहन करते हुए बालु लदा हाईवा को पकड़ अनगड़ा थाना के हवाले कर दिया उक्त हाईवा हाहे रहे रोड पर अनगड़ा थाना क्षेत्र के बोंगाई बेड़ा के पास से पकडा गया सूचना यह भी है कि इसी रूट से टाटी सिलवे थाना क्षेत्र से भी बालू लदे दो हाईवा को पकड़ा गया है जिसे टाटी सिलवे थाना के हवाले किया गया । इन बालू लदे हाईवा को पकड़ जाने पर बालू माफियाओं के बीच हड़कम मच गया है । मालुम हो कि दस जून से एनजीटी के तहत सरकार की ओर से बालु उठाव पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है बावजूद बालु का अवैध परिवहन जारी है।

## शिक्षक के निधन पर स्कूल में कुरआन खानी

**इटकी।** गुलजार रोड स्थित अल कौसर गर्ल्स हाई स्कूल व दर्सगाह इस्लामी के शिक्षक मुर्शिद अंसारी के निधन पर सोमवार को विद्यालय परिसर में कुरआन खानी सह यादगार पल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक अंसारी के असमायिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। विद्यार्थियों ने उनके सम्मान में नज्म व नात सहित अन्य प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में नाजियाए फिरदौसए इरफान अहमद व एनामुल्लाह रहमत के अलावा शिक्षक शिक्षिकायें शामिल थे।

## बाइक चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**चान्हो।** पुलिस ने सोमवार को चटवल निवासी मो जुनैद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जुनैद के ऊपर चोरी का मोटरसाइकिल खरीद बिक्री करने का आरोप है। वर्तमान में जुनैद आजाद बस्ती गुमला स्थित अपने ससुराल में रहता था। उसकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी कर लाए गए तीन बाइक भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जुनैद गुमला सहित अन्य स्थानों से बाइक चोरी कर लाता था और इधर उधर बेचता था। इस सूचना पर रविवार को उसे हूंटार बाजारटांड़ के पास से चोरी के एक बाइक के साथ पकड़ा गया था। उसकी निशानदेही पर दो अन्य चोरी की बाइक बरामद किया गया।

# बिजली पोल से टकरा कर बाइक सवार घायल, शव की सूचना पर पहुंची पुलिस

### रातभर दुर्घटना स्थल पर बारिश में भिंगता रहा घायल बाइक सवार



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी के पास एक अज्ञात शव होने की सूचना पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस पहुंची। गिरे युवक को जब उठाया तो उसकी सांसे चल रही थी। घटना स्थल पर एक पल्सर बाइक गिरा पड़ा था। वहीं युवक के माथें पर गहरे चोट का निषान था। संभावना जताया जा रहा है कि रविवार रात रामगढ़ से रांची की ओर तेज रफ्तार से जा रही बजाज पल्सर बाइक जेएच01 ईसी-3878 में सवार युवक जैविक उद्यान के प्रवेश द्वारा के पास एक बिजली पोल से टकरा दुर्घटना ग्रस्त हो गया। सोमवार सुबह सड़क किनारे गिरे बाइक व युवक को देखकर पुलिस को सूचना दी गई। घायल युवक जैविक उद्यान के बाउंड्रीवाल से सटे कचरे में पड़ा था। राह से गुजरते लोग भी युवक को मृत समझ देख रहे थें। जब पुलिस ने उठाया तो रातभर हुई बारिश में भिंगने से उसका शरीर ठंड से कंप रहा था। समाचार लिखे जाने ते युवक की पहचान नही हो सकी थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने कहा युवक की पहचान नही हुई है। पता लगाने का प्रयास की जा रही है। वहीं बाइक के निबंध संख्या से उसकी पहचान शंकर गोरांई पिता लक्ष्मीकांत गोरांई के रूप में किया जा रहा है। पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर घायल को उपचार के लिए ले जाया गया।

## चान्हो : कार पेड़ से भिड़ी, पांच घायल

चान्हो। थाना क्षेत्र के चामा- मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ पर रामदगा के निकट एक कार के पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना सोमवार सुबह लगभग पांच बजे की है। इस हादसे में कार चला रहे धमधमिया खेलारी निवासी बत्तीस वर्षीय ललन सिंहए पूजा कुमारीए वर्षा कुमारीए किरण कुमारी एवं पूर्णिमा कुमारी घायल हो गये। घटना के बाद पुलिस ने सभी को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि ललन सिंह सीसीएल कर्मी हैं और वह रांची स्थित मुख्यालय में पोस्टेड हैं। वे अपने परिजनों के साथ किसी बच्चे की बर्थडे पार्टी में शामिल होने शनिवार की शाम को मैकलुस्कीगंज आये थे और वहीं से शनिवार की सुबह अपनी वेन्यू कारए जेएच 01ईजी 4188 से रांची वापस लौट रहे थे। इसी बीच झपकी आने से उनकी कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से निकालकर चान्हो पुलिस ने रेफरल अस्पताल पहुंचाया।

## जोबला घाटी में अलकतरा लदा ट्रक पलटा, सड़क जाम

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी–गोला पथ के जोबला घाटी में अलकतरा से लदा एक ट्रक बीच सड़क में अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना सोमवार दोपहर करीब तीन बजे की है। ट्रक मुंबई से अलकतरा लेकर बोकारो जा रही थी । घाटी के ढलान में चालक ने ट्रक पर अपना नियन्त्रण खो दिया। बीच सड़क में पलटने से देर शाम तक वाहनों का आवागमन बाधित हो गया था। इस दौरान सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। बाद में सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग पुतरीडीह घाटी से हो कर भेजा जा रहा था।

## अच्छी पैदावार के लिए ग्रामीणों ने की ग्राम देवता की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के तिलाईपिड़ी गांव के ग्राम थान स्थान में सोमवार को ग्रामीणों ने ग्राम की सुख.शांति व फसल की अच्छी पैदावार के लिए ग्राम पूजा की। गांव के पाहान पुष्कर महतोए प्रधान महतो और अशोक महतो ने ग्राम देवता की पूजा.अर्चना किये।इस दौरान एक ही रंग के मुर्गेए बकरा ओर भेड़ की बलि दी गयी। मान्यता है की ग्राम देवता अगर खुश होंगे तो फसल की अच्छी पैदावार होगी। फसल की बुआई करने के पहले ग्रामीण ग्राम पूजा करते है।तिलाईपिड़ी गांव में ग्राम पूजा काफी उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। ग्राम पूजा के पूर्व गांव के सभी महिलाओं ने अपने.अपने घरों की गंदगी को घड़ा या मिट्टी के बर्तन में रख कर गांव के बाहर फेंक आये। मान्यता है ऐसा करने से घर के नकारात्मक प्रभाव खत्म होता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ग्राम देवता की पूजा करने से गांव में प्राकृतिक आपदा जैसे द संक्रामक बीमारियांए बाढ़ए आगए अशांतिए रोगों आदि से दूर रहता है। ग्राम पूजा करने से गांव की सीमा के भीतर अप्रिय घटना आदि से राहत मिलता है।

## लूटपाट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**खलारी।** रेलवे स्टेशन मास्टर से हुई लूटपाट का खुलासा मैकलुस्कीगंज पुलिस ने किया। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हुटाप पुलिया के पास दिनांक 9 जून के रात्रि रेलवे स्टेशन मास्टर जितेंद्र कुमार से हुई लूटपाट के मामला को लेकर उद्भेदन किया । मैकलुस्कीगंज पुलिस के अनुसार पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लूटकांड के अपराधी अभियुक्त सचिन कुमार लोहरा उर्फ सचिन कुमार विश्वकर्माए पिता गुड्डु लोहरा महावीर नगर थाना खलारी को गिरफ्तार करते हुए मैक्लुस्कीगंज थाना कांड सं0. 21९23 में लुटी गई सैमसंग कम्पनी का स्क्रीन टच काला रंग क मोबाईल को जप्त किया। गिरफ्तार निशानदेही सुहैल अंसारी की लूटी गई बाइक को भी पुलिस ने बरामद कर लिया।

# कुल्ली गांव के पनफट्टा जंगल में हाथी की मौत

### प्रखंड क्षेत्र में हाथी के मरने की यह तीसरी घटना

### मृत हाथी की कई ग्रामीणों ने की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के कुल्ली गांव के पनफट्टा जंगल के निकट रविवार की रात एक जंगली हाथी की मौत हो गयी। हाथी की मौत की खबर पाकर उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोगों ने हाथी की पूजा भी की। सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों व चिकित्सकों का दल घटनास्थल पहुंच कर हाथी के शव का पोस्टमार्टम कर घटनास्थल पर ही दफना दिया गया। जानकारी के मुताबिक करीब एक वर्ष के अंदर प्रखंड में हाथी की मौत की यह तीसरी घटना है। इससे पूर्व 23 जुलाई 2022 को केवन्द बेड़ा व 10 अप्रैल 2023 को हरही गांव के समीप हाथी की मौत संभवतः विधुत करंट से ही हो चुकी है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के कुल्लीए भंडरा व चिनारों.पुरियो के जंगलों में हाथियों ने अपने स्थायी अड्डा बना रखा है। भोजन पानी की तलाश में हाथी जंगलों से निकल कर खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाते हैं। किसानों द्वारा जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए बिजली के तार को खेत के किनारे डाल दिए जाते हैं। शायद इसी तार की चपेट में आने से रविवार रात में जंगली हाथी की मौत हो गयी। इटकी प्रखंड के भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ शिवानंद काशी, बेड़ो के डॉ नवीन कुमार, नगड़ी के डॉ अभिमन्यु प्रसाद व वन विभाग के अलावा पशुपालन विभाग की एक टीम ने हाथी का पोस्टमार्टम किया।



मृत हाथी को देखने पहुंचे आसपास के ग्रामीण

## एक नजर में

### तुको में शिवम डायगोनोसिस प्वाइंट खुला



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुको गांव में बेड़ो लोहरदगा मार्ग के न्यू मार्केट कॉम्प्लेक्स में सोमवार को शिवम डायगोनोसिस पॉइंट का शुभारंभ भाजपा ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष भीखा उरांव व भाजपा नेता चंद्र किशोर उरांव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। मौके पर भीखा उरांव ने कहा डायगोनोसिस सेंटर के खुलने से यहां के लोगो को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने लोगों को इससे अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। वही संचालक राजेश कुमार ने कहा ग्रामीण आसानी से सभी रोगों के लिए सस्ते दर पर जांच करा सकते हैं। मौके पर मुखिया महावीर उरांवए पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव वार्ड सदस्य बेबी देवीएबलराम सिंहए विजय तिर्कीएबंधना उरांवए खेदुवा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### रोजगार के लिए युवकों ने हाईवा को साइडिंग जाने से रोका



**पिपरवार।** बचरा बस्ती के स्थानीय युवकों ने रोजगार की मांग करते हुए बचरा साइडिंग में जाने वाले कोयला ढुलाई वाले हाईवा ट्रकों को साइडिंग में जाने से रोक दिया। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी के कोयला ब्लॉक चट्टी बरियातू से बचरा साइडिंग तक कोयले की ढुलाई हो रही है जिसको एनटीपीसी द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में संचालित अपने पावर प्लांट में भेजा जाता है। स्थानीय युवकों की मांग है कि इस कार्य में स्थानीय युवकों को रोजगार दिया जाए।हाइवा ट्रकों को रोके जाने पर एनटीपीसी के सुरक्षा बलों ने अपने अधिकारियों से युवकों की बात कराई। अधिकारियों द्वारा सकारात्मक आश्वासन मिलने पर पुनः कोयला ढुलाई का काम शुरू हो गया।

### विश्रामपुर, तुमांग के प्रभावितों को विस्थापित करे सीसीएल प्रबंधन : रवींद्र पासवान

**खलारी।** ऑल इंडिया एससीध्एसटीध्बीसी इंपलॉइज कॉर्डिनेशन काउंसिल के एनके एरिया अध्यक्ष रविन्द्र पासवान ने सीसीएल सीएमडी को पत्र प्रेशित कर एनके एरिया अंतर्गत विश्रामपुर एवं तुमांग पंचायत में खदान से प्रभावित ग्रामीणों को जल्द विस्थापित करने की मांग किया है। पत्र के माध्यम से श्री पासवान ने उपरोक्त विषय पर कहा कि विश्रामपुर पंचायत के केडीएच खदान से प्रभावित गांव जेहलीटांडए जामुन दोहरए करकट्टा कॉलोनी तथा तुमांग पंचायत के खिलान धौड़ाए करकट्टा दुर्गा मंडप कॉलोनी के ग्रामीण मौत के साये में जीने को मजबूर है। उक्त सभी गांव और टोला पुर्व में चली हुई भूमिगत खदान पर स्थित हैए तथा वर्तमान में इनके बगल में केडीएच खुली खदान है। आए दिन इन क्षेत्रों में भू.धसान की घटनाएं होती रहती है। साथ ही बंद भूमिगत खदान से जहरीली गैस का रिसवा भी हो रहा है। इन क्षेत्रों में जगह.जगह काफी गहरी दरारे आ गयी है।

# विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान

### समर्पणदीप बीएड कॉलेज में मना विश्व नशामुक्ति दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में विश्व नशामुक्ति दिवस की धूम रही। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य कार्यक्रम समर्पणदीप बीएड कॉलेज में आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने पोषक क्षेत्र में रैली निकाल जागरूकता अभियान चलाया और नुक्कड़ का मंचन कर नशा से दूर रहने की अपील की। प्राचार्य प्रो रजनीश पांडेय व डॉ आईएस होरो ने नशा से होने वाली बीमारी और दुष्परिणामों की जानकारी दी। चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवलकिशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह व शैलेन्द्र सिंह ने भी अपनी बातें रखी। संचालन वाशिफ शाह ने किया।



### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

विभागाध्यक्ष दशरथ महतो, सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार भगत, शशि कुमारी तिर्की, लीना कुमारी, कन्हैया लाल केशरी, अच्युतानंद मिश्र, कुमारी पुष्पा सिंह, हरजीत कौर, ऋतू जया करकेट्टा, शालिनी सिन्हा, श्रयसी बनर्जी, कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो, वैशाली, प्रकाश गोप, हर्षा गोयल, क्षितिज सिन्हा, रश्मि रॉय, मनोहर, आशीष, सुधीर, विजय, अमृत, कोमल, अंजलि, सरफराज और नेहा।

# अनगड़ा में बकरीद का पर्व शांति से मनाने का निर्णय

### अनगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक



शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना परिसर अनगड़ा में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुयी बैठक में आगामी 29 जून को बकरीद का त्यौहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक मे थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि त्यौहार के मधेनजर विशेष चौकसी बरती जाएगी । इस काम मे सुरक्षा बलों को लगाया जाएगा साथ ही वे स्वंय गस्ति करेगें । बैठक मे थाना के एएसआई सोनालाल बेसरा को जिनका एस आई के पद पर प्रोनति और स्थानांतरण होने पर उन्हे शान्ति समिति के सदस्यों और थाना के स्टाप ने शाल ओढ़ा कर और बूके देकर सम्मानित किया गया और बिदाई दी गयी शान्ति समिति की बैठक में प्रमुख दीपा उरॉव पुलिस इन्स्पेक्टर नीरज कुमार मुस्तफा अन्सारी रामकृष्ण चौधरी रामपोदो महतो वीरेन्द्र सिंह भोक्ता जलनाथ चौधरी मुखिया रौशन लाल मुन्डा मुमताज खान सखीचन्द महतो प्रवेज खान ग्राम प्रधान शिबु मुन्डा श्रीनाथ मुन्डा समसाद अन्सारी धनी राम महतो बरतु मुन्डा सलीम अन्सारी दशरथ पहान समीर अन्सारी सिदिक अन्सारी ख्वानी राज पंस सदस्य शीला देवी राजेन्द्र महतो घनेनाथ महतो शहनवाज खान एएसआई सचिन लकडा एसआई अमर सिह सरजू प्रसाद बीपीओ अवनिन्द्र कुमार राजेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# संयुक्त निदेशक के आदेश को नहीं मानते अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** सरफराज अंसारी झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार ओफाज के द्वारा संचालित परंपरागत कृषि विकास योजना ;पीण्केण्वीण्वाईद्ध एवं नेशनल प्रोग्राम फॉर ऑर्गेनिक प्रोडक्शन ;एनपीओपीद्ध योजना से संबंधित सात बिंदुओं पर सूचना मांगा गया था। पीआईओ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारीए ओफाज के द्वारा 30 दिन के अंदर सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया। संयुक्त निदेशक उद्यान सह प्रथम अपीलीय पदाधिकारी झारखंड रांची के समक्ष प्रथम अपील दायर किया। सीपीआईओ के द्वारा तिथि निर्धारित कर सुनवाई की गई। सुनवाई के तत्पश्चात इन्होंने आदेश दिया की पत्र प्राप्ति के दस दिनों के अंदर तिथि निर्धारित कर संबंधित संचिकाध्अभिलेख पत्र आदि का निरीक्षण का अवसर प्रदान करते हुए नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराएं। इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता सरफराज अंसारी का कहना है कि आदेश प्राप्त होने के दो महीनों बाद भी कोई भी पत्राचार मुझे प्राप्त नहीं हुआ है और ना ही कोई संचिका ध्अभिलेख पत्रए सूचना प्राप्त हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि वरीय पदाधिकारि शशि भूषण अग्रवाल संयुक्त निदेशक उद्यान सह प्रथम अपील अधिकारी झारखंड रांची के द्वारा जारी आदेश को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ;सीईओद्ध ओफाजए रांची झारखंड नहीं मानते हैं और अपने पद और पावर का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## चित्रपट झारखंड फिल्म महोत्सव मद खलारी के अभिनंदन राम सम्मानित




खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी में चित्रपट झारखंड के तहत फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया। इस फिल्म महोत्सव में खलारी के अभिनंदन राम की झारखंड जनजाति संस्कृति थीम पर बनी नागपुरी लघु फिल्म ष्बीरूवा ए विपेज स्टोरीष को काफी सराहा गया है। फिल्म महोत्सव में फिल्म के निर्देशक व निमार्ता अभिनंदन राम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। वही इस संबंध में जानकारी देते हुए अभिनदंन राम ने बताया कि चित्रपट झारखंड के तहत फिल्म महोत्सव में शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का स्क्रीनिंग हुआ। जिसमें झारखंड के कई जगहों से आए लोगों ने शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का स्क्रीनिंग किया। साथ ही उन्होने बताया कि सम्मान मिलने से उनका हौसला बढ़ा है। नागपुरी फिल्मों में अपना कैरियर बनाना उनका लक्ष्य है। वर्तमान में रांची व लातेहार जिले से सामाजिक.संस्कृति संबंधित फिल्म पर काम किया जा रहा है। उन्होने कहा कि उनकी नागपुरी लघु फिल्म ष्बीरूवा ए विपेज स्टोरीष दर्शकों को काफी पसंद आएगा।

# बेरोजगारी से युवाओं की जिंदगी तबाह : सुबोधकांत

### कांग्रेस के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में महंगाई पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा अंग्रेजों जैसी नीति अपना रही है। निजीकरण से लाखों की नौकरी चली गयी। बेरोजगारी से युवाओं की जिंदगी तबाह हो रही है। महंगाई से गृहणियां बेहाल है। महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। नौ साल में देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी और प्रधानमंत्री विकास का ढिंढ़ोरा पीट रहे हैं।



श्री सहाय ने नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को मणिपुर हिंसा के लिये जिम्मेवार ठहराते हुये सत्ता की लालच में नफरत फैलाने का आरोप लगाया। वह रवि स्टील चौक स्थित पद्मावती बैंक्वेट हॉल में पार्टी की ओर से आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री सहाय ने पार्टी से कोई टूटे नहीं और कोई रूठे नहीं का नारा दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता के लिये अच्छे दिन तो नहीं आयेए लेकिन मोदी-शाह के बुरे दिन आने वाले हैं।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

शकुंतला उरांव, वरुण उरांव, अशोक गुप्ता, दिलबोधन साहू, राजेश पांडेय, शंकर उरांव, मो मोजिबुल्लाह, रवि शंकर, सुशांत उरांव, सुखदेव उरांव, जयश्री उरांव, सुखमनी भगत, फुलमनी मुंडा, मोबिन अंसारी, रवि मुंडा, अभिषेक सिंह, जसमुद्दीन अंसारी, मंसुर आलम, कुसुम देवी, रमेश नाथ शाहदेव, हुसे उरांव, अभिराज, सिंदबाज, अनीसुर्रहमान अंसारी, प्रेमलता तिग्गा, कमल कुमार, महावीर भगत, प्रकाश उरांव, सुखदेव उरांव व सोमा उरांव आदि सैकड़ों।

### केंद्र में बनेगी यूपीए की सरकार : अजय नाथ

प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि 2024 के लोस चुनाव में पार्टी की प्रचंड जीत होगी। भाजपा से लोगों का मोह भंग हो गया है। जनता की उम्मीदें कांग्रेस पर टिकी है। चुनाव बाद केंद्र में यूपीए की सरकार बनेगी। उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिकता की आड़ में सामाजिक समरसता को बिगाड़ने का आरोप लगाया। श्री शाहदेव ने सरना धर्म कोड की जोरदार वकालत की।

### चुनावी तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : डॉ राकेश

ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने संगठन के सभी इकाई में महिलाए युवा और समूह की बहनों को जगह दिये जाने की बात कही। कुशल उरांव को पंचायत और प्रखंड कमेटी की विस्तार का निर्देश देते हुये कार्यकर्ता से चुनाव की तैयारियों में जुट जाने और पार्टी नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत बनाने का आह्वान किया। मेरी तिर्कीए सुंदरी तिर्की, अक्लिमा खातून, लक्ष्मी भगत, जमील अख्तर, भुपनेश्वर महतो, जहीर मंसुरी, नौशाद आलम, रेयाजुल अंसारी व रीता चौधरी आदि ने भी अपनी बातें रखी।

स्पीड न्यूज

## जागृति युवा क्लब के सचिव ने किया रक्तदान

**गढ़वा।** जागृति युवा क्लब जोबरईया के सचिव एवं झामुमो गढ़वा जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार अग्रवाल एक यूनिट रक्तदान कर बच्ची की जान बचाई। आशीष ने जपला के हुसैनाबाद निवासी 18 माह की अनन्या कुमारी के लिए सीएमसी वेल्लोर में रक्तदान किया। ज्ञात रहे कि अनन्या किडनी में कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रही है। विगत डेढ़ माह से वेल्लोर में इलाजरत है। आशीष भी अपने पुत्र के इलाज के सिलसिले में सीएमसी वेल्लोर में ही है। ऐसे में जब उन्हें रक्तदान संबंधी जानकारी मिली उन्होंने मानवता की सेवा के लिए तत्काल रक्तदान करने का निर्णय लिया। रक्तदान के पश्चात श्री अग्रवाल ने अनन्या से मुलाकात कर उसके स्वस्थ जीवन की कामना की।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**रमना।** प्रखंड में शांति, सौहार्द और भाईचारगी से बकरीद मनाने को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख करुणा सोनी ने की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि त्योहार को प्रेम और भाईचारगी के साथ मनाएं। प्रशासन उपद्रवी तत्वों पर विशेष नजर रखेगी। किसी भी अनहोनी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई हो सके। पर्व और त्योहार का उद्देश्य आपस में भाईचारगी बढ़ाना होता है। त्योहार को त्योहार की तरह मनाने की जरुरत है।

## बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र से सटे गांव पिहरा, खेरडा जिला गिरीडीह निवासी की मौत बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 11 बजे खेरडा पिहरा निवासी 50 वर्षीय योगेंद्र भुइयां पिता सीता मांझी के घर में शादी का माहौल था। इसी दौरान उक्त व्यक्ति बिजली तार के चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा (कोडरमा)।** सिविल सर्जन के सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने शपथ दिलाया कि युवक किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। मौके पर डॉ.शरद कुमार, महेश कुमार, पवन कुमार, संजय कुमार, प्रकाश रवि, ललन कुमार, अजीत कुमार, संजय कुमार वर्मा, सुलोचना कुमारी, अंजली कुमारी, मुकेश राणा, अजय कुमार, गणेश कुमार दास, आदित्य कुमार समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## सरकारी निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किसानों को मिल रहा है बीज

**भवनाथपुर।** अनुदानित मूल्य पर खरीफ फसल का बीज देने के लिए खोले गए केंद्रों पर प्रखण्ड के किसानों को सरकारी निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बीज का वितरण किया जा रहा है। जिससे किसानों के आय दुगनी करने का किसानों का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। जबकि हैरानी इस बात की है कि केंद्र संचालक द्वारा सरकारी बीज वितरण के गोदाम में ही अपनी निजी बीज दुकान संचालित कर रहा है। बता दे कि कृषि विभाग द्वारा अनुदानित मूल्य पर किसानों को बीज उपलब्ध कराने के लिए सिंदूरिया पैक्स एवं भवनाथपुर व्यापार मंडल उपलब्ध कराया है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि किसानों को अनुदानित मूल्य से ज्यादा मूल्य पर बीज दिया जा रहा है तो हम जांच कराते हैं जांचो उपरांत सही पाया गया तो कार्रवाई किया जाएगा।

# फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 20 लाख की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

## भेजे गये जेल, दो की तलाश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता





**जयनगर (कोडरमा)।** फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर 20 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, शेष दो आरोपियों की तलाश जारी है। इनके पास से घविभिन्न बैंक अकाउंट का डेबिट कार्ड, 15 फर्जी स्टांप जिसमें छह जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नाम का हैं, विभिन्न पदों के फर्जी नियुक्ति पत्र, विभिन्न विभागोंघ एसबीआई, इंडियन रेलवे, इंडियन पोस्टघ ऑफिस के नाम फर्जी आईडी कार्ड, लैपटॉप, प्रिंटर, 7 मोबाईल, 2 आवेदक का मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 4 चेकबुक, 3 पेनड्राइव व 1 बुलेट बरामद किया गया है। उक्त जानकारी रविवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने दी। उन्होंने बताया कि छापेमारी कर रांची से मो.हुसैन, अख्तर अंसारी व पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो अन्य आरोपी मो. रहमान व आलम अंसारी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल 8 लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए ठगी कर ज्वाइनिंग लेटर दी गई है। उन्होंने बताया कि जयनगर थाना निवासी प्रमिला वर्णवाल की ओर से थाने में मामला दर्ज कराया गया था। कांड के उद्भेदन को लेकर वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सूचना संकलन व तकनीकी सहायता से छापेमारी की गई, जिसमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। वहीं उन्होंने बताया कि फर्जी नौकरी दिलाने के नाम पर इन लोगों द्वारा झारखंड के अलावे बिहार, बंगाल सहित कई जिलों में इन लोगों का रैकेट चल रहा है।घ पुलिस द्वारा लगातार छापामारी की जा रही है। इस रैकेट में शामिल अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। अब तक लगता है इस गिरोह से लगभग झारखंड, बिहार, बंगाल में लगभग 20 हजार लोगों से ठगी किया होगा। मौके पर इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, पुलिस अवर निरीक्षक पंचम तिग्गा, दिलीप मंडल, सुनील पासवान सहित अन्य पुलिस मौजूद थे।

## बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड सह अंचल परिषर सभागार में सोमवार को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में करवाई गई।

प्रशिक्षुक डीपीआरओ दिगंबर पांडेय कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार ने दिलवाए। इस प्रशिक्षण में राजनीतिक दल के लोग एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। जहां बताया गया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित 1 जनवरी 2024 तक कार्य को पूर्ण करना है। तथा सभी राजनीतिक दल के लोगों को एवं जनप्रतिनिधियों को बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर का सहयोग करना है। बैठक में उपस्थित भाजपा मंडल के प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद से महामंत्री मनोज कुशवाहा एवं दर्जनों बीएलओ उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित

**गिद्धौर।** प्रखंड सहा अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक ने सोमवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित एक बैठक किया। जिसमें सभी विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधि राजनीतिक दल के लोग एवं गणमान्य लोगों उपस्थित थे। बैठक में अंचलाधिकारी ने बताया कि बरसात के मौसम में वज्रपात,सर्पदंश,पानी में डूबने व अन्य किसी भी व्यक्ति एवं जीव जंतु को क्षति होता है। तो उसकी जानकारी अंचल को जरूर करें।

## स्वास्थ्य उप केंद्र रहते हुए प्रसव, महिला को ग्रामीण महिलायों ने कराया प्रसव

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत करियावांघ पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप केंद्र कुशाहनघ में सुगासांखघ कि एक गर्भवती महिला आरती देवी पति अरविंद यादव को प्रसव पीड़ा होने पर उसके परिजन प्रसव कराने स्वास्थ्य उप केंद्र कुशाहन ले आये जहां स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका हुआ पाया गया। वहीं गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से छटपटाते रही, तभी महिलाओं ने साड़ी का पर्दा डालकर महिला का प्रसव कराया एवं बच्चे की नाड़ी काटने के लिए गांव के ही एक बुजुर्ग महिला को बुलाकर नाडी कटवाया गया। जिसके बाद पीड़ित महिला के परिजनों ने निजी क्लिनिक में जच्चा बच्चा का स्वास्थ्य जांच करा कर घर ले गए, जहां जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। वहीं ग्रामीणों में सुदीप यादव, धानो यादव, महेंद्र पासवान, चंद्रिका देवी ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य केंद्र बराबर बंद रहता है, जिससे गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने 15 किलोमीटर दूर झुमरीतिलैया या फिर सदर अस्पताल जाना पड़ता है।

## डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में डी.एम.एफ.टी. अंतर्गत सभी पी.आई.ए (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन ऐजेंसी) द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त श्री अबु इमरान द्वारा डी.एम.एफ.टी अंतर्गत विभिन्न योजनाओं यथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मॉडल चाइल्ड वार्ड का निर्माण व शुद्ध पेयजल हेतु वाटर फिल्टर का अधिष्ठापन, शिक्षण संस्थानों में आवयश्क उपकरणों का अधिष्ठापन व खेल मैदानों का उन्नयन और खेल/शिक्षण सामग्री की उपलब्धता, भिंड मोहल्ला स्तिथ आवासीय विद्यालय की मरम्मती समेत अन्य संबंधित सभी योजनाओं के संचालन की समीक्षा की गई। सभी योजनाओं की क्रमवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है उन योजनाओं को आगामी 15 जुलाई 2023 तक पूर्ण किया जाए तथा जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया अपूर्ण है उनकी निविदा प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कर कार्य सम्पन्न करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी कार्य कर रहे सभी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

एक नजर में

## लंबित आरोपों से संबंधित मामले की समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में लंबित आरोपों से संबंधित मामले की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा उप विकास आयुक्त कार्यालय, निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन कार्यालय, स्थापना उप समाहर्ता कार्यालय, नजारत उप समाहर्ता कार्यालय, राजस्व कार्यालय एवं जिला परिषद कार्यालय में लंबित आरोपों की समीक्षा की गई। सभी लंबित आरोपों की क्रमवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निदेश दिया कि सभी मामलों का ससमय निष्पादन किया जाए तथा गंभीर और जटिल मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। बैठक में डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर संपन्न हुआ शांति समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव के अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की गई। इस दौरान थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर पैनी नजर रखा जाएगा। पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी सूचना प्रशासन को दें।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक जिला परिषद पत्ती बालेश्वर यादव भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी सुरेश राणा मुकेश साव देवनारायण दांगी दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने सेवानिवृत शिक्षकों को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे जनसंपर्क महा अभियान के तहत सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने राहम के सेवा निवृत सीसीएल सिक्योरिटी इंस्पेक्टर फुडेश्वर भुईयां, सेवा निवृत कर्मचारी भरत नारायण पांडेय, सीसीएल एरिया मैनेजर सुदामा पांडेय, रूद्र नारायण पांडेय, जालिम सिंह,रामप्रताप सिंह, आलिम मियां को घर पर पहुंचकर अंगवस्त्र और मोदी जी के नौ वर्ष के कार्यों से संबंधित पत्रिका को देकर सम्मानित किया। सम्मानित जनों के साथ उपस्थित सबों ने मोदी जी के नौ वर्ष के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत का मान पूरे विश्व में बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज हमारा देश आन्तरिक एवम बाह्य दोनों मामले में भारत समृद्ध और सशक्त हुआ है। मौके पर भागवत प्रसाद गुप्ता, अरूण पांडेय, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजमणि सिंह, मंडल मंत्री सरोज पांडेय, अरविन्द पांडेय, संदीप कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# विस्थापितों की आवाज बने चन्दन, डीसी को सुनाई उनकी पीड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता




समाहरणालय में प्रदर्शन करते विस्थापित दुकानदार

**गढ़वा।** अतिक्रमण करने के आरोप में दानरो नदी तट स्थित मिनी बस स्टैंड से हटाए गए ठेले व गुमटी वाले दुकानदारों का हाल खस्ता है। उनका रोजी रोजगार पूरी तरह ठप है और वे स्थाई दुकान की मांग को लेकर बेहाल हैं। आगे के जीवन जीने की उम्मीद खो रहे ऐसे दुकानदारों में उस समय उम्मीदें जग उठी जब उन्हें गढ़वा नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल का साथ मिला।

चन्दन जायसवाल के नेतृत्व में विस्थापित दुकानदारों ने स्थायी दुकान की मांग करने डीसी कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी पीड़ा से प्रशासनिक पदाधिकारियों को अवगत कराया और डीसी को मांग पत्र सौंपकर जीवन रक्षा की गुहार लगाई। दुकानदारों ने कहा कि उनकी रोजी रोटी छीन गयी है। उनका परिवार एक-एक दाने के लिए मोहताज हो गया है।

डीसी को समर्पित मांग पत्र में ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया है कि दानरो नदी तट पर स्थित मिनी बस स्टैंड पर ठेले और गुमटी वाले अस्थाई दुकान लगाकर अपना जीविकोपार्जन कर रहे थे। परंतु प्रशासन एवं नगर परिषद गढ़वा के द्वारा उसे अवैध अतिक्रमण मानते हुए उन्हें विस्थापित कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि इन विस्थापितों में सभी नगर परिषद क्षेत्र के पिछड़े एवं दलित समाज के अति गरीब लोग हैं। जिनका जीविकोपार्जन इसी व्यवसाय से चल रहा था।

**डीसी से स्थायी दुकान की मांग :** विस्थापित दुकानदारों ने डीसी से मिनी बस स्टैण्ड क्षेत्र में रोजगार के लिए स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की ताकि उन्हें अपने घर परिवार के भरण पोषण की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाये। साथ ही उनके परिवार का भरण पोषण सुचारु रूप से चल सके।

**विस्थापित दुकानदारों में ये हैं शामिल :** अतिक्रमण हटाने के बाद विस्थापित दुकानदारों में प्रसाद केशरी, शत्रुघ्न कुमार महतो, सन्तोष दास, प्रह्लाद विश्वकर्मा, नितिन कुमार, विशाल कुमार, राकेश कुमार, बजरंगी कुमार, विक्रमा विश्वकर्मा, मनोज दास, रवि कुमार, रामकिशून राम, सत्यनारायण राम, देव कुमार, संतोष दास, मनीष कुमार, दीपक दास, अरुण राम, दद्दू ठाकुर, डब्लू कुमार, मो फि रोज, हुसैन खां शामिल हैं। आज सभी लोगों ने डीसी कार्यालय पहुंच कर डीसी से गुहार लगायी।

# चंद्री गायत्री शक्तिपीठ में भूत प्रेत भगाने का दृश्य वायरल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के चंद्री शक्तिपीठ मंदिर में भुत भगाने का खेल का विडियो यूट्यूब पर क्षेत्र में जोरो से वायरल हो रहा है। कहीं गायत्री मंदिर शक्ति पीठ को बदनाम करने की कोशिश तो नहीं की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष सह मझिआंव के गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल के सदस्य आनंद विश्वकर्मा उर्फ आनंद महाराज द्वारा समाज में अंधविश्वास फैलाने का मामला प्रकाश में आया है।

बताया जाता है कि यू ट्यूब पर आनंद महाराज नाम का एक चैनल भी खोला गया है। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में एक महिला पर भूत प्रेत सवार हैं और वे यह कहते नजर आ रहे हैं कि आनंद महाराज द्वारा देखिये कैसे भूत पिशाच भगाया जा रहा है। वहीं एक लड़की को भुत खेलाने का प्रेसर देते हुए मानवता को शर्मसार करने वाली जैसी मारपीट एवं बाल पकड़ कर मारने का भी विडियो वायरल हुआ है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले जब मझिआंव निवासी घनश्याम प्रसाद की पत्नी को कहा गया कि आपका वीडियो यू ट्यूब पर चल रहा है, तब उसने कहा कि इसके बारे में वह नही जान रही है। इसके बाद वह बोली कि जा रहे हैं आनंद महाराज से कह कर हटवा देंगे।

पूरे क्षेत्र में यह चर्चा है कि किसी को किसी तरह का पिसाच लगा हो या बच्चा नहीं हो रहा है तो वे अपने गायत्री मंत्र के माध्यम से संभव कर देंगे। बताया जाता है कि सभी कार्यों के लिए अलग अलग फीस तय है, जो कम से कम ग्यारह हजार से इक्यावन हजार रुपये तक तय किया गया है। चर्चा है कि आनंद महाराज के सगे भाई मझिआंव गायत्री परिवार के सह समन्वयक देवमुनि विश्वकर्मा के आवास पर दिन के दस बजे के बाद उनके द्वारा प्रेत बाधा से पीड़ित महिला का उपचार भी किया जाता है। दबे जुबान से लोग यह कहने से भी नही हिचक रहे हैं कि गायत्री परिवार की आड़ में आनंद विश्वकर्मा द्वारा अपने कमाई का जरिया बनाते हुए अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जा रहा है। और अखिल विश्व गायत्री परिवार की छवि को खराब करने का काम किया जा रहा है।

लेकिन सैकड़ों लोगों के सहयोग से मंदिर बनवाया गया है और किसी व्यक्तिगत के द्वारा बदनाम करने के लिए साजिश रची जा रही है या गायत्री परिवार के सहमति से ऐसा किया जा रहा है। इस संबंध में गायत्री परिवार के जिला संयोजक विनोद पाठक ने कहा कि इसका गायत्री परिवार से कोई लेना देना नहीं है। आनंद विश्वकर्मा जो यह कर रहा है, वह धोखे से उसको गायत्री शक्तिपीठ में लाया था, जब वहां कोई नहीं था। यह वीडियो देखने के बाद आनंद को हमेशा के लिए शक्तिपीठ में आने के लिए पाबंदी लगा दी गयी है। यू ट्यूब में डाले गए वीडियो को डिलीट करने के लिए बोला गया है, अन्यथा उनपर अंधविश्वास फैलाने के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गयी है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने कहा कि अगर इस तरह से किया जा रहा है और अंधविश्वास फैलाया जा रहा है तो यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि इसकी सत्यता जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन अवैध रूप से यु टुयुब जो अंधविश्वास फैलाने वाला हो, कानूनी जुर्म है जांचो उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## पॉलिटेक्निकल कॉलेज के उद्घाटन के बाद क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है

**जयनगर (कोडरमा)।** एक कहावत आपने सुना होगा चाचा चोर भतीजा पाजी। इन दिनों बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में बिल्कुल यही कहावत चरितार्थ हो रहा है। जहां सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के कारण विधायक तथा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपनी छवि को धूमिल कर रहे हैं। दोनों एक दूसरे को विकास पुरुष बता रहे हैं, परंतु विकास की परिसीमा से दोनों कोसों दूर है। वोट की राजनीति का खेल दोनों खेल रहे हैं। विधानसभा के युवा नेता उमेश कुमार यादव ने कहा कि इन दिनों विधायक और पूर्व विधायक के द्वारा जनता साथ जो खेल खेला जा रहा है निश्चित तौर पर क्षेत्र की जनता अब जाग चुकी है इन्हें अगले विधानसभा चुनाव में कोई युवा नेता की तलाश है, जो विकास की बात सोचे। क्षेत्र की समस्या का बात सोचें। दूरभाष के माध्यम से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इन दोनों की हकीकत सामने आ जाएगी। पॉलिटेक्निक कॉलेज सरकार की देन है।

## घरेलू हिंसा: महिलाओं के साथ पुरुषों पर भी हिंसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** घरेलू हिंसा ,यह शब्द सुनकर हमारे मन में महिलाएं ही आती है जिस में महिलाओं को आज के समय में चार दिवारी के अंदर रखा जाता है। महिलाएं अपनी नागरिक अधिकार और इंसान होने के अधिकार से वंचित रहती है। ज्यादातर ऐसे मामले राजस्थान-हरियाणा जैसे राज्यों में देखी जाति है। अभी के समय में घरेलु हिंसा केवल महिलाओं के साथ हीं नहीं बल्कि पुरुषों के साथ भी होने लगी है पुरुषों के ऊपर भी मानसिक दबाव होती है घर पर सास बहू के नोकझोंक से भी परेशानियां बढ जाती है कुछ महिला हित कानूनों के कारण पुरुष मानसिक हिंसा के शिकार हो रहे हैं, लेकिन इन मुख्य बातों पर किसी का ध्यान नहीं जाता। पुरुष अपनी बातों को किसी के सामने वयक्त नहीं कर पाते क्योंकि उन्हें लगता है कि समाज में हास्य के पात्र बन जाएंगे, यह बात हमें समझना चाहिए जितना हम महिलाओं के बारे मे घरेलू हिंसा पर बातें करते हैं उतना ही हमें पुरुषों के हिंसा पर ध्यान देनी चाहिए। ऐसे लोग घुट-घुट कर रह जाते है,इनके हिंसा के बारे मे कोई नहीं जान पाता। अगर लोगों को इनके बारे में पता पड़ता है तो लोग इन्हें बुझदिल और कायर जैसे नामों से नवाजते हैं लेकिन हमारा ध्यान उस तरफ नहीं जाता क्योंकि पुरुष इस बात का खुलासा नहीं करते तो हमे लगता है पुरूष पर किसी प्रकार का कोई हिंसा होती हीं नहीं , जब हम घरेलू हिंसा का बात करते है तो हमें इस बात का भी ध्यान होना चाहिए की हिंसा सिर्फ महिलाओं पर हीं नहीं पुरुषों पर भी होता है और जरूरत है इनके लिए भी काम करने की।

## स्पीड न्यूज

### पुसो में शांतिपूर्वक मनेगी बकरीद

**सिसई।** बकरीद पर्व को लेकर पुसो थाना में थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जहां बैठक में पुसो, भूरसो, लरंगो व घाघरा पंचायत के जनप्रतिनिधि व समाज के बुद्धीजजीवि शामिल हुए। मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारगी और शांति से सभी मनायें। उम्मीद और आशा करते हैं कि आगे भी इसी तरह का शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारगी के साथ सभी धर्मों को लोग मनायेंगे।

### एकजुटता बरकरार रखेंगे संवेदक

**गुमला।** जिला संवेदक संघ की बैठक सोमवार को रौनियार धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप मे सिमडेगा संवेदक संध के अध्यक्ष मो. मिस्टर एवं उनके साथियों ने भाग लिया। गुमला जिला संवेदकों के उत्साह वर्धन व सर्मथन के निमित अपना विचार प्रगट करते हुए मो मिस्टर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में संघ के सदस्य अपनी एकजुटता को टूटने न दें। संगठन में बहुत शक्ति होती है।

### समाजसेवा में समर्पित रहेंगे रमेश

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों व परिजनों ने उन्हें बधाई दी है। रमेश अपने जीवन के 60 वर्ष पूर्ण होने पर परिजनों के साथ केक काट खुशियां मनायी। कहा कि अब वे सरकारी नियम के अनुसार सीनियर नागरिक हो गये हैं। ऐसे में समाज के प्रति उनका दायित्व और भी बढ़ गया है। वे शुरू से राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय होकर समाज हित में काम करते रहे है। जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसे कार्य करने का संकल्प लिया है। उन्हें पत्नी, पुत्र राहुल गुप्ता, संतोष गुप्ता, हिमेश कुमार, पुत्री सपना कुमारी, सुमन कुमारी, बहू नीतू, सुरभि, नाती सक्षम, समाया व कांग्रेस के अकील रहमान, अमर प्रदीप कुजूर ने बधाई दी है।

### डीसी ने की कई योजनाओं की समीक्षा



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में किस्को के पाखर में निमार्णाधीन पथ, पुतरार में पथ निर्माण, सनई-हपात पथ, बुलबुल व मन्हेपाट में विद्युत समस्या समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा हुई। कस्तूरबा विद्यालय में होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति, जुरिया स्थित पावर सब-स्टेशन तक पहुंच पथ समेत अन्य निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, अपर पुलिस पदाधिकारी (अभियान), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चंदवा : शांतिपूर्ण बकरीद मनाने की अपील



**चंदवा।** बकरीद शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर सोमवार को चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक बीडीओ सह सीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीओ सह बीडीओ विजय कुमार ने बकरीद को लेकर प्रशासन के निर्देशों की जानकारी दी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाने की अपील की। इस दौरान अधिकारियों ने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न देने, सोशल मीडिया व धार्मिक भेद भाव व भड़काऊ संदेश भेजने से बचने की बात कही। मौके पर रामयश पाठक, राजकुमार साहू,महेंद्र प्रसाद साहू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, पंसस नीलम देवी, मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, संगीता लकड़ा, जतरु मुंडा, सुष्मिता कुमारी, दुर्गावती देवी आदि थे।

### भाजपा ने घर-घर चलाया अभियान



**बारियातू।** प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में हेसला जतराही सहित अन्य गांव मे महा जनसंपर्क अभियान चलाया। मंडल अध्यक्ष सिंह ने बताया की हेसला, जतराही टोला सहित अन्य जगहों मे घर- घर जाकर महिला पुरुष, युवक युवतियों को पार्टी की नीति सिद्धांत के बारे मे जानकारी दीं। वहीं पार्टी द्वारा वितरण किये जाने वाले पुस्तक व पंपलेट का भी वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य रमेश राम, जिला मंत्री एंव हेरहंज प्रभारी ब्रजमोहन राम, प्रखंड महिला अध्यक्ष नीलू सिंह, अरविंद सिंह, गोपाल यादव, किशोर साव, राजेन्द्र उरांव आदि भी थे।

### बिंदेश्वर उरांव को डॉक्टरेट की उपाधि



**भंडरा।** प्रखंड के वकील अंबवा के गरीब आम आदमी बिंदेश्वर उरांव को शिक्षा के क्षेत्र में उन्नत कार्य करने के लिए मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी अमेरिका ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। बिंदेश्वर उरांव सेवन स्टार्स अकादेमी हेहल रांची के निदेशक हैं। वर्तमान में सेवन स्टार्स अकादमी की पांच ब्रांच चल रही है। जिसमें देश भर के दर्जनों लोगों को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन 25 जून 2023 को इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में हुआ। जिसमें यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के साथ सीनेट के सभी सदस्य के द्वारा सम्मानित किया गया।

### मोदी सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल : गूंजन सिंह

**लोहरदगा।** जिला महिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक महिला अध्यक्ष सीमा प्रवीन की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत विशेष रूप से उपस्थित थे। महिलाओं को को संबोधित करते हुए गुंजन सिंह ने कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, और महिला सुरक्षा चिन्ता का विषय है। आप महिला बहनें आगे आकर इसका पुरजोर विरोध करें।

# गुमला : फर्जी लाइसेंस पर बैंकों, एटीएम व कैश वैन में आर्म्स गार्ड कर रहे थे काम

- पुलिस ने टीम गठित कर मारा छापा, 12 बंदूक, 63 गोली के साथ दो लोग गिरफ्तार, सत्यापन में सभी लाइसेंस पाये गये फर्जी
- गुमला में स्कैम चलाकर सिक्यूरिटी गार्ड के युवाओं को दिया जा रहा बिना लाइसेंस बंदूकः एसपी
- विभिन्न डीएम व एसपी को मेल कर मामले की जांच करने की मांग



जब्त बंदूक व गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी, थाना प्रभारी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के विभिन्न बैंकों, एटीएम व कैश वैन में काम करने वाले आर्म्स गार्ड बिना लाइसेंस के ही बंदूक लेकर कार्य कर रहे थे। जिसकी सूचना पर गुमला पुलिस ने छापामारी अभियान चला दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए 12 बंदूक व 63 जिंदा गोली जब्त की है। सोमवार को एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि गुमला जिला में एक गिरोह सक्रिय है जो फर्जी लाइसेंस में आर्म्स बांट रहा है। इसकी सूचना मिलने पर एक छापामारी टीम गठित की गयी। टीम ने गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रांची व धनबाद में खोजनबीन शुरू की। जिसमें नकली लाइसेंस बनाने वाले धनबाद के रेशम बहादुर श्रेष्ठ उर्फ थापा एवं धनबाद से बंदूक व गोली लाकर उंचे दामों में बेचने वाले गुमला के शास्त्री नगर निवासी धीरज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। इन्होंने घटना में संलिप्तता स्वीकारी है।


## बकरीद : विधि व्यवस्था संधारण को उपायुक्त ने की शांति समिति की बैठक

# बकरीद में संवेदनशील स्थानों पर रखें पूरी चौकसी : भोर सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आगामी बकरीद पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने की जरूरत है। साथ ही हमें विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया।

### सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश



उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व ने सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकरीद पर्व पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने को कहा। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि बकरीद पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को शांति समिति की बैठक करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी।

## पुराने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में खुला नशामुक्ति केंद्र

# समाज में अधिकांश अपराध नशे के प्रभाव से हो रहा है : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिले का पहला नशा मुक्ति केंद्र का उदघाटन सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव व सहियाओं के द्वारा किया गया। 15 बेड वाले यह नशा मुक्ति केंद्र पुराने अंचल सह प्रखंड कार्यालय गुमला परिसर में बनाया गया है। वर्तमान में 3 कमरों में संचालित इस नशा मुक्ति केंद्र में परामर्श कक्ष, वार्ड कक्ष और कार्यालय सहित अन्य सभी प्राथमिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह केंद्र नशे से प्रभावित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा। उपायुक्त ने विशेष रूप से गुमला जिले में नशे की समस्या को देखते हुए इस केंद्र की स्थापना हेतु निर्देशित किया था। उन्होंने कहा कि यह केंद्र गुमला में विभिन्न प्रकार के नशे से प्रभावित लोगों को नशा छोड़ने और उन्हें मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करेगा।



नशामुक्ति केंद्र का उदघाटन करते उपायुक्त व सहियाएं।

- नशा मुक्ति केंद्र के उद्घाटन के साथ उपायुक्त गुमला ने समाज में जागरूकता फैलाने और नशामुक्ति के लिए सामाजिक संगठनों, सरकारी अधिकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ सहयोग बढ़ाने का संकल्प भी जताया है। उपायुक्त ने जिले वासियों से नशीले पदार्थों के सेवन न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के प्रभाव में ही होते हैं चाहे महिला उत्पीडन हो या मार पीट, अपहरण, सड़क दुर्घटना, हत्या जैसे कई अपराध नशे के हालत में ही ज्यादा होते हैं। इसलिए लोगों को नशे से दूरी बनाने की आवश्यकता है। इस सकारात्मक पहल के माध्यम से, गुमला जिले में नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# लोहरदगा के प्रीतम को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री में द्वितीय पुरस्कार

**झारखंड फिल्म फेस्टिवल**

- महाकवि घासीराम महली पर आधारित है डॉक्यूमेंट्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**




फिल्म का पोस्टर और प्रीतम कुमार (इनसेट में)।

**लोहरदगा।** लोहरदगा के जाने-माने छायाकार और कई फिल्म सहित म्यूजिक एल्बम में विभिन्न माध्यमों से अपनी भूमिका निभा चुके लोहरदगा के न्यू रोड निवासी प्रीतम कुमार को झारखंड फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला है।

झारखंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 23-25 जून 2023 को सरला-बिरला विश्वविद्यालय टाटीसिलवे रांची में चित्रपट झारखंड द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से फिल्मकार शामिल हुए थे।

इस तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में कुल 60 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया था। चित्रपट झारखंड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में फिल्मों का 10 विषय निर्धारित किया गया था। जिसने जनजातीय समाज, झारखंड स्वतंत्रता संग्राम, वोकल फोर लोकल, झारखंड का इतिहास, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, सामाजिक सद्भाव, रोजगार सृजन, भविष्य का भारत जैसे विषय शामिल थे। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्देशन लोहरदगा के प्रीतम ने किया है।

## मरमर-केकराही में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पाद, कई घर किया ध्वस्त

- ग्रामीणों ने भागकर बचायी जान , मुखिया ने दौरा कर भुक्तभोगियों से ली नुकसान की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड में माल्हन पंचायत अंर्तगत सुदूरवर्ती मरमर व केकराही गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने एक बार फिर से धमक दिखायी है। रविवार देर रात्रि जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर गया। हाथियों के झुंड के गांव में प्रवेश करते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल बना गया व ग्रामीण भागकर सुरक्षित ठिकानों में छिप कर अपनी जान बचायी। इस दौरान जंगली हाथियों ने कई लोगों के घरों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। जिनमें मरमर की झानो देवी, नागु मुंडा, रामा गंझू, विनय गंझू, भोला मुंडा, चरका गंझू व केकराही के बच्चू गंझु का घर शामिल है। हाथियों ने एक क्विंटल आलू, डेढ़ क्विंटल मक्का, एक क्विंटल चावल समेत घर में रखे बर्तन और कपड़ा एवं अन्य सामान चट कर डाले। जानकारी मिलते ही सुबह मुखिया जतरू कुमार मुंडा गांव का दौरा कर भुक्तभोगियों से मुलाकात कर वन विभाग से हर संभव मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

## सरकार की गलत नीति से हुई पानी बिजली और बालू की समस्याः भगत

- मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम 27 को भोपाल से संबोधित करेंगे पीएम
- भाजपा पदाधिकारी, मंडल और मोर्चा अध्यक्षों की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व मोर्चा के जिला अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक सोमवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल प्वाइंट में जिला अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महाजनसंर्क अभियान को सफल बनाने में सभी सम्मानित मंडल अध्यक्ष एवम पदाधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही है। 27 जून को पीएम मोदी 10:30 बजे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता को मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को भोपाल से संबोधित करेंगे। जिससे पूरे देश में प्रत्येक मण्डल में भाजपा कार्यकर्ता टीवी पर सुनेंगे। 28 I को केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह रैना का गुमला आगमन पर वरिष्ठ जन को सम्मानित करेंगे।

### अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा बराती गाड़ी



**भंडरा।** तेज गति के कारण अनियंत्रित स्कॉर्पियो (जेएच 01 डब्ल्यू 5342) नंदनी पुल के पास 15 फीट नीचे गड्ढा में पलट गया। स्कॉर्पियो में 6 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में किसी व्यक्ति को चोट नहीं लगी। गाड़ी में सवार एक युवक ने बताया कि सभी लोग पिस्का नगरी से सेरेंगदाग बरात जा रहे थे।

### युवक 14 दिनों से लापता थाना में मामला दर्ज

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम निवासी राजेंद्र साव पिता टहलू साव अपने भाई की गुमशुदगी की शिकायत बालूमाथ थाना में दर्ज कराया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजेंद्र साव ने बताया की उसका चचेरा भाई चंद्रिका प्रसाद साव 48 वर्ष पिता उमन साव ग्राम नगड़ा निवासी बीते 12 जुलाई से लापता है। घर से बिना किसी को कुछ बताए चंद्रिका चला गया है। युवक की तलाश के लिए परिवार के लोगों ने रिश्तेदार सहित कई जगहों पर खोजबीन की लेकिन उसका कही पता नहीं चल पाया। वहीं पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर सन्हा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### मनिका की महिला से पैसे लूट कर चोर फरार

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप से दिन सोमवार को एक महिला से पैसे लूट कर अज्ञात 2 चोर भागने में कामयाब रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला कलावती देवी घर बिचलीदाग बैंक से 20 हजार रुपए निकालकर बाहर निकली थी तभी पहले से पैसे लूटने की फिराक में बैठे दो चोर महिला के हाथ से पैसे लूटकर पल्सर बाइक पर सवार होकर तेज गति से मेदनीनगर की ओर भाग निकले। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना के एसआई प्रदीप कुमार राय अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गये।

## भ्रामक बातें फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : दिलु लोहरा

- बरवाडीह में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरवाडीह।** सोमवार को बरवाडीह थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसडीपीओ दिलु लोहरा, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह और सब इंस्पेक्टर राहुल मेहता सहित क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि के अलावे दोनों समुदाय के गणमान्य उपस्थित हुए। बीडीओ ने कहा कि बकरीद पर्व कुर्बानी का त्योहार है, जो आपसी सद्भाव व प्रेम को दर्शाता है। लिहाजा हम सबकी ऐसी कोशिश हो कि आपसी सौहार्द व प्रेम का संदेश दूर-दूर तक जाये। बीडीओ ने कहा कि बरवाडीह का इतिहास है कि हिंदू- मुस्लिम हर पर्व को एक साथ मनाते हैं। उन्होंने अपील की है कि किसी प्रकार की अफवाह की सूचना मिले तो आप थाना को अवश्य सूचित करें।

### कवि सम्मेलन में शिव प्रसाद साहू सम्मानित

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के झाबर निवासी शिव प्रसाद साहू भोपाल में आयोजित कवि सम्मेलन में सम्मानित किये गये। मिली जानकारी के अनुसार नव उदय पत्रिका भोपाल के शुभ शालीन स्प्रिंग होटल में आयोजित कवि सम्मेलन में श्री साहू ने झारखंड राज्य का एकलौता प्रतिनिधित्व किया। इस सम्मेलन में मनहरण छंद तथा 7 दोहे की प्रस्तुति बखूबी करते हुए खूब वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मध्य प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन सिंह ने ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## विकसित समाज के निर्माण को शिक्षा महत्वपूर्ण : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल रुआर-2023 को लेकर सोमवार को नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त सुशांत गौरव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 6-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नामांकित करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि विकसित समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षा की है। जिसे मजबूत करना सबसे आवश्यक है।

### उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक लंबित आवेदनों को लेकर दिये कई निर्देश



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर एक जरूरी बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें बीते वर्ष उक्त कार्यक्रम में किस्को में लंबित केसीसी व शौचालय निर्माण के आवेदन और पेशरार में मत्स्य विभाग से संबंधित 38 आवेदन की समीक्षा हुई। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा को शौचालय से संबंधित सभी आवेदन को स्वीकृत करते हुए निष्पादित किये जाने का निर्देश दिया गया।

# जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य तय कर मेहनत करें : शरत विद्यार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेधावी छात्रों के साथ अतिथि।

**लोहरदगा/कैरो।** प्रखंड के डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय कैरो सभागार में सोमवार को मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी व युवा सद्भावना मंच कैरो के संयुक्त तत्वधान में स्व गोविंद साहू प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओ को अतिथियों ने सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है, जीवन मे सफल होने के लिए निरंतर मेहनत करते रहें, लक्ष्य बनाकर निरंतर प्रयास करें सफलता अवश्य मिलेगी। डॉक्टर अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश कुमार शास्त्री ने विद्यायल के बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहें हैं उन्होंने कहा कि हमारे छात्र छात्राएं इतनी मेहनत करे कि एक दिन इस विद्यालय से झारखंड टॉपर बने, हमारा विद्यालय किसी भी मायने में किसी भी सरकारी गैर सरकारी विद्यालय से कम नहीं है, हम छात्र छात्राओ को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। जिन्गी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य अलीरजा अंसारी ने कहा मेहनत इतनी खामोशी के करो कि सफलता शोर मचाने लगे, उन्होंने कहा संस्कारयुक्त शिक्षा ही सबसे अच्छी शिक्षा है।

**खास बातें :** कार्यक्रम को डॉक्टर राकेश प्रसाद, नाजिर आलम खान, कैरो उप मुखिया रवि प्रजापति, जमील अख्तर ने भी संबोधित किया। अतिथियों द्वारा प्रखंड टॉपर शिवानी कुमारी, पवन प्रजापति, अनिता कुमारी, रफत खातुन, शादियां खातुन, नईमा परवीन, आसिफ आलम, रौशनी खातुन, निकेत कुमार सोनी, प्रदेशीया उरांव, पूजा कुमारी, रौशनी कुमारी आदि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन आजीवन संरक्षक समीद अंसारी व धन्यवाद ज्ञापन सोसाइटी के अध्यक्ष महताब आलम ने किया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ राधे कृष्ण प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा शुरू

- तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम का आयोजन, 28 जून को होगा मूर्ति का स्थापना
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे राजद के भावी प्रत्याशी : गिरजानंदन सिंह चेरो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत अंतर्गत स्थित पचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में भगवान राधे कृष्ण के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं कलश यात्रा कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ-साथ दर्जनों महिलाएं एवं बच्चियां शामिल हुए और सभी सेमराहट नदी के तट पर पहुंचे। जहां अखिलेश महाराज एवं बाहर से आए हुए पंडित के द्वारा विधिवत पूर्वक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरवाया गया।

इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र का वातावरण गुंजायमान हो उठा। वहीं नदी के तट से कलश में जल भर शिव मंदिर में कलश स्थापना की गयी। आयोजक अमर पूजा समिति सिंजो नें बताया कि जल यात्रा के साथ ही आज से तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। आज संध्या 7 बजे से आरती एवं



दिनांक 27 जून को प्रातः 7 बजे से पूजन, शाम 6 बजे से नगर भ्रमण, 28 को प्रातः 7 बजे से मूर्ति का पूजन कर स्थापना एवं हवन और दोपहर 2 से विशाल भंडारे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चतरा सांसद उम्मीदवार डॉ अभिषेक कुमार सिंह व राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरी जी भी थे।

स्पीड न्यूज

## चिरकुंडा: सहायक शिक्षक के निधन पर शोक की लहर

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ अंचल निरसा 3 के पूर्व सचिव सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय मैथन एरिया नंबर 6 के संजीव कुमार सिंह(49) साल की उम्र में ही आज सोमवार को हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया। जिससे शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार सुल्तानगंज गंगा तट पर संपन्न होगा। वहीं अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक निरसा 3 के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने कहा कि उनके निधन से शिक्षक समाज को गहरा आघात पहुंचा है । उनके दाह संस्कार कार्यक्रम में राजीव रंजन मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, अजीम अंसारी, योगेंद्र प्रसाद, धनंजय रावत, सत्यम मंडल, समीर कुमार दास, पंकज सिंह, सोमनाथ चटर्जी, दिलीप पासवान, राजकुमार, शेष नारायण सिंह सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद थे ।

झारखंड के 62 अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद

# शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगा किया प्रदर्शन

**शिक्षकों ने कहा बच्चों के भविष्य से हो रहा है खिलवाड़**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** सोमवार को कतरास महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने सामूहिक रूप से काला बिल्ला लगाकर सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध किया। बताते चलें कि झारखंड में नई शिक्षा नीति के आलोक में झारखंड के 62 अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई खत्म कर दी गई है। अभी झारखंड में मौजूदा आलम यह है कि लाखों की संख्या में ग्रामीण एवं शहरी परिवेश के बच्चे इधर - उधर नामांकन की तलाश में भटक रहे हैं। उनका शुध लेने वाला पूरे झारखंड में ना ही कोई अधिकारी है ना कोई मंत्री। अगर मौजूदा सत्र में नामांकन शुरू नहीं की जाती है तो पूरे राज्य भर के लगभग 5000 की संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी गण अपने 20,000 परिवार के सदस्यों सहित बेरोजगार हो जाएंगे। इस बात को लेकर अपनी रोजी-रोटी के संरक्षण हेतु पूरे राज्य भर के शिक्षक एवं कर्मचारी सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए 11वीं में नामांकन शुरू करने एवं अपने समायोजन की मांग कर रहे हैं। सरकार और अधिकारियों के तरफ से सिर्फ और सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रोफेसर अजय कुमार पांडे प्रोफेसर त्रिपुरारी सिंह प्रोफेसर शंभू रवानी प्रोफेसर निशा राय प्रोफेसर दीप्ति रवानी प्रोफेसर प्रियंका कुमारी प्रोफेसर प्रीति कुमारी एवं दीपक कुमार तथा कुणाल कुमार चौरसिया मौजूद रहे।

# लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में लायें तेजी

**धनबाद डीसी ने की नीलाम पत्र वादों की समीक्षा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में नीलाम पत्र वादों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में नीलाम से संबंधित विभागवार कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों से नीलाम वादों के लंबित पड़े मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों में लक्ष्य के अनुरूप कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में परिवहन विभाग, खनन विभाग, राजस्व विभाग,भूमि सुधार, विद्युत, सहकारिता, सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। जिन विभागों के राजस्व वसूली से संबंधित रिपोर्ट में कमी पाई गई, उन विभागों के प्रधान को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा ऋण की राशि ना भुगतान करने वाले के विरुद्ध नोटिस वारंट निर्गत कर कार्रवाई को कहा गया। उन्होंने कहा कि एक्ट फॉरमेट के तहत नियमसंगत कार्रवाई करें, अगर जरूरत पड़े तो संपत्ति कुर्की भी अवश्य करें।

**बैठक में थे शामिल**

बैठक में अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, डीसीएलआर श्री सतीश चंद्रा, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी अंशु पांडेय, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार बंधु कच्छप समेत कई सर्टिफिकेट पदाधिकारी मौजूद रहें।

## आजीविका संसाधन केंद्र में अनियमितता का आरोप



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के फार्म टांड़ स्थित कसमार आजीविका संसाधन केंद्र के चहारदीवारी निर्माण में भारी अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। प्राक्कलन के मुताबिक लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल बोकारो द्वारा चहारदीवारी निर्माण में चिमनी भट्ठा की जगह बांगला भट्ठा के ईंट से जोड़ाई कार्य किया जा रहा है। सीमेंट एवं बालू की मात्रा 1रू 6 की जगह 1रू10 का दिया जा रहा है। बताया जाता है चहारदीवारी खड़ा होते ही साथ.साथ प्लास्टर किया जा रहा है ताकि ईंट एवं सीमेंट की मात्रा न दिखे। बता दें कि फार्म टांड़ में चहारदीवारी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कसमार प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी ने बताया कि कार्यपालक अभियंता द्वारा अधिक से अधिक कमीशन वसूली के चक्कर में मनमानी करते हुए चहेते संवेदकों को कार्य दिया जा रहा है। इससे पूर्व अनियमितता हुई है।

## लायंस क्लब, कतरास ने विभाग को सौंपा एक क्विंटल ई वेस्ट




**धनबाद।** पूरे विश्व में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट से होने वाले विकिरण तथा प्रदूषण को रोकने के लिए लायंस इंटरनेशनल संस्था द्वारा पूरे विश्व में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट कलेक्शन ड्राइव चलाया जा रहा है। जिसके तहत लायंस इंटरनेशनल के सभी शाखाओं को अपने अपने क्लबों के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को संग्रह कर एक पंजीकृत एजेंसी को जमा कराने के निर्देश के तहत सोमवार को लायंस क्लब ऑफ कतरास द्वारा करीब 1000 किलो इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का डिस्पैच संबंधित एजेंसी को किया गया। लायंस क्लब ऑफ कतरास द्वारा ई-वेस्ट डिस्पैच के मौके पर लायंस क्लब ऑफ कतरास के प्रेसिडेंट डॉ उमाशंकर सचिव श्री विष्णु प्रसाद चौरसिया क्लब डायरेक्टर डॉक्टर रुद्रेश क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ स्वतंत्र कुमार एनवायरमेंटल चेयरपर्सन संजय अग्रवाल मेंबरशिप चेयरपर्सन कृष्ण कन्हैया राय सहित कई सदस्य गण मौजूद थे । कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब ऑफ कतरास द्वारा करीब 1000 किलो ई- वेस्ट सुपुर्द किया गया।

# बोकारो : वेदांता ईएसएल के स्किल स्कूल में 32 युवाओं ने लिया प्रशिक्षण




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल बहु.व्यापार आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में ईएसएल स्किल स्कूल स्थापित कर युवाओं को एनएसडीसी.प्रमाणित प्रशिक्षण प्रदान कर 80ः से अधिक प्लेसमेंट गारंटी सहित प्रति माह 15 हजार से अधिक का न्यूनतम वेतन प्रदान करता है। पुरुष छात्रों के लिए सोलर पीवी इंस्टॉलेशन और महिला छात्रों के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण का प्रावधान रखा गया है। पहले बैच के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीओओए ईएसएल रवीश शर्मा और विशिष्ट अतिथि डीडीएमए नाबार्ड फिलमोन बिलुंग ने बैच और सहयोगी भागीदारों को 100ः प्लेसमेंट के लिए बधाई दी तथा झारखंड को बेहतर बनाने हेतु एक.दूसरे को योगदान देने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। मौके पर सीओओ श्री शर्मा व डीडीएम श्री बिलुंग ने नाबार्ड के एजीएम मुकेश कुमारए प्रबंधक नीतू कुमारीए ईएसएल के सीएसआर उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्राए ईआर एंड पीआर एसोसिएट जीएम संजय सिन्हाए पूर्वी मोहाल के सरपंच नीतीश शेखर और पश्चिम मोहाल के मुखिया निमाई रजवार की उपस्थिति में छात्रों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र और प्रस्ताव पत्र से सम्मानित किया।

**पेज 1 का शेष**

### भाजपा के इशारे पर...

झारखंड विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने राजभवन पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। बतौर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता रबीन्द्रनाथ महतो ने कार्यकर्ता सम्मेलन में जहां खुलकर भड़ास निकाली, वहीं ट्वीट कर सार्वजनिक रुप से राजभवन पर आरोप भी लगाया है। हाल के दिनों में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन विभिन्न जिलों में अपने संवाद कार्यक्रम को ले कर सुर्खियों में हैं। जिला भ्रमण के दौरान राज्यपाल का जनता से सीधा संवाद कहीं ना कहीं सत्तारूढ़ दल के लिए आंख की किरकिरी बनने लगी है। रविवार को भी सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्यपाल की कार्यशैली से नाराज होकर सवाल उठा रहा था अब विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने ना केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में सवाल खड़े किये बल्कि ट्वीट के माध्यम से हमला बोला है। विधानसभाध्यक्ष ने अपने ट्यूट में लिखा है कि विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा लेकिन राजभवन से बिल को लौटाया गया। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा गया, वह भी लौटा दिया गया। इससे स्पष्ट संकेत मिलता कि राजभवन भी भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

### राज्य के 189 उत्क्रमित...

कैबिनेट ने प्रदेश के 29834 आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को स्मार्टफोन देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यह स्मार्टफोन 8000 रुपये जीएसटी के साथ दी जायेगी। **अन्य प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी :** कैबिनेट ने रांची में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 150,एकड़ भूमि 99 वर्ष की लीज पर देने के अतिरिक्त उसी भूमि पर मेडिकल कॉलेज बनाने की योजना की स्वीकृति दी है। झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि कोष अधिनियम में संशोधन हुआ। वकालतनामा,शपथ पत्र इत्यादि के लिए स्टांप पेपर 15 रुपये लगता था, उसकी जगह 30 रुपये लगेगा। यह राशि अधिवक्ता कल्याण कोष में जाएगी। कैबिनेट में पंचायतों को डिजिटल करने की योजना की भी स्वीकृति मिली। इसके अलावा पथ निर्माण से जुड़ी योजनाओं की भी मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने कारखाना अधिनियम 2023 की मंजूरी दी। इसके तहत पहले राजकीय महिला भी रात के 10 से सुबह 6 तक कार्य कर सकेगी, कारखाना में पूरी सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। कैबिनेट ने इसके अलावा भारत सरकार के उपकरण भारत प्रतिभूति मुद्रणालय नासिक को शराब के बोतलों में होलोग्राम देने के लिए मनोनयन के रूप में चयन किया है। कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में राज्य के न्यायिक पदाधिकारी को पेंशन और पारिवारिक पेंशन में वृद्धि की है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची तक पहुंच पथ के लिए नये सिरे से 300 करोड़ की योजना की मंजूरी दी गयी इसमें भूमि अधिग्रहण भी शामिल है। श्रावणी मेला के 6.87 करोड़ की राशि सदर अस्पताल देवघर के स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दी गयी। देवघर में और दुमका में 50 से अधिक अस्थायी ओपी खोलने की मंजूरी दी गयी। रांची सिविल सर्जन विनोद कुमार को 2022 में दिए गए निंदन के दंड को यथावत रखने का फैसला किया गया है। विनोवा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत गोला डिग्री महाविद्यालय के कार्य के लिए 25 करोड़ रुपये दिए गए। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को राज्य मद से सहयता के लिए तीन करोड़ 38 लाख रुपये स्वीकृत किये गये। आरोग्यम इन्टरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक, 2023 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई। झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत शहीद ग्राम विकास योजना की अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई। झारखंड उत्पाद लिपिक संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2013 (समय-समय पर यथासंशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गई। इंडिया रिजर्व बटालियन में आरक्षी के पद पर नियुक्ति को अधिसूचित नियम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। डॉ अशोक कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रंका, गढ़वा को सेवा से बर्खास्त की स्वीकृति दी गयी।

### मिल गयी रिमांड...

**दस्तावेज के साथ पहुंचे सीओ :** इडी ने ने सोमवार को सदर सीओ अमित भगत को चेशायर होम के जमीन दस्तावेज के साथ अपने जोनल कार्यालय बुलाया। अमित भगत चेशायर होम रोड के चार एकड़ 83 डिसिमिल जमीन के दस्तावेज के साथ पहुंचे। शाम में बाहर निकले पर उन्होंने मीडिया से कुछ भी बताने से परहेज किया। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि सदर सीओ को कारोबारी विष्णु अग्रवाल से जुड़े मामले को लेकर दस्तावेज के साथ बुलाया था। इडी न्यूक्लियस मॉल और सेना से जुड़े जमीन के मामले में दस्तावेज के जानकारी हासिल की है। **जेल अधीक्षक से आज पूछताछ :** इधर, जेल में जश्न मनाने व फुटेज उपलब्ध नहीं कराने को लेकर आज बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर से इडी 27 को पूछताछ होगी। मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों को मिल रही सुविधाओं सहित सीसीटीवी के मुद्दे पर हामिद अख्तर से जानकारी लेगी। इडी को सूचना मिली थी कि मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों ने जेल में जश्न मनाया है, पिछले दिनों मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों की एक-दूसरे से रात में मिलने की सूचना के मद्देनजर इडी ने कोर्ट की अनुमति से जेल में छापा मार कर सीसीटीवी फुटेज जब्त किया था। फुटेज की जांच से इसकी पुष्टि हुई कि पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश ने जेल में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन के मुलाकात की थी। छवि रंजन ने इडी को बतया था कि प्रेम प्रकाश खुद मिलने आया था।

### पंकज मिश्रा के करीबी...

बजरंगी प्रसाद यादव पंकज मिश्रा के करीबी माने जाते हैं। बजरंगी यादव पर आरोप है कि उन्होंने इडी के द्वार जब्त पोकलोन हाइवा का इस्तेमाल अवैध खनन में कर रहे थे। रविवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी एंव जिला खनन पदाधिकारी विभुति कुमार पुलिस बल के साथ खनन टास्क फोर्स लेकर अवैध खनन व परिवहन के रोकथाम के लिए औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मंडरो अंचल के महादेवगंज के मौजा-डेम्बा के थाना क्षेत्र पर बिना अनुमति के वैगन ड्रिल से बोरिंग कर पोकलेन जेसीबी हाईवा से पत्थर का परिवहन किया जा रहा था। प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि जिस पोकलेन हाईवा गाड़ी को पूर्व में विधिवत कानूनी रूप से जब्त किया गया था उसका उपयोग खनन कार्य में किया जा रहा था। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

# गोविंदपुर में कांग्रेस का यूथ जोड़ो कार्यक्रम

**अभियान**

**संगठन से युवाओं को जोड़ने का हो रहा है काम**

झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कांग्रेस संगठन में जोड़ने का काम किया जा रहा है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ही देश के युवाओं का भविष्य उज्जवल कर सकती है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुशासन समिति के अध्यक्ष श्री ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह , झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज , जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव , धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्याय जोगेंद्र सिंह योगी , धनबाद जिला युवा महासचिव विक्की कुमार सोनू यादव, खुर्शीद अंसारी, नीरज दास, मजहर आलम, विधानसभा महासचिव जबीर, रिजवान, कॉर्डिनेटर सरफराज समेत महिला एवं यूवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को गोविंदपुर के महुबनी स्कूल के प्रांगण में धनबाद जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह , झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज , धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्याय जोगेंद्र सिंह योगी , एव धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव की उपस्थिति में सिंदरी विधानसभा के गोबिन्दपुर प्रखण्ड अध्यक्ष आकिब जावेद के नेतृत्व में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका संचालन सिंदरी विधानसभा के अध्यक्ष टिंकू अंसारी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष नियाज शाह, फारूक शाह, रिजवान शाह, मोइन काजी, नईम शाह, जाहिद शाह, मनीर अन्सारी, उपमुखिया आरिफ अन्सारी, रज्जाक शाह, कलीम शाह, जाहिद शाह, अजित मंडल, धेनश्वर मंडल, रोहित मंडल, पंकज मंडल, रब्बनी शाह, सकीना बीबी, आसमा बीबी, सबीना बीबी, खेरून खातून, नफीसा खातून, सद्दाम शाह, मनोनीत किया गया साथ ही दर्जनों युवाओं ने युवा कांग्रेस का दामन थामा। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बृजेंद्र सिंह ने कहा कि धनबाद जिला में कांग्रेस और उसके सभी इकाई मजबूत हैं आने वाले लोकसभा चुनाव में औकांग्रेस का परचम लहराएगा और जनता की जो भी समस्या हैं उसे अपने अध्यक्ष के साथ मिले जटिल से जटिल काम को भी कराया जाएगा।

## ब्लैक लिस्टेड कंपनी कर रही कोयले का उत्पादनः ध्रुव महतो

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया कोलियरी के मुख्य द्वार के समीप गडेडिया विस्थापित मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। मौके पर ध्रुप महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन भोले भाले रैयतों की जमीन को गलत तरीके से रजस्ट्री करा कर कोयला उत्खनन कर रही है। ध्रुप महतो ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन ऐसे कंपनी के साथ साठ गांठ कर ब्लैकलिस्टेड कंपनी को ही कोयला उत्खनन का कार्य दिया है। लिब्रा कंपनी को ब्लैकलिस्टेड किया गया था मगर आज संजय उद्योग के नाम से कार्य कर रही है।

एक नजर में

## फुसरो : नगर परिषद की मनमानी के खिलाफ आंदोलन 28 को



**बेरमो।** नगर परिषद फुसरो के द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना के तहत आम आदमी को मिलने वाले पानी पर भारी कनेक्शन चार्ज लगने एव मनमानी होल्डिंग टेक्स के लागू करने के खिलाफ करगली बाजार की महिलाओं ने कहा कि नगर परिषद फुसरो के मनमानी के खिलाफ नही चलेगी। हमलोग भी घरो से निकल कर नगर परिषद कि घेराव करेंगे। जब अन्य नगर परिषद मे फ्री पानी का कनेक्शन केवल आधार कार्ड लेकर दिया जा रहा है तो नगर परिषद फुसरो क्या सोचकर इतना भारी चार्ज लगाया। सभी उपस्थित लोगो ने कहा युवा व्सायी संघ फुसरो के द्वारा होने जा रहे आंदोलन 28 जून को बढ़चढ़कर शामिल होगे। युवा व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमारए युवा व्यवसायी संघ के महासचिव मोहम्मद कलाम खानए यंग बल्ड के केन्द्रीय अध्यक्ष मोहम्मद जावेद खान एसहित मोहम्मद फारूकए मोहम्मद मुश्ताकए हाजी अलाउद्दीनए मोहम्मद मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी



**बेरमो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा पूरे प्रदेश में विशेष जनसंपर्क अभियान चला रही है। सोमवार बेरमो विधानसभा के फुसरो मंडल अंतर्गत अंबेडकर कॉलोनीए ढोरी बस्ती के सौतारडीह और भोला नगर मे मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने घर.घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। महा जनसंपर्क अभियान पूर्व जिला अध्यक्ष जगन्नाथ राम शामिल हुए। इस अवसर पर महामंत्री रमेश स्वर्णकार सहित शिवलाल रविदासए प्रणेश गिरीए चंदन रामए अशोक रविदास सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने लिया आक्रोश महारैली का निर्णय

**बोकारो।** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में अलग राज्य आंदोलनकारियों का एक दिवसीय महासम्मेलन गोला प्रखंड किसान सभागार में आयोजित किया गया। महासम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को मान.सम्मानए पहचानए पेंशनए चिकित्सा सुविधा एवं अन्य सरकारी सुविधा अविलंब मुहैया कराने पर जोर दिया। महासम्मेलन में आगामी आन्दोलन एवं महारैली करने हेतु रणनीति बनाई गई जिसमें गांव स्तर में जाकर आन्दोलनकारियों को एकजुट करने एवं आन्दोलनकारियों के हक और अधिकार के लिए 10 अक्टूबर को रांची में आक्रोश महारैली का निर्णय लिया गया।

# नाले में मिला ट्रैक्टर चालक का शव



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** गौशाला ओपी अंतर्गत शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर बने पुलिया के नीचे सोमवार को दोपहर एक बजे ट्रैक्टर चालक का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने शव की पहचान टासरा बस्ती निवासी नारायण सिंह के रूप में की है। गौशाला ओपी पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कुछ स्थानीय लोग झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि शव नाले में पड़ा हुआ है। इसकी सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। शव की पहचान परिजनों ने किया और बताया कि रविवार की देर शाम से गायब थे। नारायण सिंह कांड्रा निवासी सुभाष मंडल का ट्रैक्टर चालक था। परिजनों ने बताया कि नारायण सिंह रविवार की सुबह घर से कांड्रा गए थे। प्रतिदिन की तरह देर शाम घर वापस नहीं लौटने पर खोजबीन की गई। परंतु कुछ पता नहीं चला। सोमवार को दोपहर लगभग एक बजे नाले में शव मिलने की शंका पर देखा तो पाया गया। परिजनों ने बताया कि शव के पास से उनका मोबाइल मिला है, लेकिन साइकिल गायब है और सिर पर चोट है। सूचना के आधार पर पहुँची गौशाला ओपी पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज रही है। गौशाला ओपी प्रभार प्रभारी प्रदीप कच्छप ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जैप के सफल अभ्यर्थियों ने मंत्री को सौंपा मांग पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** मुरुबंदा स्थित आवास में दर्जा प्राप्त मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो से झारखंड सशस्त्र पुलिस के सफल अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराते हुए विज्ञापन संख्या 02६2011;सामान्य आरक्षीद्ध वाहिनी संख्या 02 से 09 तक की द्वितीय मेधा सूची प्रकाशित कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने बताया कि उक्त विज्ञापन संख्या के आलोक में 1020 रिक्त पदों के विरुद्ध वर्ष 2012 में शारीरिक एवं 2013 में लिखित परीक्षा हुई। प्रथम मेधा सूची 2015 में निकाली गई। 1020 अभ्यर्थियों में से 700 ने योगदान दिया और शेष 320 ने विभिन्न कारणों से योगदान नहीं दिया। चयन पार्षद संख्या 01ए 02ए 03 के द्वारा 320 रिक्त पदों के विरुद्ध द्वितीय मेधा सूची संबंधी सभी प्रक्रिया पूर्ण कर प्रकाशित करने को पुलिस मुख्यालय;कार्मिकद्ध भेजा गया लेकिन तत्कालीन डीजीपी डीके पांडेय ने प्रकाशन पर रोक लगा दिया। अब उम्र अधिक हो जाने से कोई दूसरी नियुक्तियों में सम्मिलित नहीं हो सकते।

## जीवों का उद्धार के लिए हुई है भागवत शास्त्र की रचना

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा-पंचेत रोड के तीन नं चढ़ाई स्थित श्रीश्री राम भरोसा धाम सार्वजनिक मंदिर के प्रतिष्ठा एवं स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कैलाश नगर श्रीधाम वृन्दावन से आए कथावाचक माधव जी महाराज ने कहा कि भागवत शास्त्र की रचना कलयुग के जीवो के उद्धार करने के लिए की गई है श्रीमद् भागवत में एक नवीन मार्गदर्शन कराया गया है।

स्पीड न्यूज

## भारत-अमेरिका की मित्रता वैश्विक भलाई के लिए : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका की मित्रता वैश्विक भलाई के लिए है। इससे हमारा ग्रह बेहतर और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आज अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के ट्वीट को रिट्वीट कर यह बात कही। बाइडन ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच की दोस्ती दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण दोस्ती में से एक है। यह पहले से कहीं अधिक मजबूत, करीब और अधिक गतिशील है।

## भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा पर लगी रोक

**देहरादून।** भारी बारिश के कारण उत्तराखंड सरकार ने केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी है। यह जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा है कि भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गयी है। उन्होंने कहा कि यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है कि भारी बारिश के दिनों में यात्रा स्थगित रखी जाये।

## ड्रग्स मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करेगा देश : अमित शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम ड्रग्स मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करेंगे। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। गृह मंत्रालय ने नार्कोटिक्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी है। देशभर में लगभग 6 लाख किलो जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है। शाह ने सोमवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक वीडियो संदेश में कहा कि हमारा संकल्प है कि हम भारत में नारकोटिक्स का व्यापार नहीं होने देंगे और ना ही भारत के माध्यम से ड्रग्स को विश्व में कहीं बाहर जाने देंगे।

## किरियाकोस मित्सोटाकिस दोबारा बने ग्रीस के पीएम

**एथेंस।** किरियाकोस मिस्तोटाकिस दोबारा ग्रीस के प्रधानमंत्री बने हैं। मई में हुए आम चुनावों में बहुमत से पांच सीटें पीछे रह जाने के बाद हाल ही में दोबारा हुए चुनाव में भी मिस्तोटाकिस ही आगे रहे। अब दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने ग्रीस को बदलावों के रास्ते पर आगे बढ़ाने की बात कही है।

## ओमान के नेताओं से मिले डोभाल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने सोमवार को मस्कट में ओमान के शीर्ष नेता सुल्तान हैसम बिन तारिक से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक लिखित संदेश सौंपा, जिसमें दोनों देशों के बीच संबंधों के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख किया गया है।

# अब फ्रांस भारत के साथ लड़ाकू जेट इंजन बनाने को तैयार

## पांचवीं पीढ़ी के विमान को शक्ति देने को 120 किलो न्यूटन का इंजन किया जाना है विकसित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल होने के बाद अब फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान भारत के साथ 110 किलो न्यूटन थ्रस्ट मिलिट्री इंजन विकसित करने के लिए तैयार हो गयी है। हालांकि, फ्रांसीसी कंपनी ने दो साल पहले जेट इंजनों की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इसके लिए एक बिलियन यूरो से अधिक की मांग करने से यह मामला लटका था।

भारत के सबसे महत्वाकांक्षी पांचवीं पीढ़ी के विमान के लिए कोई स्वदेशी जेट इंजन नहीं है। इसलिए भारत ने विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने के साथ ही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' मिशन को बढ़ावा देते हुए एएमसीए के इंजन का निर्माण भी खुद ही करने का फैसला लिया है। 5.5 जनरेशन के विमान को शक्ति देने के लिए 120 किलो न्यूटन के इंजन का विकास किया जाना है। इसके लिए कई विदेशी कंपनियों से बातचीत की गयी, जिनमें फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान, अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक और ब्रिटिश फर्म रोल्स रॉयस हैं।




दरअसल, भारत के साथ 2016 में 7.8 बिलियन यूरो के राफेल सौदे पर हस्ताक्षर करते समय फ्रांस ने भारतीय ऑफसेट पॉलिसी के तहत भारत में 50 प्रतिशत या 3.9 बिलियन यूरो का निवेश करने का करार किया था। इसके बावजूद, ऑफसेट अनुबंध के हिस्से के रूप में इंजन बनाने की तकनीक स्थानांतरित नहीं की गयी, बल्कि फ्रांसीसी इंजन कंपनी सफ्रान 1 बिलियन यूरो से अधिक की मांग करने लगी। इसलिए जेट इंजनों की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का मामला लटक गया। इसी तरह ब्रिटिश फर्म रोल्स रॉयस से सौदे को अंतिम रूप देने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लंदन जाना था, लेकिन भारत ने प्रोटोकॉल संबंधित मुद्दों को देखते हुए अंतिम समय में उनका दौरा रद्द कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया अमेरिका दौरे में लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल हो गयी। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने खुद घोषणा की कि उसके सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारत में ही लड़ाकू विमानों के लिए जीई-एफ 414 इंजन बनायेगा, जिससे भारत के फाइटर जेट्स को आधुनिक इंजन मिल जायेंगे। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत को जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने के इस ऐतिहासिक रक्षा सौदे की घोषणा भी की गयी।

फ्रांसीसी कंपनी डीआरडीओ के गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (जीटीआरइ) के साथ एक नया अत्याधुनिक 110 किलो न्यूटन थ्रस्ट इंजन विकसित करने के लिए तैयार है। प्रस्ताव में कहा गया है कि पूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) के तहत एडवांस मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) और लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 के लिए इंजन विकसित किया जायेगा। फ्रांसीसी कंपनी अपनी ऑफसेट प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में भारत में विमान इंजनों के लिए रखरखाव मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एमआरओ सुविधा 100 प्रतिशत भारतीय सहयोग से स्थापित की जायेगी, जो न केवल भारतीय वाणिज्यिक विमानों के लगभग 330 इंजनों को सेवा प्रदान करेगी, बल्कि दक्षिण एशिया के अन्य देशों के सफ्रान-जीई संयुक्त उद्यम इंजनों को भी सेवा प्रदान करेगी।

## भाजपा के खिलाफ शिमला बैठक से पहले ही विपक्षी खेमे में तनातनी

**नयी दिल्ली।** वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की 15 विपक्षी दलों द्वारा प्रतिबद्धता जताने के कुछ दिनों बाद ही आपसी समस्या सामने आने लगी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा-मार्क्सवादी) ने सोमवार को कानून का निरंकुश शासन चलाने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल सरकार की तीखी आलोचना की। सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने नयी दिल्ली में कहा कि हम उन सभी पार्टियों के खिलाफ हैं, जो लोकतंत्र को दबाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि यह केंद्र में भाजपा है, और पश्चिम बंगाल में टीएमसी है। हम विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ लड़ेंगे। उन्होंने टीएमसी पर सीपीएम कार्यकर्ताओं की हत्या करने और लोकतंत्र को दबाने का आरोप लगाया।

## देश वर्ष 2047 तक होगा सिकल सेल एनिमिया मुक्त : डॉ मांडविया



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि देश को साल 2047 तक सिकल सेल एनिमिया मुक्त बनायेंगे। सोमवार को डॉ मनसुख मांडविया ने बताया कि देश को सिकल सेल एनिमिया से मुक्त बनाने के लिए पहले इसके मरीजों की पहचान बेहद जरुरी है। स्क्रीनिंग से यह लाभ होगा कि इसके मरीजों की पहचान कर इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकेगा। इस मिशन के तहत उन्हें कार्ड दिया जायेगा। आयुष्मान भारत योजना के बारे में बोलते हुए डॉ मांडविया ने कहा कि अबतक इस योजना के तहत 12 करोड़ परिवार लोगों को लाभ पहुंचा है। इस योजना से लोगों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। आयुष्मान योजना के तहत दिया जाने वाला कार्ड हेल्थ एटीम कार्ड के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जो किसी भी एम्पैनल्ड अस्पताल में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का कार्ड से गरीब लोगों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सेमीकंडक्टर का अगला बड़ा गंतव्य होगा हिंदुस्तान : अश्विनी वैष्णव

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं आइटी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के परिणामस्वरूप हिंदुस्तान सेमीकंडक्टर का अगला बड़ा गंतव्य होगा। उन्होंने यहां आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि तीन महीने पहले ही सेमीकंडक्टर कॉरपोरेशन में भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। अब प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे के दौरान सेमीकंडक्टर को लेकर तीन बड़े समझौते हुए हैं।




केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कद वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। उनका अमेरिका और मिस्त्र दौरा ऐतिहासिक रहा है। पिछले 9 सालों में प्रधानमंत्री ने जिस तरीके से इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री का विकास किया और कई ऐसे कदम उठाये, जिससे आज टेक्नोलॉजी में देश का दुनिया में एक खास स्थान बना। उसी का परिणाम है कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री हिंदुस्तान में आयी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विश्वसनीय एवं सुरक्षित दूरसंचार प्रौद्योगिकियों ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत-अमेरिका साझेदारी को व्यापक बनाने के साथ-साथ उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष में संबंधों को गहरा करने में एक बड़ी छलांग लगायी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज दुनिया के सभी देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जता रहे हैं। मोदी को मिस्त्र का सबसे बड़ा सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित किया जाता है, तो ये सभी भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। मोदी द्वारा अपनायी गयी स्वतंत्र विदेश नीति 'राष्ट्र-प्रथम' की भावना वाली रही है। आज विश्व में भारत की जितनी प्रशंसा और सराहना हो रही है, उतनी इससे पहले कभी नहीं हुई।

## भारत पर बयान को लेकर अमेरिकी दिग्गज ने ओबामा को लगायी फटकार

**वाशिंगटन (हि.स.)।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के भारत पर दिये गये बयान को लेकर अमेरिकी दिग्गज जॉनी मूर ने उन्हें फटकार लगायी है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आजादी पर बने अमेरिकी आयोग के पूर्व मुखिया जॉनी मूर ने कहा है कि बेहतर होगा कि ओबामा अपनी ऊर्जा किन्हीं और कामों में खर्च करें। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक साक्षात्कार में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर भारत की आलोचना की थी।

इस पर जॉनी मूर ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को भारत की आलोचना करने से ज्यादा भारत की तारीफ करने में अपनी ऊर्जा खर्च करनी चाहिए। भारत मानव इतिहास में सबसे विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा कि भारत भी अमेरिका की तरह एक परफेक्ट



देश नहीं है, लेकिन इसकी विविधता ही इसकी ताकत है। यहां तक कि उस आलोचना में भी ओबामा ने न सिर्फ भारत की मदद की, बल्कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना भी की। मैं निश्चित रूप से समझता हूं कि क्यों ओबामा ने उनके साथ कुछ समय बिताया था।

## हिमाचल में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, 83 सड़कें बंद, तीन की मौत

**शिमला (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की वर्षा का व्यापक असर दिख रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई भागों में भारी बारिश हुई है, जिससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। हमीरपुर जिले में सुजानपुर उपमंडल के खेरी गांव में बादल फटने की घटना में कुछ घरों में बाढ़ का पानी घुस गया। भारी वर्षा से राज्य के कई क्षेत्रों में भूस्खलन होने से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और एक घायल हुआ है। इसके अलावा एक व्यक्ति अभी भी लापता है। भारी वर्षा और बाढ़ से कई पशुओं व गाड़ियों के बहने और अन्य सम्पति को भी नुकसान हुआ है।

राज्य बारिश के बीच भूस्खलन से चंडीगढ़-मनाली व शिलाई-पांवटा साहिब नेशनल हाइवे सहित 83 सड़क मार्ग अभी भी अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किये जा रहे हैं। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे मंडी जिला में दो जगह अवरुद्ध है। हालांकि, कुल्लू से आने वाली छोटी गाड़ियों को वाया गोहर-चौलचौक होते हुए भेजा जा रहा है, लेकिन बड़ी गाड़ियां और मालवाहक वाहन अभी भी जाम में ही फंसे हुए हैं। पलम की खेप



लेकर जा रहे जीप चालकों ने बताया कि वे शनिवार से जाम में फंसे हैं। अगर समय पर मंडी में नहीं पहुंचे, तो फिर फसल खराब हो जाएगी और उन्हें भाड़ा भी नहीं मिलेगा। मंडी के एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि सात और चार मील के पास नेशनल हाईवे को बहाल करने का कार्य चल रहा है। इस बीच पराशर घूमने आये चंबा के एक सौ विद्यार्थी बागी में सड़क टूटने के कारण शनिवार रात से ही फंसे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षित स्थान पर ठहराया गया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक मंडी जिले में सबसे ज्यादा 35 सड़कें बंद हैं। इसी तरह सिरमौर जिला में 23, चंबा में 10, सोलन में सात, कुल्लू में पांच, बिलासपुर, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति और शिमला में एक-एक सड़कमार्ग बाधित हैं। भारी वर्षा से 140 ट्रांसफार्मरों के बंद होने से कई जगह बिजली गुल है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार धर्मशाला में सर्वाधिक 106 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी भारी वर्षा हई है। वर्षा के बाद नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है, जिसके चलते प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी-नालों के किनारे न जाने की अपील की है।

## कपड़ा निर्यात बढ़ाने को व्यापार समझौतों पर नजर : गोयल

**नयी दिल्ली।** कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए नए अवसर पैदा करने और निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते एवं व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते करने की कोशिश में लगी हुई है।

## मोदी दुनिया के सबसे महान पीएम : फ्रेडी स्वान

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वह भारत ही नहीं, दुनिया के सबसे महान प्रधानमंत्री मंत्री हैं। प्रधानमंत्री मोदी का विजन देश को समृद्धि की ओर ले जाना है। यह बात फ्रेडी ने दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब सभागार में 'प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत' की



तरफ से आयोजित नौ साल बेमिसाल, मोदी सरकार कार्यक्रम में कही ।

फ्रेडी ने कहा कि वह आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में इस मंच से बोलने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि आप प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना कर सकते हैं, परन्तु आपको देखना चाहिए कि वह किस हद तक राष्ट्र को समर्पित हैं। मोदी ने इस विविधता भरे देश को एक सूत्र में बांध कर रख दिया।

## कश्मीर घाटी के चार जिलों में एनआइए का छापा

**श्रीनगर (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) सोमवार सुबह से कश्मीर घाटी के चार जिलों में छापेमारी कर रही थी। एनआइए की टीम ने बताया कि आज की कार्रवाई के तहत चार जिलों कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां और पुलवामा में बारह स्थानों पर छापेमारी की गयी। यह स्थान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की नवगठित शाखाओं और सहयोगियों से जुड़े हाइब्रिड आतंकियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स के आवासीय परिसर थे। छापेमारी में इन संगठनों से सहानुभूति रखने वालों और कैडरों के परिसरों की भी बड़े पैमाने पर तलाशी ली गयी।

एनआइए ने इन तलाशियों में बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डाटा वाले कई डिजिटल उपकरण बरामद किये हैं। आतंकी साजिश के विवरण को उजागर करने के लिए एजेंसी द्वारा इनकी गहन जांच की जायेगी। एनआइए द्वारा जांच किये जा रहे आतंकी संगठनों में द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू-कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू-कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ) शामिल हैं।




## पाकिस्तान में एक ले. जनरल समेत तीन सैन्यकर्मी बर्खास्त

### इमरान की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा मामले में बड़ी कार्रवाई

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में विगत नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा का मामला शांत नहीं हो रहा है। पाकिस्तानी सेना ने इस मामले में सौ से अधिक लोगों पर मुकदमा चलाने की बात कही है। साथ ही, जानकारी दी गयी है कि एक लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अफसर समेत तीन अफसरों व कई सैन्य कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इनके खिलाफ अब कोर्ट मार्शल की कार्रवाई होगी।

पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स (आइएसपीआर) के महानिदेशक ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान की फौज ने एक लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अफसर समेत तीन अफसरों व कई सैन्य कर्मियों को बर्खास्त कर दिया है। इन सभी का कोर्ट मार्शल भी किया जायेगा। बर्खास्त किये गये सभी अफसरों पर दो तरह के आरोप हैं। पहला आरोप है कि 9 मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद फौज के ठिकानों पर खान समर्थकों ने जो हमले किये, उन्हें इन अफसरों ने नहीं रोका। दूसरे आरोप के तहत इन पर शक जाहिर किया गया है कि ये अफसर हिंसा की साजिश रचने वालों में भी शामिल हैं।

## 'द केरल स्टोरी' के बाद शाह और सेन लेकर आ रहे हैं फिल्म 'बस्तर'

**विपुल अमृतलाल** शाह एक दूरदर्शी फिल्ममेकर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने कई हिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। उनका इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री सेक्टर में प्रमुख योगदान भी है। इस साल उन्होंने व्यापक रूप से प्रशंसित और रियल लाइफ स्टोरी बेस्ड अपनी फिल्म 'द केरल स्टोरी' के साथ इतिहास रच दिया। इस फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया हैं और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार सफलता के साथ 256 करोड़ की कमाई की। 'द केरल स्टोरी' की ये मशहूर डायरेक्टर-प्रोड्यूसर जोड़ी अब एक बार फिर से साथ आ रही है और फिल्म का टाइटल 'बस्तर' है। निमार्ताओं ने एक अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ अपने दूसरे सहयोग की घोषणा की, जिसमें हम देख सकते हैं कि शांतिपूर्ण माहौल के बीच, फिल्म का टाइटल लाल रंग से रंगा हुआ दिखाई दे रहा है। फिल्म का ये अनाउंसमेंट पोस्टर आशाजनक लग रहा है और जिसने लोगों के अंदर एक उत्सुकता भी पैदा की है, जिसके बारे में लोग और अधिक जानने चाहते है। हालांकि, फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ




जानकारी सामने नहीं आयी है। कहा जा रहा है कि विपुल अमृतलाल शाह की आगामी फिल्म एक और चौंकाने वाली और आंखें खोलने वाली फिल्म है, जो एक और सच्ची घटना से प्रेरित होगी। फिल्म का टाइटल अनाउंसमेंट पोस्टर भी इस बात की गवाही देता है, जिस पर लिखा है, एक और सच्चाई, जो देश को चौंका देगी। जैसा कि हम टाइटल अनाउंसमेंट पोस्टर में पढ़ सकते हैं जिसमें लिखा है, छिपा हुआ सच, जो देश में तूफान लेकर आयेगा। विपुल अमृतलाल शाह 'आंखें', 'हॉलिडे', 'फोर्स', 'कमांडो, 'वक्त', 'नमस्ते लंदन', 'सिंह इज किंग', 'द केरल स्टोरी', 'सनक' जैसी ब्लॉकबस्टर वेब शो ह्यूमन जैसी फिल्मों के साथ अपनी फिल्मोग्राफी के लिए लोकप्रिय हैं। यही नहीं, विपुल अमृतलाल शाह दूरदर्शी हैं और जो उनकी फिल्मोग्राफी से भी साफ झलकता है। 'बस्तर' का विकास और निर्माण लास्ट मांक मीडिया के सहयोग से सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड ने किया जा रहा है। जबकि, यह फिल्म 5 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी। लोग इस फिल्म की स्टारकास्ट के बारे में जानने के लिए उत्साहित हैं।



स्पीड न्यूज

## आलोक ट्रेडर्स का किया गया शुभारंभ

**कोडरमा।** बाजार जयनगर रोड स्थित बरसोतियाबर नदी के समीप सोमवार को आलोक ट्रेडर्स प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। वहीं प्रतिष्ठान के संचालक अनुज सिंह ने बताया की हमारे यहां उचित मूल्य पर सीमेंट और छड़ उपलब्ध है। मौके पर विजय यादव, राजकुमार यादव, विजय सिंह, राजू सिंह, अनुज सिंह, मनोज सिंह, महेंद्र नायक, अशोक सिंह, बंटी कुमार, पंकज सिंह, सिद्धार्थ सौरभ, बादल सिंह, राजेश सिंह, अभिमन्यु सिंह, बंसी यादव व अन्य मौजूद थे।

## 52 लाख के लागत से शेड व नाली निर्माण का किया गया शिल्यान्यास

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के साप्ताहिक हॉट मैदान में जिला परिषद मद से निविदा निस्तारण के उपरांत लगभग 52 लाख के लागत से शेड व नाली निर्माण को लेकर सोमवार को जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप सदस्य नीतू कुमारी, बीडीओ बैद्यनाथ उरांव व बासोडीह मुखिया अनीता देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर शिल्यान्यास किया। इसके साथ ही पांच शेड निर्माण, चबूतरा निर्माण, वायर घेराबंदी तथा मुख्य मार्ग से राउतडीह तक नाली निर्माण का भी शिल्यान्यास किया गया। मौके पर सूरज यादव उर्फ विनोद यादव, धनंजय यादव, बिनोद यादव, रामबचन यादव, रंजन यादव, डॉ. सरयू यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## महामंडलेश्वर ने किया वाटर मशीन का उद्घाटन

**कोडरमा।** जिले के सुप्रसिद्ध ध्वजाधारी आश्रम परिसर में सोमवार को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस बाबत लोचनपुर निवासी गंगा इंडस्ट्रीज के मालिक गंगाधर रजक द्वारा वाटर मशीन लगाई गयी है। वाटर मशीन (प्यायु) का उद्घाटन ध्वजाधारी आश्रम के महंत महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज ने नारियल फोड़कर एवं पूजा अर्चना कर किया। महामंडलेश्वर ने बताया कि आश्रम में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को शुद्ध पानी नहीं मिल पाता था। अब लोग शुद्ध एवं शीतल पेयजल पी सकेंगे। मौके पर जिप सदस्य महेंद्र यादव, मनोज कुमार झुन्नू, महेंद्र यादव, मुखिया अनिता देवी, विकास कुमार, मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इस्तेहार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** एक मत होकर हरवे हथियार से लैश होकर मारपीट कर जख्मी कर देने तथा घर में घुस कर महिला को बेइज्जत करने के नियत से खींचने और जेवर लेने के मामले को लेकर अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर है। फरार रहने के कारण मरकच्चो थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 28/2019 के प्राथमिकी अभियुक्त राजेश यादव पिता लोचन यादव ग्राम चोपनाडीह थाना मरकच्चो निवासी के घर पहुंच कर कोर्ट द्वारा निर्गत इस्तेहार ढोल बजाकर चिपकाया है।

## स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्कूली बच्चों की जांच

**जयनगर (कोडरमा)।** डीवीसी सीएसआर द्वारा नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कंगना पानी में स्कूली बच्चों के लिए सोमवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बच्चों का उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाएं तथा ब्रश व पे ष्ठ दिया गया। वहीं शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी संजय कुमार यादव ने की। मौके पर हरिश्चंद्र सिंह, डॉ.एएन मिश्रा, डॉ.विकास कुमार, डॉ.रवि, संजय साव, संतोष वर्णवाल आदि मौजूद थे।

## लूट के दौरान बदमाशों ने मारी गोली, मौत

**मोतिहारी।** जिले के चकिया में बाइक सवार बदमाशों ने सोमवार दिनदहाड़े कलेक्शन एजेंट के रुपये से भरा बैग छीनने के क्रम उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान बदमाश बैग छोड़कर मुजफ्फरपुर की ओर फरार हो गए।

लंबे इंतजार के बाद यात्रीगण अब जल्द ही वंदे भारत ट्रेन से सफर कर पायेंगे

# पटना में भी बुकिंग शुरू, 28 से नियमित चलने लगेगी पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** लंबे इंतजार के बाद यात्रीगण अब जल्द ही वंदे भारत ट्रेन से सफर कर पाएंगे। 28 तारीख से यह ट्रेन चलेगी और पटना से रांची की टिकट की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। यह ट्रेन 6 घंटे से भी कम समय में तकरीबन 5 घंटे 55 मिनट में रांची से पटना पहुंच जाएगी। वहीं, पटना से रांची पहुंचने में इस ट्रेन को पूरे 6 घंटे लगेंगे। इसका किराया भी तय कर दिया है। बता दें कि वंदे भारत ट्रेन 27 जून को उद्घाटन के बाद रांची स्टेशन से 10.30 बजे सुबह पटना के लिए प्रस्थान करेगी। प्रधानमंत्री मोदी हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को रवाना करेंगे। जबकि आम जनता 28 जून से इस ट्रेन से यात्रा कर सकेगी। पटना-रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन का किराया जानने को लेकर भी लोगों में उत्सुकता बनी हुई थी। अब




टिकट काउंटर और वेबसाइट दोनों जगहों से इसकी टिकट ली जा सकती है।

पटना से रांची के बीच एग्जीक्यूटिव क्लास में सफर करने का किराया 1930 रुपये और चेयर कार का 1025 रुपये रखा गया है। वहीं, पटना से गया के बीच चेयर कार का किराया 650 रुपये और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1070 रुपये होगा। जबकि पटना से गया की दूसरी सिर्फ 95 किलोमीटर है। वहीं, जनशताब्दी का किराया 650 रुपये है। दोनों ट्रेनों के रात में पटना पहुंचने का अंतर सिर्फ 15 मिनट का है। वंदे भारत जहां रात 10.05 बजे पटना पहुंचेगी। जन शताब्दी रात 10.20 बजे पहुंचेगी। हालांकि जनशताब्दी एक्सप्रेस 2.5 घंटे पहले रांची स्टेशन से खुलेगी। किराए के मामले में जनशताब्दी ट्रेन वंदे भारत ट्रेन से करीब 50 प्रतिशत किफायती साबित होगी। वहीं, रांची से पटना के लिए एसी बस का किराया भी 600 रुपये है। स्लीपर बस में भी 700 से 800 रुपये तक की टिकट मिल जाती है। इस लिहाज से बस की तुलना में भी वंदे भारत में सफर काफी महंगा होगा। वहीं, बिहार दैनिक यात्री संघ के महासचिव शोएब कुरैशी की मानें तो पटना से रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस के किराए की तुलना में वंदे भारत का किराया अधिक है। बहरहाल, काउंटर और ऑनलाइन दोनों तरह की टिकट बुकिंग में आपको काउंटर से टिकट लेना कुछ सस्ता पड़ेगा। आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से टिकट लेने पर आपको सर्विस टैक्स व अन्य शुल्क भी चुकाने होंगे। रांची से पटना वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन के समय और हर दिन संचालन की समय की घोषणा पहले ही कर दी गई है। 27 जून की सुबह 10.30 बजे रांची से हरी झंडी दिखाई जाएगी। शाम 4.25 बजे वंदे भारत ट्रेन पटना जंक्शन पहुंचेगी। अगले दिन से यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह सात बजे पटना से रांची के लिए प्रस्थान करेगी। पटना से 28 जून को (22349) पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन सुबह 7 बजे खुलकर 8.25 बजे गया पहुंचेगी। इसके बाद 09.35 बजे कोडरमा, 10.33 बजे हजारीबाग, 11.35 बजे बरकाकाना और 12.20 बजे मेसरा होते हुए 13.00 बजे रांची जंक्शन पहुंचेगी। वहीं, वापसी में (22350) रांची-पटना वंदे भारत रांची से दोपहर 16.15 बजे खुलेगी। ट्रेन 16.35 बजे मेसरा, 17.30 बजे बरकाकाना, 18.30 बजे हजारीबाग, 19.30 बजे कोडरमा और 20.45 बजे गया होते हुए रात 22.05 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी।

## प्रशांत किशोर जन सुराज पदयात्रा के दौरान पूरे बिहार का दौरा

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर जन सुराज पदयात्रा के दौरान पूरे बिहार का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों पर जमकर हमला बोल रहे हैं। वहीं, बिहार के नेताओं से आगाह करते हुए सोमवार को प्रशांत किशोर ने कहा कि पिछले 32 सालों से लालू यादव का डर दिखाकर बीजेपी वोट लेती रही और बीजेपी का डर दिखाकर लालू वोट लेते रहे हैं, अगर यह जन सुराज अभियान अपने इस स्तर पर रहा तो यह जाति-धर्म की स्थिति खत्म हो जाएगी. आज जो भी इस तरीके के काम कर रहे हैं उनकी दुकानदारी बंद हो जाएगी, जब दुकानदारी बंद हो जाएगी तो स्वभाविक है कि लोग घबराएंगे और जब लोग घबराएंगे तो तीखी टिप्पणी करेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार की उम्र हो गई है और राजनीतिक तौर पर आज वो अलग पड़ गए हैं।

# 40 सीटों पर भाजपा जीत के लिए कर रही है खास तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सहरसा।** जिले में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को पहुंचे थे। महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अब पूरी तरह खोखले हो चुके हैं। अब उनके पास कुछ नहीं बचा है। लालू यादव के पास कुछ वोट है उसी के बल पर वो दिख रहे हैं। कोई महागठबंधन बिहार में दिखने वाला नहीं है। 2024 में सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी चालीस की चालीस सीट बिहार में जीतने वाली है। पुल धंसने को लेकर सम्राट चौधरी ने कहा कि उसकी पूरी जांच के लिए टीम बैठाई गई है, लेकिन ये स्पष्ट है बिहार का मॉडल जो है नीतीश कुमार का वो



दिख रहा है। आप अगवानी घाट के पुल पर चले जाइए। अगवानी घाट का पुल हवा के झोरोखे से गिर रहा है। कोई दूसरा मॉडल अभी नहीं चल रहा है। बिहार में सिर्फ नीतीश कुमार के मॉडल को आप पहचानिए. बिहार को पूरी तरह बर्बाद करने का काम एक ही नेता ने किया है वो नीतीश कुमार हैं। बता दें कि सम्राट चौधरी ने सहरसा के अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान स्थानीय बीजेपी के नेता और कार्यकताओं ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को तराजू पर बिठाकर आम और लड्डू से तौला। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री बेजेपी विधायक नीरज कुमार बबलू, पूर्व मंत्री बीजेपी विधायक जीवेश मिश्रा सहित बीजेपी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार में पुल के पिलर धंसने की एनएचएआई ने किया खुलासा

**पटना।** बिहार के नेशनल हाईवे में पुल के पिलर धंसने का मामला पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। हालांकि राहत की बात यह रही है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह पुल अभी निमार्णाधीन है। नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया ने इस पिलर के धंसने की वजह बताई है। बिहार के एनएच 327 ई के गलगलिया-बहादुरगंज खंड पर निमार्णाधीन पुल का 23 जून को पिलर-3 धंस गया था। यह खूब चर्चा में रहा। यह पुल अभी परिचालन में नहीं है। इसका सुपरस्ट्रक्चर मई 2023 में बनाया गया था। एनएचएआई के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हाल ही में मेची नदी में नेपाल से पानी का प्रवाह अचानक बढ़ गया, जिस पर इस पुल का निर्माण किया गया है। निर्माण के दौरान मेची नदी को पी-2, पी-3 और पी-4 के बहाव को चैनलाइज किया गया था, जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो गया और रेतीली नदी के तल में पानी का रिसाव अधिक हुआ।

## सीएम नीतीश से कांग्रेस ने की नई मांग

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सीएम नीतीश कुमार से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के पूछे सवाल की इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। एक बार फिर मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बयानबाजी शुरू हो गई है। वहीं, इस मुद्दे पर कांग्रेस के एमएलसी समीर सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपनी मांगों से अवगत करा दिया है। हमलोगों का हिस्सा तो तीन का बनता है, लेकिन दो सीट की बातचीत चल रही है। राजधानी पटना में आयोजित विपक्षी बैठक की चर्चा इन दिनों देश में खूब हो रही है।

# शहीद स्थली भोगनाडीह के लिए रवाना हुआ हूल जत्था

### पांच दिन के पैदल यात्रा कर शहीदों को देगा श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** 168 वें हूल दिवस के अवसर पर सोमवार को पोखरा चौक से साहिबगंज के भोगनाडीह के लिए पद यात्रा शुरू हुई। पदयात्रा में शामिल महिला व पुरुष पैदल ही 30 जून को भोगनाडीह पहुंचकर वीर शदीद को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गोटा भारोत सिदो कान्हु हूल बैसी, जोहर मानव संसाधन विकास केंद्र, अनुसूचित जाति जनजाति सुरक्षा समिति, प्रेम संस्था काठीकुंड, होली फेथ चंदरपुरा व न्यू केयर्स की ओर से पदयात्रा का आयोजन किया गया। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, जिप अध्यक्ष जायस बेसरा और पूर्व मंत्री डाक्टर लुईस मरांडी ने सबसे पहले सिदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। होली फेथ कौरेया व श्री अमड़ा के लिटिल एंजेल्स स्कूल छात्राओं ने आदिवासी संगीत से सभी पदयात्री का उत्साह बढ़ाया। ऐसा समा बांध कि लोग ताल से ताल मिलाने पर मजबूर हो गए। पांच दिन की यात्रा के बाद जत्था में शामिल सभी लोग 1855 के ऐतिहासिक संथाल हूल के महानायक सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चांद मुर्मू, भैरो मुर्मू, फूलो मुर्मू, झानो मुर्मू एवं हजारों अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह यात्रा हमें इस बात का याद दिलाती है कि किस तरह से हमारे नायकों को अंग्रेजों से आजादी दिलाकर गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाई। ऐसे वीरों का सम्मान हर साल इसी तरह से होता रहेगा। हूल वैसी के डाक्टर एमएम सोरेन ने बताया कि पदयात्रा जिस पड़ाव से होकर गुजरेगी, वहां पर समाज के विकास में शिक्षा का महत्व पर परिचर्चा होगी। रास्तों में सदस्यों का आदिवासी परंपरा से स्वागत किया जाएगा। मौके पर जिप अध्यक्ष जायस, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, डीएसपी विजय कुमार, अमिता रक्षित, डा. सुशील मरांडी, एसपी कालेज की प्राचार्या रीना नीलिमा लकड़ा, अंजुला मुर्मू, शर्मिला सोरेन, प्रो. लखाई बास्की, आनंद बेसरा, शीला बेसरा,जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कश्यप, जोहर के निदेशक जान फेलिक्स, जिला खेलकूद संघ के अध्यक्ष उमाशंकर चौबे, आइएमए के अध्यक्ष डा. डीएन पांडे, माइकल मरांडी, इग्नातिया मुर्मू, ईजे सोरेन, पीके हेम्ब्रम , इमानुएल सोरेन, नाईकी सोरेन, संजय सेबेस्टियन मरांडी, भुरकुंडा पंचायत की मुखिया सुशांति हांसदा, वीना रानी मरांडी, सुहागिनी मुर्मू, मखोदी सोरेन, सोनातन टुडू व सुलेमान मरांडी मौजूद थे।

### हूल नायक सिदो कान्हू को श्रद्धांजलि देने निकली हूल जत्था पदयात्रियों का स्वागत की एसकेएमयू प्रशासन

# हूल पदयात्रियों के स्वागत से हूल पर एसकेएमयू में तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आगाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संताल हूल के नायक वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने लिए शहीद स्थली भोगनाडीह जा रहे पदयात्रियों के जत्था का स्वागत सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह ने किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को 11 बजे विश्वविद्यालय के आमंत्रण पर सैकड़ों पदयात्री विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे। जत्था सदस्यों का स्वागत संताल परम्परागत तरीके लोटा-पानी से किया गया। उसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव सहित सभी पदयात्रियों ने विश्वविद्यालय मुख्यालय दिग्घी परिसर में स्थित वीर शहीद सिदो-कान्हू के मूर्ति पर माल्यार्पण कर अगरबती दिखा नमन किया। उसके बाद पदयात्रियों को सम्मानपूर्वक बैठा टोपी और अंगवस्त्र देकर



सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वागत संबोधन करते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार सिंह ने पदयात्रियों का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत किया। पदयात्रियों के कुछ प्रमुख सदस्यों ने मंच को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष इस बात का प्रस्ताव रखा कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित वीर सिदो कान्हू मुर्मू की प्रतिमा का कॉपीराइट होना चाहिए। पदयात्रियों के अनुसार प्रांगण में स्थित प्रतिमा जैसे ही वास्तव में वीर सिदो कान्हू मुर्मू जी दिखते थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन करते हुए हूल के वीर शहीदों को स्मरण करते हुए उनके योगदानों एवं आज के संदर्भ में हूल की प्रासंगिकता पर चर्चा किये। उन्होंने कहा कि पदयात्रियों को स्वागत करने का अवसर विश्वविद्यालय को प्राप्त होना विश्वविद्यालय परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह आश्वासन दिया की निश्चित तौर पर विश्वविद्यालय प्रांगन में स्थित सिदो कान्हू मुर्मू प्रतिमा का कॉपीराइट कराने का प्रयास किया जायेगा। अंत में उन्होंने सभी पदयात्रियों को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपना वक्तव्य समाप्त किया। कार्यक्रम में मंच संचालन स्नातकोतर संताली विभाग के सहायक प्राध्यापक निर्मल मुर्मू एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ संजय सिन्हा ने किया। पदयात्रा के साथ ही विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय हूल दिवस कार्यक्रम का आगाज हो गया। 29 जून को विभिन्न सम्बद्ध एवं अंगभूत कॉलेज से चयनित छात्र-छात्राओं के बीच विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित होगी। साथ ही 29 जून को विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। 30 जून को हूल दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन-2 के कांफ्रेंस हॉल में मुख्य कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ शमीर्ला सोरेन, डॉ सुशील टुडू, डॉ स्नेहलता मुर्मू, डॉ बिनोद मुर्मू एवं इगनोसिस मरांडी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। कार्यक्रम में गामेलियन हांसदा, एमनुअल सोरेन, सुशील मरांडी, डॉ बिनय कुमार सिन्हा, डॉ राजीव कुमार, डॉ बिजय कुमार, डॉ एस एन अधिकारी, डॉ विनोद झा, डॉ जयनेंद्र यादव, डॉ, टी पी सिंह, डॉ एस एल बोंडिया, डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ निलेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, डॉ इन्द्रनील मंडल, काशीनाथ झा, विश्विद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं गोटा भारोत हूल के सैकड़ो पदयात्री उपस्थित रहे।

एक नजर में

## साजिश के तहत प्राइवेट चालक की सालों पुरानी फोटो को किया गया वायरल

**दुमका।** जिले हंसडीहा थाना के प्राइवेट चालक की फोटो को वायरल सिर्फ उन्हें बदनाम करने के लिए किया गया था। जानकारी के अनुसार फोटो जब ली गई थी, उस समय सकिल थाना में चालक के रूप में कार्यरत नहीं था। ज्ञात हो की पिछले दिनों हँसडीहा थाना के प्राइवेट चालक सकिल का फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसमें वो शराब की ग्लास के साथ दिखाई दें रहा है। बताया जाता है की कुछ माह से सकिल कई लोगों को काफी खटक रहा था और इसी के लिए एक साजिश के तहत उसे बदनाम करने की वजह से वर्षो पुराने फोटो को वायरल किया गया। अभी हाल के दिनों में वृहत मात्रा में कंटेनर से अवैध शराब व लाखों के नशीले दवाओं की बरामदगी में सकिल ने पुलिस का सहयोग किया था, जिसकी वजह से वह कइयों की नजर में आ गया था, हो सकता इन्हीं सब वजहों से उसके खिलाफ साजिश की गई हो।

## एम्स की टीम ने किया हंसडीहा मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का निरीक्षण

**हंसडीहा।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों की एक टीम ने सोमवार को हंसडीहा स्थित मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया। बताया गया कि एम्स द्वारा हंसडीहा के इस अस्पताल को संचालित किए जाने को लेकर यह फाइनल निरीक्षण था। इस अस्पताल में फिलहाल जो संसाधन मौजूद हैं और जो कमियां है इसकी रिपोर्ट एम्स प्रबन्धन राज्य सरकार को सौंपेगी। टीम ने अपने निरीक्षण में इमरजेंसी कक्ष, पुरुष व महिला वार्ड, ओपीडी सेंटर, पंजीकरण केंद्र, रोगी सहायता केंद्र, लेबर रूम, जच्चा-बच्चा केंद्र, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी सेंटर, एक्सरे रूम, मर्चरी वार्ड व दवा भंडारण कक्ष के साथ ही साफ-सफाई, पेयजल व केंटीन की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। यहां बता दें कि हंसडीहा में नवनिर्मित सुपर मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल को एम्स देवघर द्वारा संचालित किए जाने को लेकर झारखंड सरकार ने पहल की है। लेकिन चिकित्सक व अन्य चिकित्सक कर्मी के लिए क्वाटर का निर्माण नहीं होने के वजह से निर्णय लिया गया है कि क्वाटर निर्माण होने तक स्पेशल बस से एम्स के चिकित्सकों को हंसडीहा आने-जाने की व्यवस्था की जाएगी।

## एसकेएमयू का बीबीए-बीसीए का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के बीबीए व बीसीए का परीक्षा परिणाम प्रकाशित हुई। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि बीबीए व बीसीए के सेमेस्टर 2 एवं सेमेस्टर 4 का परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम जारी हो गया है। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत हुए। बीबीए सेमेस्टर 2 में 99.27 एवं सेमेस्टर 4 में 98.98 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान

**दुमका।** जिले भर के विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित पारा लीगल वोलंटियरों ने अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर हुआ। इस बावत प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि पीएलवी ने इस दिन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि दुनिया भर में मादक द्रव्यों के सेवन, नशीली दवाओं के ओवरडोज से होने वाली मौतों और नशीली दवाओं से संबंधित समस्याओं से शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाया। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी से संबंधित स्वास्थ्य चुनौतियों को उजागर करना और रोकथाम शिक्षा, उपचार और पुनर्वास जैसे उपायों से निपटने के लिए प्रोत्साहित करना ही इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है।

## श्रावणी मेला समेत अपराधिक घटनाओं पर रोक को लेकर बैठक

**दुमका।** एसपी अंबर लकड़ा ने जिले के सभी एसडीपीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर एवं सभी थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन बैठक सोमवार को किया। एसपी लकड़ा ने वर्चुअल माध्यम से अपराधिक मामले, सड़क सुरक्षा एवं श्रावणी मेला की समीक्षात्मक बैठक किया। एसपी लकड़ा ने अपराधिक मामलों की समीक्षा कर थाना प्रभारियों को अपराध रोकने के दिशा में विशेष दिशा निर्देश दिया। वाहन चोरी की घटना को रोकने के लिए गस्ती पार्टियों को लगातार गस्ती करने का निर्देश दिया। ड्रिंक एंड ड्राइव मामले को सख्ती से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। वाहन इस्तेमाल के समय वाहन सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं के सुगमता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया। श्रावणी मेला हेतु आए पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों के बेहतर आवासन के लिए निर्देश दिया।

## मानसून की दस्तक के बीच जिले में राजनीतिक पारा गर्म

**चक्रधरपुर।** हीट वेव और गर्मी की तपिश भले ही मानसून की दस्तक के साथ कम हो गई हो, लेकिन जिले में राजनीतिक पारा चढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय पार्टियां तक जिले में अपनी राजनीतिक गतिविधि बढ़ा दी है। सोमवार को जहां झामुमो ने कोड़ा दंपति के गढ़ जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के नोवामुंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर हुंकार भरी वहीं सिंहभूम से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के सोनुवा प्रखंड का तूफानी दौरा कर दर्जनों गांव के ग्रामीणों से सीधा संवाद किया एवं उनकी समस्याएं जानी। कोड़ा दंपति के गढ़ में झामुमो के हुंकार का असर सीधे तौर पर सिंहभूम के संसदीय चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। खास बात यह है कि सिंहभूम सीट को लेकर गठबंधन के सहयोगी झामुमो और कांग्रेस आमने-सामने है। सिंहभूम सीट को लेकर झामुमो की तरफ से की गई दावेदारी को कांग्रेस और कोड़ा दंपति ने गंभीरता से लेते हुए पूरे जिले में अपनी गतिविधि बढ़ा दी है वहीं झामुमो ने जगन्नाथपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर कोड़ा दंपति को सीधे तौर पर राजनीति चुनौती दी है। झामुमो और कांग्रेस के बीच सिंहभूम सीट को लेकर शुरू ही खींचतान का अंजाम कहां तक पहुंचता है यह देखना दिलचस्प होगा।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**भवनाथपुर।** थाना परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री बंशीधर एसडीपीओ प्रमोद केशरी ने की। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में हर साल की भांति इस वर्ष भी बकरीद का त्यौहार शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि पर्व चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाई चारे के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में मनाना चाहिए। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हिंसा एवं अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। भवनाथपुर पुलिस लगातार पेट्रोलिंग क्षेत्र मे करती रहेगी। मौके पर वरुण विहारी यादव, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, एसआई शहदेव साह, कुंदन यादव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, प्रमुख शोभा देवी, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, दयानंद सोनी, रहीम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।